जबलपुर
गुरुवार, 4 अप्रैल 2024
- चैत्र मास कृष्ण पक्ष-10
- वर्ष : 18 अंक : 329
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 34
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**'नर्मदांचल सुमंगल संवाद' में शामिल हुए संघ प्रमुख**



भोपाल। मध्य भारत प्रांत के बनखेड़ी में आयोजित 'नर्मदांचल सुमंगल संवाद' में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने विकास की भारतीय अवधारणा को समझाते हुए कहा कि मनुष्यता का विकास ही मनुष्य का विकास है।

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# भाजपा हमारे करीब 800 कार्यकर्ता ले गई, इनमें से 400 से मेरी बात हुई, वे बोले- जब समय आएगा तो फिर आ जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जीतू पटवारी कांग्रेस के भविष्य के लिए संभावनाशील और युवा व्यक्तित्व हैं। उन्हें कुछ समय पहले ही कमलनाथ के स्थान पर प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोकसभा चुनाव उनके नेतृत्व में कांग्रेस लड़ रही है और इसी दौर में कांग्रेसी भी पार्टी से निकल जाते रहे हैं, ऐसी कठिन परिस्थितियों में वे कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। वे कार्यकर्ताओं और जनता में नई उम्मीद जताने का काम कर रहे हैं। वे 'हरिभूमि' और 'आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

inh न्यूज विशेष

**ये भी बोले पटवारी**

- *कांग्रेस मप्र में 50 प्रतिशत सीटें जीतेगी*
- *लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ना पड़ेगा तो लड़ेंगे*
- *भगवान राम हमारी आस्था हैं और रहेंगे। हम और हमारी पार्टी कहती है कि जो जिस धर्म का है वह उस पद्धति के अनुसार जीए*



## उनसे सीधी बात

**सवाल:** कमलनाथ जैसे अनुभवी को अपदस्थ कर हाईकमान ने आपको प्रदेश कांग्रेस की कमान सौंपी है, कितने तनाव और दबाव में काम कर रहे हैं?

**जवाब:** नई संभावनाओं के साथ मैं पार्टी के लिए काम कर रहा हूं। आज देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कुचला जा रहा है। यह समय संघर्ष का है। ऐसे में हमारा दायित्व है लोकतंत्र की जो खूबसूरती है, उस पर कुठाराघात न हो, इसके लिये हम संघर्ष रहे हैं। आज लोकतंत्र बचाना जरूरी हो गया है। सत्ता भी कार्य करने के लिए जरूरी होती है, पर विपक्ष भी देश के लिए जरूरी है। मैं मानता हूं कि जनता ने हमें विपक्ष की भूमिका हमें दी है, उसे हम बखूबी निभा रहे हैं। जहां तक लोकसभा चुनाव ही बात है तो कांग्रेस मप्र में 50 प्रतिशत सीटें जीतेगी। विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने 2700 क्विंटल गेहूं खरीदी का बोला था, तो इस पर जनता ने भरोसा किया, लेकिन अब नहीं खरीद रहे। अब किसान गुस्से में है, इसलिए, वह भाजपा से दूर हो गया है। उसका असर प्रदेश में दिख रहा है। ऐसी कई संभावनाएं हैं, जिनके दम पर हम अच्छी सीटें लोकसभा में जीतेंगे।

**सवाल:** कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा में क्यों भागे जा रहे हैं, उन्हें आप रोकते हैं या नहीं?

**जवाब:** यह सही है कि कांग्रेस के लोग भाजपा में जा रहे हैं। ऐसे में मेरा दायित्व है कि उनको मनाऊं और रोकूं, लेकिन, भाजपा हमारे लोगों पर विभिन्न एजेंसियों का डर दिखाकर तोड़ रही है। भाजपा तानाशाही कर रही है।







**स्मृति ईरानी ने सपा को घेरा**

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व सीएम यादव की उपस्थिति में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने दाखिल किया नामांकन

# जमाना है 'वंदे भारत' का, कांग्रेस खजुराहो में साइकिल पर चल रही



*वीडी के लिए स्मृति ने लोगों से कहा कि आप ने पिछला चुनाव जिताकर जिस कमल के पुष्प को दिल्ली भेजा था, आज वह स्वर्ण कमल का फूल बनकर आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।*

ईरानी ने पन्ना में रोड शो एवं जनसभा को संबोधित किया

ईरानी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जो दल एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाते थे, वो सीटों का तालमेल कर रहे हैं

डॉ. यादव ने कहा कि बुंदेलखंड के किसानों की, गरीबों की, मजदूरों की जिंदगी में प्रधानमंत्री मोदी सुख का सूरज बनकर आए



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने कहा कि मैं उस क्षेत्र से सांसद हूं, जहां पर पांच दशक तक एक खानदान का ही राज रहा है। उस क्षेत्र में कभी भाजपा का पटका पहनना मौत का सामान घर लाने जैसा था। माथे पर तिलक लगाना, होठों पर राम का नाम होना राजनीतिक अभिशाप माना जाता था।

## प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने किया नामांकन दाखिल

जनसभा के बाद उक्त नेता रोड शो के रूप में जनता का अभिवादन करते हुए नजरबाग ग्राउंड से कोतवाली चौराहा, बलदाऊ मंदिर, अजयगढ चौराहा से पन्ना कलेक्ट्रेट कार्यालय तक रोड शो किया। शर्मा ने पार्टी प्रत्याशी के रूप में पन्ना कलेक्टर कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री श्रीमती ईरानी, प्रदेश शासन के मंत्री पटेल, पूर्व मंत्री व विधायक संजय पाठक भी मौजूद थे।

**कांग्रेसी नहीं चाहती कि बुंदेलखंड के लोगों की जिंदगी में सुख का सूरज आए**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खजुराहो लोकसभा सीट में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शर्मा चुनाव मैदान में हैं। पिछले विधानसभा के चुनाव में आप लोगों ने खजुराहो लोकसभा क्षेत्र की सभी आठों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा को जिताकर विरोधियों के छक्के छुड़ाते हुए प्रदेश में 163 कमल के फूल खिलाए।



***भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने भगवान महाकाल का दर्शन पूजन किया***

*भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को सपरिवार उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकाल का अभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की जनता के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं पार्टी के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अनिल जैन मौजूद रहे।*

**राहुल ने वायनाड से दाखिल किया नामांकन**



# बोले- यहां के लोगों ने मुझे अपने जैसा माना

2009 से जीतती आ रही है कांग्रेस, सीपीआई दूसरे नंबर पर रही है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के लिए केरल की वायनाड सीट से नॉमिनेशन फाइल कर दिया है। इस दौरान उनकी बहन प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। राहुल गांधी ने कहा कि मैं पांच साल पहले वायनाड आया, जब आपने मुझे संसद सदस्य के रूप में चुना था।


आपने तुरंत मुझे अपने परिवार का हिस्सा बना लिया। वायनाड के हर व्यक्ति ने मुझे स्नेह, प्यार और सम्मान दिया है और मुझे अपने जैसा माना। वायनाड सीट का मुकाबला सीपीआई की ओर से एनी राजा को मैदान में उतारे जाने के बाद काफी दिलचस्प माना जा रहा है। भाजपा ने अपनी प्रदेश के प्रमुख नेता के सुरेंद्रन को यहां से मैदान में उतारा है।

**इस बार क्यों दिलचस्प है मुकाबला?**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव-2019 में दो सीटों से चुनाव लड़ा था। एक वायनाड और दूसरी अमेठी थी। वह अमेठी से हार गए थे लेकिन वायनाड लोकसभा से बड़ी जीत मिली थी। राहुल गांधी को कुल 706367 वोट मिले थे वहीं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार पीपी सुनीर कुल 274597 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। राहुल गांधी ने उन्हें 431770 वोटों के बड़े अंतर से हराया था। लेकिन इस बार मामला थोड़ा अलग है। सीपीआई ने इस बार अपनी वरिष्ठ नेता एनी राजा को राहुल गांधी के सामने उतार दिया है। अगर 2014 के लोकसभा चुनाव पर नजर डालें तो इस सीट पर जीत तो कांग्रेस ने हासिल की थी लेकिन सीपीआई को 356165 वोट मिले थे।

**खबर संक्षेप**

### भीषण आग से 7 लोगों की जलकर हो गई मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के संभाजीनगर में दर्दनाक घटना सामने आई है। छावनी इलाके में स्थित एक घर में बुधवार सुबह 4 बजे आग लग गई। जिस समय आग लगी परिवार से सभी सदस्य गहरी नींद में सोए थे। आग लगने से 7 लोगों की जलकर मौत हो गई। मरने वालों में 2 पुरुष, तीन महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। जब तक पड़ोसी कुछ समझ पाते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही समय में पूरा घर जलकर राख हो गया। शवों का पीएम कराया जा रहा है।

### यूपीएससी ने जारी किया एनडीए-एनए 2 का रिजल्ट



**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) और नौसेना अकादमी परीक्षा 2 (एनए 2) का रिजल्ट जारी कर दिया है। अभ्यर्थियों को इसका इंतजार था। जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी वे वेबसाइट upsc.gov.in पर परिणाम देख सकते हैं और भविष्य के लिए इसे डाउनलोड कर रख सकते हैं। यूपीएससी रिजल्ट की एक सूची जारी की है। जिसके अनुसार, अनमोल एनडीए और एनए 2 परीक्षा 2023 के टॉपर हैं।

**एएसआई का सर्वे 13वें दिन भी जारी**

## भोजशाला के भीतर हो सकती है 'खुदाई' शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर धार की ऐतिहासिक भोजशाला में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) विभाग का सर्वे बुधवार को 13वें दिन भी जारी रहा। दिल्ली और भोपाल के अधिकारियों की 25 सदस्यीय सर्वे टीम ने सुबह करीब आठ बजे मजदूरों के साथ भोजशाला परिसर में प्रवेश किया और वैज्ञानिक पद्धति से सर्वे का काम शुरू किया। सर्वे टीम के साथ हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा, आशीष गोयल और मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद खान भी भोजशाला पहुंचे हैं।



**पारे में उछाल से तपिश बढ़ी**

## प्रदेश में 'तीन दिन' बाद और बढ़ेगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बुधवार को राजधानी सहित प्रदेशभर में पारे की चाल में उछाल रहा। कुछ जिलों में दिन का पारा 2 से 4 डिग्री तक बढ़ा, जबकि भोपाल सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में अधिकतम तापमान में एक से डेढ़ डिग्री की बढ़त दर्ज हुई है। शुक्रवार को नया पश्चिमी विक्षोभ आने से इस सप्ताह के अंत में मौसम में फिर बदलाव होने की उम्मीद है। इससे कुछ जिलों में बादल, कहीं बौछारें तो ज्यादातर जिलों में गर्मी बढ़ेगी।



**आप की संपत्ति अटैच करना चाहती है ईडी**


## एएसजी बोले- जांच में 'मनी ट्रेल' मिला है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के कथित शराब घोटाले के मामले में ईडी दो हफ्ते पहले ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं, अब दिल्ली हाई कोर्ट में अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी का पक्ष रख रहे वकील एएसजी एसवी राजू ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि ईडी अब आम आदमी पार्टी की संपत्ति भी अटैच कर सकती है, हमारे पास मामले की मनी ट्रेल के सबूत हैं।



## एक तरफ झुक गईं गगनचुंबी इमारतें



**7.2 तीव्रता के भूकंप से दहल गया ताइवान**

***नई दिल्ली।*** *ताइवान की राजधानी ताइपे बुधवार को भूकंप के जोरदार झटके से दहल गई। भूकंप की तीव्रता 7.2 रही। हुआलियन से भूकंप की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिनमें इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढेर हो गईं। पांच मंजिला एक इमारत तिरछी हो गई है। देशभर में ट्रेन सेवाएं सस्पेंड कर दी गई हैं। इससे बिजली सप्लाई बाधित हो गई है। भूकंप से सात लोगों की मौत की खबर है। जबकि 700 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं।*

**अयोध्या ने मक्का और वेटिकन सिटी को भी पछाड़ा**

## राम मंदिर बनने के बाद 48 दिनों में करीब एक करोड़ भक्तों ने किए रामलला के 'दर्शन'

रामनगरी अयोध्या विश्व के मानचित्र पर स्थापित हो गई

एजेंसी ⏭ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या धार्मिक राजधानी के रूप में उभर कर सामने आ रही है। भगवान रामलला 22 जनवरी को राम मंदिर में विराजमान हुए. इसके बाद से ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु रामनगरी पहुंच रहे हैं। बीते 2 महीने की बात करें तो लगभग एक करोड़ से ज्यादा लोग रामलला का आशीर्वाद ले चुके हैं।



पूरी दुनिया में इतनी बड़ी संख्या में किसी भी धार्मिक स्थल पर श्रद्धालु नहीं पहुंचे हैं। ईसाइयों की सबसे बड़े धार्मिक स्थल वेटिकन सिटी पर साल भर में करीब 90 लाख लोग आते हैं, जबकि मुसलमानों के सबसे बड़े पवित्र स्थान मक्का में पिछले साल एक करोड़ 35 लाख पहुंचे थे। राम मंदिर की बात करें तो प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और ऐसे में मात्र डेढ़ से 2 महीने के भीतर ही लगभग एक करोड़ लोगों ने रामलला का आशीर्वाद लिया है।

***'हेल्थ ड्रिंक' शब्द एफएसएस कानून 2006 या उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत कहीं भी परिभाषित या मानकीकृत नहीं***

हेल्थ ड्रिंक या एनर्जी ड्रिंक को लेकर एफएसएसएआई ने दिया निर्देश, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को जारी की एडवाइजरी


# ई-कॉमर्स फूड बिजनेस ऑपरेटर 'हेल्थ ड्रिंक' 'एनर्जी ड्रिंक' जैसे शब्दों का दुरुपयोग न करें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अलग खबर

गर्मी बढ़ने के साथ ही हेल्थ ड्रिंक और एनर्जी ड्रिंक बाजार में छाए हुए हैं। ऐसे में अलग-अलग कंपनियां तमाम दावों के साथ ऐसे ड्रिंक परोस रही हैं। इसी के मद्देनजर अब एफएसएसएआई ने सभी ई-कॉमर्स फूड बिजनेस ऑपरेटर (एफबीओ) को अपनी वेबसाइट पर बेचे जा रहे खाद्य उत्पादों का उचित वर्गीकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

## उपभोक्ता को न मिले भ्रामक जानकारी




इस कार्रवाई का उद्देश्य उत्पादों की प्रकृति और कार्यात्मक गुणों के बारे में स्पष्टता और पारदर्शिता बढ़ाना है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उपभोक्ता भ्रामक जानकारी का सामना किए बिना अच्छी तरह से सूचित विकल्प चुन सकें।

**हेल्थ ड्रिंक नाम से कोई केटेगरी नहीं**

*एनर्जी ड्रिंक को केवल खाद्य श्रेणी प्रणाली (एफसीएस) 14.1.4.1 और 14.1.4.2 (कार्बोनेटेड और गैर-कार्बोनेटेड पानी आधारित स्वादयुक्त पेय) के तहत लाइसेंस प्राप्त उत्पादों पर उपयोग करने की अनुमति है, जो खाद्य उत्पाद मानक और खाद्य योजक विनियम 2011 (कैफीनयुक्त पेय) के उप-विनियम 2.10.6 (2) के तहत मानकीकृत है। एफएसएसएआई ने स्पष्ट किया है कि 'हेल्थ ड्रिंक' शब्द एफएसएल कानून 2006 या उसके तहत बनाए गए नियमों के तहत कहीं भी परिभाषित या मानकीकृत नहीं है।*

# नमो एप के जरिए भाजपा कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए पीएम मोदी बोले-आप जो जानते हैं, वह बड़े-बड़े विशेषज्ञ भी नहीं जान पाते

## उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आंकड़ों को गलत साबित किया

लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, आपकी मेहनत से नए-नए कीर्तिमान बन रहे हैं। आपका उत्साह देखकर मुझे खुशी होती है मुझे पूरा विश्वास है उत्तर प्रदेश के सभी भाजपा कार्यकर्ता सभी बूथों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नमो एप के जरिए उत्तर प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं से पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने देश के राजनीतिक विशेषज्ञों को हमेशा गलत साबित किया है। यहां के भाजपा कार्यकर्ता जो जानते हैं वह बड़े-बड़े विशेषज्ञ भी भांप नहीं पाते हैं। लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, आपकी मेहनत से नए-नए कीर्तिमान बन रहे हैं। आपका उत्साह देखकर मुझे खुशी होती है, लेकिन इसे देखकर अन्य दलों के नेताओं के पैर ठंडे पड़ जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है यूपी के सभी भाजपा कार्यकर्ता सभी बूथों पर जीत सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

आप सभी (भाजपा कार्यकर्ता) वोटरों के सीधे संपर्क में होते हैं, उनके लिए आप ही भाजपा का चेहरा होते हैं। जब आप उनसे मिलते हैं, तो वह आप में भी मोदी को ही देखते हैं। आप उन्हें जो भी बता रहे होते हैं, तो उन्हें लगता है कि ये मोदी बता रहे हैं। आप उन्हें जो भी गारंटी देते हैं, तो आप पर भरोसा करते हैं कि ये मोदी के साथी हैं, तो गारंटी में ताकत है, इसलिए आप मतदाताओं की नजरों में बहुत बड़े व्यक्ति होते हैं।

आपका उत्साह देखकर अन्य दलों के पैर ठंडे पड़ रहे

गारंटी में बड़ी ताकत है और आप पर जनता का भरोसा

### जनता खुद आगे बढ़कर चुनाव लड़ रही




**फिर एक बार मोदी सरकार**

पीएम ने कहा कि मैं कार्यकर्ताओं से भी आग्रह करूंगा की अपने स्वास्थ्य की चिंता जरूर करना। पानी जरूर पीना। जितना अपना स्वास्थ्य संभालेंगे, मेहनत उतना ही सुविधाजनक होगा। आपजहां भी जा रहे होंगे, जनता विकास की बात करती होगी। लोगों में जब सरकार के कामकाज को लेकर विश्वास हो जाता है, तो चुनाव नेता नहीं, जनता खुद आगे बढ़कर लड़ती है। इस बार जनता ने हर जगह यही संदेश दिया है- फिर एक बार मोदी सरकार।

### परिवारवाद के खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे

उन्होंने कहा कि चाचा-भतीजा परिवार से यूपी का मोह बहुत पहले ही भंग हो चुका है। इस चुनाव में परिवारवाद के खिलाफ हम लड़ाई लड़ रहे हैं। परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। यूपी के लोग किसी स्वार्थ की वजह से नहीं, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़ते हैं और हमेशा उस भावना से बंधे रहते हैं। एक कार्यकर्ता के रूप में आप सभी का प्रयास होना चाहिए कि आपके काम या व्यवहार से किसी को ठेस ना पहुंचे।पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव अभियान के दौरान आप सिर्फ पार्टी का प्रचार ही नहीं करते, बल्कि पार्टी की संस्कृति और संस्कारों को भी लोगों तक ले जाते हैं। मेरा आप सभी से आग्रह है कि भाजपा के विचारों के साथ-साथ अपनी विनम्रता से भी वोटरों को प्रभावित करने की कोशिश करें।

### कांग्रेस को एक और बड़ा झटका



## बॉक्सर विजेंदर भाजपा में शामिल

आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता और कांग्रेस नेता विजेंदर सिंह भाजपा में शामिल हो गए हैं। सिंह ने 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में दक्षिणी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से लड़ा था लेकिन वो हार गए थे। उनका नाम पिछले कुछ दिनों से मथुरा से पार्टी के उम्मीदवार के रूप में चर्चा में था, जहां से अभिनेत्री और मौजूदा सांसद हेमा मालिनी फिर से चुनाव लड़ रही हैं। सिंह जाट समुदाय से आते हैं, जिसका हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में प्रभाव है।

### कश्मीर में भी टूटा इंडि गठबंधन

## तीनों सीटों पर नेकां उतारेगी प्रत्याशी: महबूबा मुफ्ती

इंडि गठबंधन को एक और झटका लगता दिख रहा है। सीएम ममता बेनर्जी ने अकेले दम पर लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए सभी सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। अब जम्मू-कश्मीर में भी गठबंधन अंतिम सांसें गिनती दिख रही है।पीडीपी चीफ और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने पीडीपी के पास कश्मीर की तीनों लोकसभा सीट पर उम्मीदवार खड़े करने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने हाल में ऐलान किया था कि वह सभी तीनों सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। मुफ्ती नेकहा, हमारे लिए उम्मीदवार खड़ा करने और चुनाव लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है।



## वृद्ध, नि:शक्त एवं दिव्यांग मतदाताओं को मिलेंगी विशेष सुविधाएं

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान दिव्यांग, वृद्धजन और नि:शक्त मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। छत्तीसगढ़ में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने मंगलवार की देर शाम को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दिव्यांग, वृद्धजन एवं नि:शक्त मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसका पूर्णतः पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है।




### व्हील चेयर की उपलब्धता होगी

उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में दिव्यांग, वृद्धजन एवं नि:शक्त मतदाताओं के लिए पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएंगी। दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र को भू-तल में रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में पहुंच योग्य सड़क होनी चाहिए। मतदान केंद्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड, दिव्यांग मतदाताओं के अनुकूल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपयुक्त ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित होना चाहिए।

### गृहमंत्री शाह ने मुजफ्फरनगर में विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

## योगी सरकार में पलायन कर रहे गुंडे, इंडि गठबंधन के लोग 12 लाख करोड़ घोटाले के आरोपी



देश भर में लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं के चुनावी दौरे जारी हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह उत्तर प्रदेश मुजफ्फरनगर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। साथ ही कहा कि योगी सरकार आई तो पलायन रुका, गुंडे पलायन करने लगे हैं। उन्होंने जनता का संबोधित करते हुए भाजपा के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि जिस भूमि से चौधरी चरण सिंह ने किसानों की आवाज बुलंद की थी उनको नमन। ये चुनाव मोदी जी के तीसरी बार पीएम बनाने का चुनाव है। गुड़ गन्ने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाई गई। कांग्रेस के वक्त गन्ने का रेट 210 रुपए प्रति क्विंटल था। आज 340 रुपए प्रति क्विंटल है। शाह ने कहा कि हमारी सरकार में 20 चीनी मिल खुली हैं. ।नई ईथेनॉल नीति लाई गई है। ये किसानों के लिए है।कश्मीर हमारा है या नहीं। धारा 370 हटनी चाहिए थे या नहीं। धारा 370 को खत्म कर भारत को जोड़ने का काम किया।

**भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे**

शाह ने कहा कि मैं पश्चिमी यूपी का 2014 में यूपी प्रभारी था। तब पलायन था. 2017 में योगी सरकार आई तो पलायन रुका, गुंडे पलायन करने लगे हैं। शाह ने कहा कि यह गठबंधन जो हुआ है। 12 लाख करोड़ घोटाले के आरोपी हैं। मोदी की उस दिन की रैली भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के लिए संदेश है। जिन्होंने भ्रष्टाचार किया उन्हें जेल में डालना चाहिए। पीएम मोदी का मकसद किसानों को मजबूत करना है। शाह ने जनता से संजीव बालयान को जिताने की अपील की।

### कांग्रेस को अलविदा कहेंगे निरुपम

## आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में करेंगे बड़ा ऐलान

लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में शीट शेयरिंग को लेकर महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों में घमासान मचा हुआ है। राज्य में कांग्रेस को लगातार झटके लग रहे हैं। पहले मिलिंद देवड़ा ने पार्टी छोड़ी और फिर अशोक च्वहाण और फिर कांग्रेस नेता शिवराज पाटिल की बहू भाजपामें शामिल हो गए और अब मुंबई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय निरुपम भी पार्टी छोड़ने की तैयारी में हैं। निरुपम कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मुंबई उत्तर पश्चिम सीट पर चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन शिवसेना यूबीटी ने यहां से अमोल कीर्तिकर को अपना उम्मीदवार बना दिया जिससे निरुपम भड़क गए। निरूपम गुरुवार को बड़ा ऐलान करेंगे।



### वायनाड से नामांकन पर राहुल बोले

## हम न्याय के नए युग में कदम रख रहे

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन भरा। उन्होंने रोड शो किया। उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया। राहुल ने कहा मैं आपको मतदाता के तौर पर नहीं देखता हूं। मैं आपके साथ वैसा ही व्यवहार करता हूं और आपके बारे में वैसा ही सोचता हूं जैसा मैं अपनी बहन के लिए करता हूं। उन्होंने कहा कि हम न्याय के नए युग में कदम रख रहे हैं।

### सीपीआई की उम्मीदवार एनी राजा ने भी भरा पर्चा



यहां सीपीआई की उम्मीदवार एनी राजा मैदान में हैं।लोकसभा चुनाव के लिए ही वायनाड से सीपीआई उम्मीदवार एनी राजा ने कांग्रेस के मौजूदा सांसद और उम्मीदवार राहुल गांधी के खिलाफ अपना नामांकन दाखिल किया। एनी राजा सीपीआई महासचिव डी राजा की पत्नी हैं। एनी की गिनती सीपीआई की दिग्गज महिला नेताओं में होती है।

### मानव-पशु संघर्ष पर राहुल ने दी प्रतिक्रिया

राहुल ने मानव-पशु संघर्ष के मुद्दे पर कहा राज्य में मानव-पशु संघर्ष और मेडिकल कॉलेज बनाने जैसे मुद्दे हैं। मैं इस लड़ाई में वायनाड के लोगों के साथ खड़ा हूं। हमने मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश भी की। मैंने मुख्यमंत्री को भी चिट्ठी लिखी, लेकिन प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई। दिल्ली में हमारी सरकार बनेगी और जब केरल में भी हमारी सरकार बनेगी तो हम इन मुद्दों का समाधान करेंगे।

---

### खबर संक्षेप

## सांसद पाठक को जान से मारने की धमकी मिली

**कन्नौज।** अखिलेश यादव की राजनीति का गढ़ समझे जाने वाले कन्नौज में खुले मंच से धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। सपा मुखिया लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कन्नौज में एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। सपा नेता ने मंच से ही भाजपा सांसद सुब्रत पाठक को धमकी दी। नेता ने कहा कि मां की कसम खाता हूं कि तेरे टुकड़े न किए तो मेरा नाम मनोज दीक्षित नहीं। केस दर्ज कर लिया गया है।




## सहकारिता विभाग का संयुक्त रजिस्ट्रार अरेस्ट

**चंडीगढ़।** हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने भ्रष्टाचार के आरोप में सहकारिता विभाग के संयुक्त रजिस्ट्रार नरेश कुमार गोयल को पंचकूला से गिरफ्तार किया है। सहकारिता विभाग के उजागर हुए करोड़ों के घोटाले में आरोपी की संलिप्तता के चलते एसीबी की टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। बताया जा रहा है कि मामले में अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।



## सुशील मोदी को कैंसर पीएम को बता दिया

**पटना।** बिहार में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी इस बार लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए कुछ नहीं कर पाएंगे, इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर दी है। सुशील ने एक्स पर लिखा है कि पिछले 6 माह से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लोगों को बताने का समय आ गया है।पीएम को सब कुछ बता दिया है। पार्टी का सदैव आभार।



### सीएम के पक्ष में अभिषेक मनु सिंघवी ने दी दलीलें

# आपने केजरीवाल को सीधा आरोपी बना दिया, कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

## दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़ा मनी लॉन्ड्रिंग मामला

### दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता की अध्यक्षता वाली बेंच ने की सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को सुनवाई के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है। मामले की सुनवाई दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच कर रही है।ईडी के वकील एएसजी एसवी राजू ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) ने अभियान के वेंडर्स को दिए गए सभी बड़े भुगतान कैश में किए थे। इसकी जानकारी पासबुक में भी नहीं है। ईडी ने कहा कि हमारे पास वॉट्सएप चैट और हवाला ऑपरेटरों के बयान हैं।



### केजरीवाल के वकील की दलीलें

केजरीवाल के अधिवक्ता सिंघवी ने कहा कि जांच एजेंसी के पास उनके मुवक्किल के खिलाफ कोई ठोस सुबूत नहीं। चुनाव से दूर रखने के लिए गिरफ्तारी की गई है। ईडी के सभी समन गैरकानूनी हैं। ईडी ने लिखित में कुछ भी नहीं दिया। पहला वोट पड़ने से पहले ही उनकी पार्टी को कई हिस्सों में तोड़ने की कोशिश की जा रही है। अपमानित करना और बेइज्जती करना ही एकमात्र उद्देश्य है। गिरफ्तारी का असली उद्देश्य मुझे अक्षम करना है। ईडी के रिमांड आवेदन में कहा गया है कि वह पूरी साजिश में मुख्यमंत्री की भूमिका का पता लगाना चाहती है। ये गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता है।

### ईडी की ओर से एएसजी राजू ने दी चुनौती

एएसजी एसवी राजू ईडी की ओर से दलीलें पेश किया। राजू ने केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई के भी पेश होने पर आपत्ति जताई।राजू ने कहा दो वकील बहस नहीं कर सकते। कोई भी आम आदमी एक से अधिक वकील का हकदार नहीं है। आप अमीर हो सकते हैं। आपके पास दो वकील नहीं हो सकते।

### आप का दावा-केजरीवाल की तबीयत ठीक नहीं



#### जेल अधिकारी बोले- वे बिल्कुल ठीक

केजरीवाल का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। आतिशी का कहना है कि गिरफ्तार होने के बाद से उनका वजन 4.5 किलो कम हो गया है। तिहाड़ जेल के अधिकारियों का कहना है कि वह ठीक हैं। शुगर नॉर्मल है शुगर लेवल रैंडम 170 है।

### संजय सिंह रिहा

दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मंगलवार को जमानत मिल गई। आप नेता को यह राहत कई शर्तों के साथ मिली है। सिंह की तिहाड़ जेल से रिहाई हो गई है। ट्रायल कोर्ट

### छग हाई कोर्ट की अहम टिप्पणी

## जजों को कोसना कुछ लोगों की आदत बन गई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने नेटिजन्स द्वारा जजों और वकीलों पर की जा रही अपमानजनक टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। हाई कोर्ट ने कहा कि जजों को कोसना कुछ लोगों की आदत बन गई है।



### मंत्री सिंह ने की बिजली क्षमता की समीक्षा

## बिजली की मांग को पूरा करने जरूरी कदम उठाएं

**नई दिल्ली।** गर्मी के मौसम के लिए भारतीय मौसम विज्ञान विभागने उत्तर-पश्चिम, पूर्वोत्तर, मध्य और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ अलग-अलग इलाकों को छोड़कर, देश भर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक होने का अनुमान लगाया है। बिजली की मांग भी पिछले वर्षों की तुलना में अधिक होगी। सरकार बिजली की मांग को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने इसे सुनिश्चित करने के लिए शून्य लोड शेडिंग सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है।



### सभी स्टेकहोल्डर अग्रिम योजना तैयार करें

विद्युत मंत्रालय ने बताया कि इस बात पर बल दिया गया कि सभी स्टेकहोल्डरों द्वारा पर्याप्त अग्रिम योजना बनाई जानी चाहिए, ताकि ऐसी स्थिति को रोका जा सके जिसमें एक राज्य के पास अधिशेष बिजली हो जबकि दूसरे राज्य को बिजली की कमी का सामना करना पड़े। सिंह ने बार-बार तापीय क्षमता की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आंशिक कटौती का सामना करने वाले सभी ताप विद्युत संयंत्रों की बिजली क्षमता की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान यह बताया गया कि आंशिक कटौती के तहत क्षमता की मात्रा में कमी आई है और उन्हें और कम करने के लिए उपाय सुझाए गए हैं।

### 49 सांसद 2 अप्रैल को रिटायर्ड

## धनखड़ ने 12 सदस्यों को पद गोपनीयता की दिलाई शपथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को संसद भवन में राज्यसभा के 12 निर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। डॉ. एल मुरुगन, धर्मशीला गुप्ता, मनोज कुमार झा, संजय यादव, गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, सुभाष चंदर, हर्ष महाजन, जीसी चन्द्रशेखर, अशोक सिंह, चंद्रकांत हंडोरे, मेधा विश्राम कुलकर्णी और साधना सिंह शामिल हैं।शपथ ग्रहण समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नरायण सिंह और महासचिव पीसी मोदी भी उपस्थित थे। 54 सांसदों का कार्यकाल इस वर्ष अप्रैल में खत्म हो रहा है। इनमें से 49 सांसद 2 अप्रैल को ही सदन से रिटायर हुए थे। मनमोहन सिंह सहित 5 सांसदों का कार्यकाल 3 अप्रैल समाप्त हुआ। 54 सांसदों में 9 केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं। सिंह 1991 में सबसे पहली बार असम से राज्यसभा पहुंचे थे। सिंह की जगह अब कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पहली बार राज्यसभा पहुंचेंगी।



### महाकुंभ 2025 को यादगार बनाने प्रदेश सरकार ने कमर कसी

## हो रहा रेनोवेशन, रोपवे और डिजिटल कुंभ म्यूजियम भी बन रहा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगले वर्ष महाकुंभ 2025 लगने जा रहा है। इसे यादगार बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने कमर कस ली है।

संगम स्थल के साथ-साथ आसपास कई प्रमुख कार्यों का विकास पर्यटकों के लिए महाकुंभ को खास बना देगा। हनुमान मंदिर स्थली का व्यापक पैमाने पर रेनोवेशन किया जा रहा है, जबकि रोपवे परियोजना की भी जल्द शुरुआत होने जा रही है।साथ ही डिजिटल कुंभ म्यूजियम का भी निर्माण कार्य प्रस्तावित है। सरकार की ओर से इन सभी कार्यों को दिसंबर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

### श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए योगी सरकार करा रही कई कार्य

#### जल्द शुरू होगा हनुमान मंदिर स्थल का कार्य



शीर्ष समिति की बैठक में हनुमान मंदिर स्थली के निर्माण कार्य की सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसकी कार्य की कार्यदायी संस्था प्रयागराज विकास प्राधिकरण है। कार्य की कुल लागत 45.71 करोड़ प्रस्तावित है। सेना द्वारा कार्य स्थल की वर्किंग परमिशन भी प्रदान की जा चुकी है और भूमि हस्तांतरित किए जाने के लिए एमओयू हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण होगी। पीडीए द्वारा कार्य अप्रैल में प्रारंभ किया जाएगा और नवम्बर में पूर्ण करने का लक्ष्य है।

**श्रद्धालुओं की पहुंच और आसान होगी**

संगम तक श्रद्धालुओं की पहुंच को और आसान बनाने के लिए रोपवे का भी निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। संगम के पास बांध पर शंकर विमान मंडपम से लेकर अरैल के त्रिवेणी पुष्प तक 1281.5 मीटर लंबे और 62 मीटर ऊंचे रोपवे प्रोजेक्ट को दिसंबर तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। सीवरेज, यूटिलिटी शिफ्टिंग, ट्री फेलिंग का कार्य प्रगति पर है।

### पौराणिक कथाओं की बनाई जाएगी गैलरी

अरैल मार्ग पर 40 हजार स्क्वायर मीटर के प्रस्तावित क्षेत्रफल में बनाए जा रहे डिजिटल कुंभ म्यूजियम पर भी कार्य शुरू हो गया है। वर्तमान में डिजिटल कुंभ म्यूजियम के लिए ईओआई को प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा आमंत्रित किया गया है, जिसमें 2 बिडर ने योजना प्रस्तुत की है। डिजिटल कुंभ म्यूजियम में वीआर के माध्यम से अखाड़ों, समुद्र मंथन से संबंधित गैलरी का विकास, त्रिवेणी संगम गैलरी के साथ ही कुंभ के इतिहास और अध्यात्म को दर्शाती गैलरी का निर्माण किया जाएगा। पौराणिक गाथाओं से जुड़ी गैलरी, कुंभ मेला गैलरी का ऐतिहासिक विकास, मेला गैलरी, हरिद्वार-नासिक-उज्जैन कुंभ मेला गैलरी, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व गैलरी, 21वीं सदी में कुंभ मेला आदि का भी विकास किया जाएगा।





## ताइवान में 25 साल बाद 7.5 तीव्रता का आया तेज भूकंप

# थर्राई धरती: कांपने लगीं इमारतें, कई घर हुए धराशाई, 9 की मौत, 930 जख्मी, फिलीपींस और जापान में लगे झटके, भारत ने जारी की एडवाइजरी

एजेंसी ▶▶ ताइपे/टोक्यो

ताइवान में बुधवार को 7.5 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके जापान और फिलीपींस तक महसूस किए गए। ताइवान के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, 9 लोगों की मौत हुई है। 930 से ज्यादा लोग घायल हैं। मरने वालों का आंकड़े बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

वहीं, भारत ने ताइवान में रहने वाले भारतीयों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इंडिया ताइपे एसोसिएशन ने इमरजेंसी नंबर और ई-मेल आईडी जारी की है। ताइवान में करीब 5 हजार भारतीय रहते हैं। मौसम विभाग के मुताबिक भूकंप ईस्ट ताइवान के हुलिएन शहर में आया। इसका केंद्र धरती से 34 किलोमीटर नीचे था। भारतीय समय के मुताबिक सुबह 5:30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। कई इमारतें जमींदोज हो गईं, लैंड स्लाइड भी हुई है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। ताइवान से आ रहीं खबरों के मुताबिक, ताइवान में 100 से ज्यादा आफ्टरशॉक आए हैं।

## भूकंप ग्रस्त देशों में रह रहे भारतीयों को सरकार ने ई-मेल और नंबर किया जारी

**1** संपर्क: 0905247906 और ad.ita@mea.gov.in

**2** भूकंप केंद्र धरती से 34 किलोमीटर नीचे था

### 1999 में 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था

वहीं, ताइवानी सेंट्रल वेदर ब्यूरो के मुताबिक, यह ताइवान में 25 साल में आने वाला सबसे तेज तीव्रता वाला भूकंप है। इसके पहले 1999 में 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था। तब 2 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। भूकंप के बाद ताइवान, जापान और फिलीपींस ने सुनामी का अलर्ट जारी किया था। जापान के मौसम विभाग ने समुद्र में 3 मीटर यानी करीब 10 फीट तक की लहरें उठने का अनुमान जताया था। हालांकि, जापान और फिलीपींस ने अब सुनामी अलर्ट हटा दिया है। जापान और चीन, ताइवान को मदद देने के लिए तैयार हैं। चीनी मीडिया के मुताबिक, चीन में ताइवान मामलों पर नजर रखने वाले ऑफिस ने कहा कि वो भूकंप से हुए नुकसान से चिंतित है और मदद को तैयार है।



### ऐसा तांडव... 120 से ज्यादा लोग फंसे

ताइवान की नेशनल फायर एजेंसी के मुताबिक, भूकंप के बाद 120 लोगों के फंसे होने की खबर मिली। इनमें से 77 लोग टनल में फंसे हैं। जगह-जगह टनल के हिस्से टूटने की वजह से रास्ते बंद हो गए हैं। इन्हें बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसके अलावा करीब 50 लोग 4 मिनीबस में फंसे हुए हैं। ये बसें यात्रियों को लेकर हुलिएन शहर से तरोको नेशनल पार्क जा रही थी। राजधानी ताइपे में राष्ट्रीय स्मारक और पर्यटक आकर्षण चियांग काई-शेक मेमोरियल हॉल को भी नुकसान पहुंचा है। परिसर में मलबा फैला हुआ है।

### 91 हजार घरों में पसरा अंधेरा

ताइवानी मीडिया के मुताबिक, भूकंप के बाद ताइवान के 91 हजार से ज्यादा घरों में बिजली नहीं है। भूकंप से तारों और पावर प्लांट को नुकसान पहुंचा है। पूर्वी ताइवान के हुलिएन शहर में भूकंप की वजह से इमारत टेढ़ी हो गई। जबकि ताइवान की राजधानी ताइपे में एक घर के अंदर भूकंप से हुई तबाही।ताइपे में भूकंप के झटकों से एक घर टूट गया। इसका मलबा सड़क पर गिर गया।

### फैक्ट्रियों को कराया गया खाली

चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनी टीएसएमसी ने कहा कि उसने अपने कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सिंचू और दक्षिणी ताइवान में अपनी कुछ फैक्ट्रियों को खाली कर दिया है, लेकिन सुरक्षा प्रणालियां सामान्य हैं।

### भूकंप से हुआ भू-स्खलन

ताइपे से आए वीडियो में दिख रहा है कि इमारतें हिल रही है। अलमारियों से चीनी गिर रही हैं। ताइवान के पहाड़ी इलाकों में पोस्ट किए गए वीडियो में दिखता है कि भूकंप के कारण भारी भूस्खलन हुआ है।

### भूकंप के 9 झटके लगे

स्थानीय मीडिया की ओर से जारी किए गए फुटेज में लोगों को आवासीय इमारतों, घरों और स्कूलों से निकालते देखा जा सकता है। TVBS की खबर में दिखाया गया कि भूकंप के कारण वाहन क्षतिग्रस्त हुए और दुकानों के अंदर का सामान अस्त व्यस्त हो गया। इंटरनेट निगरानी समूह नेटब्लॉक्स के मुताबिक पूरे द्वीप पर बिजली कटौती और इंटरनेट में खराबी की जानकारी मिली है। बुधवार को स्थानीय समय के मुताबिक 7:58 बजे 15.5 किमी की गहराई पर भूकंप आया। 4 या उससे अधिक तीव्रता के कम से कम 9 झटके लगे।

### सुनामी की चेतावनी

भूकंप के बाद 1 फुट ऊंची लहर देखी गई। जापान में भूकंप के कारण सुनामी का अलर्ट जारी किया है। वॉर्निंग के मुताबिक तटीय इलाके ओकिनावा के लोगों को सतर्क रहने को कहा है। 3 मी. तक की लहरें देखने को मिल सकती है। 26 वर्षों में पहली बार ओकिनावा में वॉर्निंग दी गई है।

### 26 इमारतों को नुकसान पहुंचा

रेस्क्यू ऑपरेशन जारी भूकंप से सबसे ज्यादा नुकसान राजधानी ताइपे और हुलिएन शहर में हुआ। यहां 26 इमारतों को नुकसान पहुंचा। कई इमारतों में लोग अब भी फंसे हुए हैं। कई लोग मलबे में भी दबे हैं। इन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। रेस्क्यू टीम टूटी हुई इमारतों के मलबे में दबे लोगों को बाहर निकल रही है।साथ इमारतों का मलबा हटाया जा रहा है।

### 100 से ज्यादा आफ्टरशॉक आए

ताइवान के सेंट्रल इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के मुताबिक, ताइवान में पिछले 6 घंटों में (भारतीय समय के मुताबिक, सुबह 5:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक) 100 से ज्यादा आफ्टरशॉक्स आए हैं। इनमें से सबसे तेज 6.5 तीव्रता का आफ्टरशॉक भी आया।

### भूकंप के दौरान हिलने लगा पुल

ताइवान से भूकंप के दौरान के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। इसमें दिख रहा है कि पुल और सड़क पर लगे खंभे हिल रहे हैं। एक वीडियो आया है, जिसमें एक शख्स स्वीमिंग पूल में नहा रहा है। लेकिन भूकंप के आते ही पूल में भरा पानी हिलने लगता है। भूकंप के बाद के वीडियो में देखा जा सकता है कि कई इमारतें झुक गई हैं, जिनसे लोगों को निकाला जा रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### नियमों का उल्लंघन: 5 एनजीओ का पंजीयन रद्द




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के कथित उल्लंघन पर पांच गैर सरकारी संगठनों का पंजीकरण रद्द किया है। इसमें सीएनआई सिनोडिकल बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस,वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडो-ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी, चर्च ऑक्जिलरी फॉर सोशल एक्शन और इवेंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया शामिल हैं।

### उत्तर कोरिया ने किया मिसाइल का परीक्षण



**सियोल।** उत्तर कोरिया लगातार अपने हथियारों के बेड़े को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाता जा रहा है। अब उत्तर कोरिया ने ठोस ईंधन से संचालित मध्यम दूरी की एक नई हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया है। देश की सरकारी मीडिया की तरफ से बुधवार को यह जानकारी दी गई है। इस परीक्षण के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ सकता है। दक्षिण कोरिया हमेशा विरोध करता रहा है।

### अबू धाबी में साढ़े 3 लाख भक्तों ने किए दर्शन



**अबू धाबी।** जनता के लिए खुलने के एक महीने के भीतर साढ़े तीन लाख से अधिक भक्तों ने अबू धाबी में बने पहले पत्थर निर्मित हिंदू मंदिर में दर्शन किए. मंदिर अधिकारियों की तरफ से यह जानकारी दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा फरवरी में इस मंदिर का उद्घाटन किया गया था। मंदिर के प्रवक्ता ने एजेंसी को बताया कि पहले महीने में लगभग 3 लाख 50 हजार भक्त और आगंतुक थे।

---

## ड्रोन के जरिए गिराए गए थे नशीले पदार्थ, हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक और नकदी

# राजौरी और पुंछ में लश्कर-ए-तैयबा के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़, 3 आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और सीमा पार से ड्रोन के जरिए गिराए गए नशीले पदार्थ, हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, नकदी प्राप्त करने और वितरित करने में शामिल सात पहचाने गए सदस्यों में से तीन को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने इस दौरान मॉड्यूल के मास्टरमाइंड पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के मोहम्मद कासिम के लिए 10 लाख रुपए के इनाम वाला एक पोस्टर भी जारी किया। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) आरआर स्वैन ने कहा कि उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं और उनके परिसरों की तलाशी ली गई। पिछले 24 घंटों के दौरान दस स्थानों पर तलाशी ली गई और सात लोगों की पहचान की गई और उनमें से तीन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। डीजीपी ने कहा कि सबूतों के माध्यम से यह साबित हो गया है कि उन्हें पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से गिराए गए हथियारों, गोला-बारूद, आईईडी, नकदी और नशीले पदार्थों की खेप मिली है और उन्हें आगे के लिंकेज में वितरित किया गया है।उन्होंने कहा कि सीआईडी और पुलिस दोनों ने समन्वय में अच्छा काम किया और इस मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के लिए एक साथ बेहतरीन जमीनी कार्य किया।

*"गिरफ्तार किए गए लोगों में यूएपीए के तहत जेल में बंद कुख्यात ओजीडब्ल्यू तालिब शाह की पत्नी गुलशन नाज़, इम्तियाज अहमद (दोनों कोटरंका से) और बुद्धल इलाके का आबिद शाह शामिल हैं*

- 10 लाख रुपए के इनाम वाला एक पोस्टर भी जारी किया
- 7 आरोपियों की पहचान की गई जिसमें से 3 को गिरफ्तार कर लिया है



### फॉरवर्ड लिंकेज भी वितरित किए

डीजीपी ने कहा कि हमारे पास उनके खिलाफ डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक सबूत हैं। वे पाकिस्तान में बैठे मास्टरमाइंड के संपर्क में थे। उन्होंने फॉरवर्ड लिंकेज भी वितरित किए हैं। किसे उन्होंने पैसा वितरित किया, इसकी भी जांच की जा रही है। स्वैन ने कहा कि पैसा लाखों में आया है और कई लोगों को छोटी मात्रा में वितरित किया गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

### पाकिस्तान में है मास्टर माइंड

डीजीपी ने कहा कि उनका मास्टरमाइंड माहौर (रियासी) का मोहम्मद कासिम उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान है जो वर्तमान में पाकिस्तान में है। वह लश्कर-ए-तैयबा का नेता है। उसे भारत सरकार द्वारा नामित आतंकवादी घोषित किया है। उन्होंने कहा कि कासिम पर दस लाख का इनाम घोषित है। इस संबंध में पोस्टर जारी किया गया है। कासिम हथियार और विस्फोटक सामग्री, नकदी और नशीले पदार्थ भेज रहा है और राजौरी और पुंछ में नेटवर्किंग में शामिल है। डीजीपी ने कहा कि वह युवाओं को लुभाने में शामिल है। डीजीपी स्वैन ने कहा कि हम युवाओं से अपील करते हैं कि वे उनके जाल में न फंसें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करें।

---

## वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट ने बढ़ाई चिंता

# दाने-दाने को मोहताज हो रहे पाकिस्तानी नागरिक



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान के हालात दिन पर दिन और बिगड़ते जा रहे हैं। वह लगातार गरीबी की तरफ कदम बढ़ा रहा है, वहां गरीबों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। ऐसा हम इसलिए बोल रहे हैं कि वर्ल्ड बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पाकिस्तान के आर्थिक हालात बेहद खराब हैं। दरअसल करीब 10 लाख लोग वहां गरीबी रेखा के नीचे पहुंच रहे हैं।

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। प्रत्येक दिन वहां की अर्थव्यवस्था 1.8 प्रतिशत कम हो रही है, गरीबों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। महंगाई की मार से पाक की आम जनता परेशान है, वहीं विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि पाक प्रमुख व्यापक आर्थिक लक्ष्यों को पूरा करने में पूरी तरह असफल है। आगे कहा कि पाकिस्तान आने वाले 3 साल तक अपने बजट में बहुत पीछे रहने वाला है।

### पाकिस्तान में बढ़ रही भुखमरी

पाकिस्तान के जानकारों का कहना है कि पाक के हालात सुधरने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि आर्थिक वृद्धि मामूली 1.8 प्रतिशत के आस-पास है। इसके बावजूद गरीबी लगभग 40 प्रतिशत बढ़ रही है। जबकि पहले से ही पाकिस्तान के 98 मिलीयन लोग गरीबी के शिकार हैं। अगर पाक के आर्थिक हालात नहीं सुधरे तो बहुत जल्द 10 मिलियन लोग गरीबी रेखा से जुड़ जाएंगे। वर्ल्ड बैंक का कहना है कि वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में देखा गया कि हर दिन मजदूरों की मजदूरी बढ़ने के बजाय घटती जा रही है। इसके साथ बच्चे भी स्कूल जाने से वंचित हो रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान में आम जनता का जीवन-यापन दिन प्रतिदिन संकट की ओर बढ़ रहा है।

---

## फोर्ब्स की सूची में 200 भारतीयों को मिली जगह, 31 अरबपति बढ़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फोर्ब्स की भारतीय अरबपतियों की सूची में सबसे ऊपर मुकेश अंबानी का नाम है, जिनकी कुल संपत्ति 83 अरब डॉलर से बढ़कर 116 अरब डॉलर हो गई, जिससे वह 100 अरब डॉलर क्लब में प्रवेश करने वाले पहले एशियाई बन गए। फोर्ब्स की विश्व के अरबपतियों की 2024 की सूची में इस बार 200 भारतीयों के नाम शामिल हैं।

पिछले साल इसमें 169 भारतीयों का नाम था। इन भारतीयों की कुल संपत्ति 954 अरब डॉलर है, जो पिछले साल के 675 अरब डॉलर से 41 फीसदी अधिक है। फोर्ब्स की भारतीय अरबपतियों की सूची में सबसे ऊपर मुकेश अंबानी का नाम है, जिनकी कुल संपत्ति 83 अरब डॉलर से बढ़कर 116 अरब डॉलर हो गई, जिससे वह 100 अरब डॉलर क्लब में प्रवेश करने वाले पहले एशियाई बन गए।

### भारत में सबसे अमीर मुकेश अंबानी

## 83 अरब से बढ़कर 116 अरब डॉलर हुई संपत्ति

- दो सौ भारतीयों के पास 954 अरब डॉलर की संपत्ति
- दूसरे नंबर पर हैं गौतम अडाणी-संपत्ति में 36.8 अरब डॉलर का इजाफा हुआ

### ये हैं भारत के 10 सबसे अमीर



| मुकेश अंबानी | गौतम अडाणी | शिव नादर | सावित्री जिंदल | दिलीप सांघवी | साइरस पूनावाला | कुशल पाल सिंह | कुमारमंगलम बिड़ला | राधाकिशन दमानी | लक्ष्मी मित्तल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नेट वर्थ 116 अरब डॉलर | कुल संपत्ति 84 अरब डॉलर | कुल संपत्ति 36.9 अरब डॉलर | नेट वर्थ 33.5 अरब डॉलर | नेट वर्थ 26.7 अरब डॉलर | कुल संपत्ति 21.3 अरब डॉलर | नेट वर्थ 20.9 अरब डॉलर | कुल संपत्ति 19.7 अरब डॉलर | कुल संपत्ति 17.6 अरब डॉलर | कुल संपत्ति 16.4 अरब डॉलर |

## चिंतन

# वाणिज्यिक तेल भंडार से ऊर्जा सुरक्षा और बढ़ेगी

एक तरफ जहां भारत वैकल्पिक और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से नीतिगत और औद्योगिक कदम बढ़ा रहा है, वहीं ऊर्जा सुरक्षा व निर्भरता हासिल करने के लिए वह अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक कच्चा तेल भंडारण भी बनाने जा रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। किसी भी अर्थव्यवस्था की गति को बनाए रखने के लिए किफायती व प्रचूर ऊर्जा उपलब्धता जरूरी है। भारत अपनी जरूरत का 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। भारत दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश है। सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का गठन किया है। सरकार की योजना कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने की है। आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन), कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए एसपीएम (सिंगल पॉइंट मूरिंग) और संबद्ध पाइपलाइन (तट पर और अपतटीय) का निर्माण शामिल हैं। पहले चरण के तहत भंडारण का निर्माण सरकारी खर्च पर किया गया है। पादुर-दो का निर्माण पीपीपी (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) मॉडल में किया जाएगा। इसमें निजी इकाइयां भंडारण का डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण और परिचालन करेंगी। पादुर-दो का संचालक तेल भंडारण की इच्छुक किसी भी तेल कंपनी को भंडारण क्षेत्र पट्टे पर देगा और उसके लिए शुल्क लेगा। तेल का भंडारण करने वाली कंपनियां इसे घरेलू रिफाइनरी कंपनियों को बेच सकती हैं, लेकिन आपात स्थिति में तेल के इस्तेमाल पर पहला अधिकार देश का होगा। भारत अपनी 85 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करता है। ऐसे में आपूर्ति में व्यवधान या युद्ध जैसी किसी भी आपातकालीन स्थिति में रणनीतिक भंडार का उपयोग किया जा सकेगा। अमेरिका, चीन, जापान, यूके आदि देश भी इमरजेंसी की स्थिति के लिए तेल का भंडारण करते हैं। भारत के पास रणनीतिक तेल भंडार बहुत पहले से है और वो काफी सुदृढ़ है। इससे समय समय पर तेल की आपूर्ति भी बाजार को की गई है। स्ट्रेटेजिक के साथ वाणिज्यिक तेल का भंडारण करना सरकार की अनूठी पहल है। सरकार व निजी कंपनियां मिल कर कच्चे तेल का एक भंडार अपने पास रखती हैं, इसका इस्तेमाल इमरजेंसी में किया जाता है। जैसे युद्ध या प्रतिबंध जैसे हालात। इसी भंडार को रणनीतिक तेल भंडारण कहा जाता है। 1973 के तेल संकट के बाद भविष्य में इस तरह के संकटों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की स्थापना की गई थी, इसके सभी सदस्य देशों के लिए 90 दिनों का तेल का भंडार रखना अनिवार्य है। भारत के पास आपात स्थिति से निपटने के लिए करीब 3.7 करोड़ बैरल कच्चे तेल का भंडार है।

# रेपो दर यथावत रहने के आसार




मौद्रिक समीक्षा
सतीश सिंह

> जनवरी 2024 में खुदरा महंगाई 5 .10 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि दिसंबर 2023 में यह 5 .69 प्रतिशत के स्तर पर थी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा जो 4 प्रतिशत से 2 प्रतिशत अधिक या 2 प्रतिशत कम है के अंदर है। बावजूद इसके इस दर को तेज विकास के लिए उत्साहजनक नहीं माना जा सकता है। लिहाजा, रिजर्व बैंक 5 अप्रैल 2024 को पेश किए जाने वाले मौद्रिक समीक्षा के साथ-साथ जून 2024 की मौद्रिक समीक्षा में भी रेपो दर को यथावत रख सकता है, क्योंकि अभी भी भारत में महंगाई का स्तर संतोषजनक नहीं है और यह विकास की राह में एक बड़ा रोड़ा है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने 12 मार्च 2024 को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति के ताजे आंकड़े जारी किए, जिसके अनुसार फरवरी 2024 में खुदरा महंगाई मामूली रूप से घटकर 5.09 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले 4 महीनों का सबसे निचला स्तर है। जनवरी 2024 में खुदरा महंगाई 5.10 प्रतिशत के स्तर पर थी, जबकि दिसंबर 2023 में यह 5.69 प्रतिशत के स्तर पर थी। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित सहनशीलता सीमा जो 4 प्रतिशत से 2 प्रतिशत अधिक या 2 प्रतिशत कम है के अंदर है। बावजूद इसके इस दर को तेज विकास के लिए उत्साहजनक नहीं माना जा सकता है।

किसी की क्रय शक्ति को निर्धारित करने में मुद्रास्फीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुद्रास्फीति बढ़ने पर वस्तु एवं सेवा दोनों की कीमतों में इजाफा होता है, जिससे व्यक्ति की खरीदारी क्षमता कम हो जाती है और वस्तुओं एवं सेवाओं की मांग घट जाती है। फिर, उनकी बिक्री कम हो जाती है, उनके उत्पादन में कमी आती है, कंपनी को घाटा होता है, कामगारों की छंटनी होती है, रोजगार सृजन में कमी आती है आदि। फलतः आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं एवं विकास की गति बाधित होती है। दुनिया के अधिकांश देशों में अभी भी महंगाई दर बहुत ही ज्यादा है, वहीं कुछ देशों में महंगाई के स्तर में कमी आई है, जिसका मुख्य कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में कमी आना और आपूर्ति श्रृंखला के राह की बाधाओं में कमी आना है। वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स के ताजा आंकड़ों के अनुसार दुनिया के कुछ देशों में महंगाई 100 प्रतिशत से 250 प्रतिशत तक है। अर्जेन्टीना दुनिया में सबसे ज्यादा महंगा देश है, जहां महंगाई दर 254 प्रतिशत है। वहीं, लेबनान दूसरे स्थान पर है, जबकि वेनेज़ुएला तीसरे स्थान पर है। पाकिस्तान 28.3 प्रतिशत महंगाई दर के साथ दुनिया के शीर्ष 10 देशों में शामिल है, जबकि बांग्लादेश में महंगाई दर 9.86 प्रतिशत है।

हालांकि, विकसित देशों में महंगाई दर में कमी आ रही है। इंग्लैंड में महंगाई दर 4.0 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका में यह 3.1 प्रतिशत है। फ्रांस में भी महंगाई दर 3.1 प्रतिशत है और जापान में यह 2.6 प्रतिशत है। वहीं, थाईलैंड में दुनिया में सबसे कम महंगाई दर माइनस 1.11 प्रतिशत है,जबकि चीन में महंगाई दर माइनस 0.8 प्रतिशत है, जो कम महंगाई दर के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। भारत कम महंगाई के मामले में दुनिया में 17वें स्थान पर है। रिजर्व बैंक ने अंतिम बार फरवरी 2023 में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया था। इस तरह विगत 13 महीनों से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। रेपो दर में लंबे समय तक वृद्धि नहीं करने का इतिहास भी रहा है। 2008 की आर्थिक मंदी के समय 10 महीनों तक रेपो दर 6.5 प्रतिशत की दर पर बरकरार रही थी। 2013 के कर्ज संकट के समय भी रेपो दर 7.85 प्रतिशत के स्तर पर 8 महीनों तक यथावत रही थी। फिर, 2020 में कोरोना काल के समय में भी रेपो दर 4 प्रतिशत के स्तर पर 25 महीनों तक बनी रही थी। वित्त वर्ष 2024-25 में राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी हुई है और आगामी महीनों में भी कर और गैर कर राजस्व संग्रह में तेजी आने की संभावना है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह भी विगत 6 महीनों से लगातार 1.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर के स्तर पर बना हुआ है, इसलिए माना जा रहा है कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान केंद्र सरकार उधारी कम लेगी।




लिहाजा, रिजर्व बैंक 5 अप्रैल 2024 को पेश किए जाने वाले मौद्रिक समीक्षा के साथ-साथ जून 2024 की मौद्रिक समीक्षा में भी रेपो दर को यथावत रख सकता है, क्योंकि अभी भी भारत में महंगाई का स्तर संतोषजनक नहीं है और यह विकास की राह में एक बड़ा रोड़ा है। दो अप्रैल को जारी की गई एचएसबीसी इंडिया पीएमआई आंकड़ों के अनुसार विनिर्माण आंकड़ा मार्च 2024 में 59.1 के स्तर पर पहुंच गया है, जो विगत 16 सालों यानी 2008 के बाद का उच्चतम स्तर है। फरवरी महीने में यह 56.9 के स्तर पर रहा था। अक्तूबर 2020 के बाद से उत्पादन और नए ऑर्डर में तेज वृद्धि की वजह से यह 59.1 के स्तर पर पहुंच सका है। इतना ही नहीं लगातार 33वें महीने विनिर्माण पीएमआई 50 के स्तर से ऊपर रहा है। गौरतलब है कि 50 से ऊपर का स्तर विनिर्माण गतिविधियों के विस्तार का संकेतक है, जबकि 50 से कम का स्तर संकुचन का। रिजर्व बैंक मुख्य तौर पर रेपो दर में बढ़ोतरी करके महंगाई से लड़ने की कोशिश करता है। जब रेपो दर अधिक होता है तो बैंकों को रिजर्व बैंक से महंगी दर पर कर्ज मिलता है, जिसके कारण बैंक भी ग्राहकों को महंगी दर पर कर्ज देते हैं। ऐसा करने से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की तरलता कम हो जाती है और लोगों की जेब में पैसे नहीं होने की वजह से वस्तुओं की मांग में कमी आती है और वस्तुओं व उत्पादों की कीमत अधिक होने के कारण इनकी बिक्री में कमी आती है, जिससे महंगाई में गिरावट दर्ज की जाती है। इसी तरह अर्थव्यवस्था में नरमी रहने पर विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के लिए बाजार में मुद्रा की तरलता बढ़ाने की कोशिश की जाती है और इसके लिए भी रेपो दर में कटौती की जाती है, ताकि बैंकों को रिजर्व बैंक से सस्ती दर पर कर्ज मिले और सस्ती दर पर कर्ज मिलने के बाद बैंक भी ग्राहकों को सस्ती दर पर कर्ज दें। महंगाई की वजह से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, लेकिन बीते कुछ महीनों से उधारी ब्याज दर के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद भी ऋण वितरण में तेजी आ रही है और विकास दर की रफ्तार भी तेज बनी हुई है। वैसे, ऐसी स्थिति अपवाद वाली है। फिर भी, एचएसबीसी इंडिया पीएमआई के आंकड़ों का 59.1 के स्तर पर पहुंचना आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का सूचक है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार वर्ष दर वर्ष के आधार पर बैंकों का ऋण वृद्धि दर दिसंबर 2023 में 16.5 प्रतिशत रहा, जिसके वित्त वर्ष 2024-25 में 12 से 13 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, केयर एज रेटिंग एजेंसी के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत रह सकती है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 14.0 प्रतिशत या 14.5 प्रतिशत रह सकती है। मौजूदा परिवेश में, रिजर्व बैंक रेपो दर को बढ़ाकर विकास दर को कम नहीं करना चाहता है।

भारत में मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक द्वारा तय की गई सहनशीलता सीमा के अंदर रहने के बावजूद थोड़ी ज्यादा है, इसलिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरों को यथावत रखना एक समीचीन फैसला हो सकता है, क्योंकि महंगाई को लेकर केंद्रीय बैंक बहुत ज्यादा संवेदनशील है और यह महंगाई और विकास दर के बीच संतुलन बनाकर अर्थव्यवस्था को मजबूत रखना चाहता है, ताकि आम आदमी को परेशानी भी न हो और विकास की रफ्तार भी तेज बनी रहे, इसलिए रिजर्व बैंक 5 अप्रैल को रेपो दर में न तो कटौती करेगा और न ही वृद्धि।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



चंडीगढ़ का रॉक गार्डन दुनिया के सबसे ज्यादा फेमस गार्डंस में शुमार है। देश के मशहूर रॉक आर्टिस्ट नेकचंद ने वेस्ट मैटीरियल से करीब 40 एकड़ में इस गार्डन को तैयार किया था। नेकचंद ने 1957 में यह नेक पहल की। 18 साल के प्रयास के बाद इस रॉक गार्डन को तैयार कर सके।


## सच्चा भक्त ईश्वर से मुक्ति की भी याचना नहीं करता



संकलित
दर्शन

सच्चा भक्त ईश्वर से मुक्ति की भी याचना नहीं करता है। मन में मुक्ति की भी लेशमात्र इच्छा शेष रहते हुए वह अपने आपको प्रभु का सच्चा भक्त नहीं कह सकता है। मुक्ति की कामना सात्विक कामना होते हुए भी भक्त मुक्ति का दास बन जाता है। उसमें अभी स्वार्थ बाकी है; अत वह अपने को नैष्ठिक ईश्वर प्रेमी नहीं कह सकता है। अभी तक उसने परिपूर्ण और निशेष समर्पण नहीं किया है। मुक्ति की याचना एक प्रकार का दंभ ही है। क्या कोई सच्चा भक्त यह जानते हुए भी कि भगवान करुणा और दया के सागर हैं, उनसे कुछ याचना कर सकता है? वास्तविक भक्त कभी किसी बात के लिए भगवान से शिकायत नहीं करता। कच्चा भक्त कठिनाई में पड़ते ही भगवान की निंदा करने लगता है कि 'मैंने पचीस लाख जप किया, प्रतिदिन भागवत का पाठ करता रहा; फिर भी ईश्वर प्रसन्न नहीं हुआ; मेरा दुख दूर नहीं किया। वह अंधा है। मेरी प्रार्थना सुनता नहीं है। भगवान भी कैसा है! उस पर मेरा विश्वास नहीं रहा।' सच्चे भक्त को दुख तथा कष्ट में भी सुख ही मिलता है। अत वह दुख की ही कामना करता है, जिससे एक क्षण भी भगवान का विस्मरण न हो। उसे यह पूर्ण विश्वास होता है कि भगवान जो कुछ करता है, भले के लिए ही करता है। पुरी की एक घटना है। वहां एक आदमी था, जो भगवान हरि का परम भक्त था तथा उनके हाथों में अपने को पूर्णतया सौंप चुका था। वह एक बार सख्त बीमार हो गया।

## सफलता तो इन लोगों से रखें मित्रता, मुश्किल में देंगे साथ



संकलित
प्रेरणा

आचार्य चाणक्य बहुत बड़े विद्वान थे और वह चंद्रगुप्त मौर्य के गुरु थे। उन्होंने एक नीति शास्त्र की रचना की थी, जिसे 'चाणक्य नीति' के नाम से जाना जाता है। चाणक्य नीति में जीवन से जुड़े लगभग सभी विषयों का जिक्र है। आज भी ये नीतियां युवाओं को मार्गदर्शित करती हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो चाणक्य नीति जीवन में मंजिल हासिल करने में मदद करती है। इसके अलावा इस नीति शास्त्र में व्यक्ति के गुण और अवगुणों के बारे में भी विस्तार से जिक्र किया गया है। साथ ही जीवन में किन लोगों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए, इस बात का भी उल्लेख है। दरअसल, अपने जीवन में हम सभी कई लोगों से मिलते हैं जिनमें से कुछ हमारे करीबी बन जाते हैं लेकिन कौन हमारे करीब है और निस्वार्थ के साथ मित्रता निभाता है इसकी पहचान करना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में चाणक्य नीति में रचित बातों का ध्यान रखना आपके लिए लाभकारी हो सकता है। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि, हमें जीवन में किन लोगों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। चाणक्य नीति के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति लोगों के सामने अपनी बातों को स्पष्टता से रखता है, तो वो कभी किसी को धोखा नहीं दे सकता। ऐसे व्यक्ति को दिल का साफ माना जाता है। इन लोगों से मित्रता करनी चाहिए। ऐसे व्यक्ति पर आंख बंद कर भरोसा किया जा सकता है, जो कभी भी किसी भी तरह का लालच न रखता हो।

## दरकार

आशीष वशिष्ठ



# चुनाव में पर्यावरण हो मुद्दा

अठारहवीं लोकसभा के निर्वाचन के लिए चुनाव का शंखनाद हो चुका है। राजनीतिक दलों द्वारा वादों की झड़ी लगाई जा रही है। ऐसे में मतदाता उसी तरह भ्रमित हैं जैसे किसी शापिंग मॉल में चारों तरफ लगे डिस्काउंट सेल के इश्तहार देखकर होता है, लेकिन वादों के इस मौसम में आई एक खबर ने हर उस व्यक्ति को परेशान कर दिया जिसे अपने साथ -साथ अपनी संतानों के भविष्य की भी चिंता है। चुनाव आते ही नेताओं की रैलियां, भाषण, बड़े-बड़े वादे शुरू हो जाते हैं, परन्तु जो असल मुद्दे हैं उन पर कोई वादे नहीं होते। वर्तमान में हवा में प्रदूषण का स्तर दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लोगों को टीबी तथा श्वास की बीमारियां हो रही हैं, फिर भी लोग मजबूर हैं ऐसे हालात में जीने के लिए। चीन के बाद दूसरा स्थान भारत का है जहां प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या है। लगातार वैज्ञानिक वायु प्रदूषण के घातक प्रभाव हमारे समक्ष रख रहे हैं, परन्तु किसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा। आंकड़े बताते हैं कि हम पूरे साल वायु प्रदूषण की चपेट में जीवन जीते हैं। बरसात के वक्त जरूर हमें इससे कुछ राहत मिल जाती है, लेकिन शेष समय इसके साथ रहना ही पड़ता है। इस प्रदूषण का बड़ा कारण कारखानों और वाहनों से निकलता धुआं है। प्रदूषण पर नियंत्रण करना देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। देश में होने जा रहे आम चुनाव में भी प्रदूषण मुद्दा नहीं है। राजनीतिक दल इस पर चर्चा भी नहीं कर रहे। आम आदमी को प्रदूषण को लेकर सरकारों से सवाल करने होंगे। राजनीतिक दलों पर भी दबाव बनाना होगा कि चुनावी एजेंडे में साफ हवा-पानी को भी शामिल किया जाए। देश के 9 शहर प्रदूषण के मामले में दुनिया के शीर्ष 10 शहरों में शामिल हैं। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि विश्व के शीर्ष 50 प्रदूषित शहरों में से 43 शहर तो भारत के ही हैं। प्रदूषण की स्थिति को लेकर हम दुनिया में नौवें नंबर पर हैं। ये आंकड़े डराते हैं। आखिर हम किस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं? क्या हम साफ हवा में सांस भी नहीं ले सकते हैं? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या बिगड़े हुए हालात के लिए कहीं हम खुद ही तो जिम्मेदार नहीं हैं? सबसे दुखदायी आंकड़ा ये है कि भारत की 96 फीसदी आबादी की सांसों में प्रदूषित हवा प्रवाहित हो रही है। ये कहना भी गलत नहीं होगा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपेक्षित गंभीरता का अभाव है। ऐसे में ये प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ऐसे मुद्दे राजनीतिक विमर्श में शामिल क्यों नहीं होते? पंजाब के किसान जो पराली जलाते हैं उसकी वजह से दिल्ली सहित समीपवर्ती बड़े इलाके पर धुएं की चादर बिछ जाती है। सर्वोच्च न्यायालय तक इस मामले में सख्ती दिखा चुका है। आम आदमी पार्टी जब दिल्ली की सत्ता में आई तब वह पराली के लिए पंजाब को कसूरवार ठहराया करती थी किंतु जैसे ही वहां सरकार बनी उसकी शिकायत खत्म हो गई। समय की मांग है इस बारे में नई सोच विकसित की जाए ताकि दुनिया के विकसित देशों की कतार में शामिल होने के साथ ही भारत एक स्वच्छ और प्रदूषण रहित देश के रूप में भी जाना जाए। नेताओं को यह मालूम है कि वोट प्रदूषण के मुद्दे पर नहीं मिलेंगे, बल्कि जाति, धर्म, आरक्षण आदि के मुद्दों पर मिलेंगे। प्रदूषण सीधे जिंदगी से जुड़ा हुआ मुद्दा है, लेकिन चुनावी मुद्दा नहीं बनता। स्वच्छ भारत मिशन की तरह ही स्वच्छ हवा मिशन का नारा बनना चाहिए। देखना ये है कि कोई पार्टी इसे अपने घोषणापत्र में शामिल करती है या नहीं?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सटाका




## आज की पाती

### सेजबहार की सड़कों पर अंधेरा

राजधानी से लगे सेजबहार की हाउसिंग बोर्ड कालोनी की सड़कों पर इन दिनों अंधेरा रहता है। स्ट्रीट लाइट बंद होने से आवारा कुत्ते और किसी अनहोनी को लेकर कालोनीवासी परेशान हैं। कुछ समय से कालोनी में लोगों की आबादी लगातार बढ़ रही है, वहीं हाउसिंग बोर्ड की ओर से मिलने वाली सुविधाओं में कटौती हो रही है। हाउसिंग बोर्ड के अफसर अब कालोनी की समस्या से पल्ला झाड़ रहे हैं। दफ्तर मौल श्री विहार में शिफ्ट हो गया है। ऐसे में आम लोगों की समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं है।

-किशन कुमार

## ट्रेंड

### राज्यसभा की अहम भूमिका



राज्यसभा दिवस की शुभकामनाएं। संघीय ढांचे को मजबूत करने, कानून बनाने की प्रक्रिया का मार्गदर्शन करने और लोगों की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए 1952 में आज ही के दिन उच्च सदन का गठन किया गया था। तब से, राज्यसभा ने देश के परिवर्तन में अहम भूमिका निभाई है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### चरित्र मूल्यवान निधि



चरित्र जीवन की सबसे मूल्यवान निधि है, जो ज्ञान, तप शील और सद्गुणों से उन्नत होती है। शुभ चिंतन व तदानुकुल आचरण चरित्र को पुष्पित और पल्लवित करते हैं। जीवन की सार्थकता इसी में है कि चरित्र दृष्टांत, गाथा और उदाहरण बन जाए।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### वायनाड मेरा घर



वायनाड मेरा घर है, और वायनाड के लोग मेरा परिवार हैं। उनसे, मैंने पिछले पांच वर्षों में बहुत कुछ सीखा है और भरपूर स्नेह प्राप्त किया है। यह बहुत गर्व और विनम्रता के साथ है कि मैं इस खूबसूरत भूमि से एक बार फिर लोकसभा 2024 के लिए अपना नामांकन दाखिल कर रहा हूं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### केजरीवाल का स्वास्थ्य ठीक नहीं



अरविंद केजरीवाल का गिरता स्वास्थ्य चिंता का विषय है। कई सालों से वे सीवियर डयबीटिक हैं। गिरफ़्तारी के बाद उनका वज़न 4.5 किलो गिर चुका है, सारा देश उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहा है।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

## करंट अफेयर

# 2024 के लिए नए फ़्लू टीके लेने से पहले क्या जानना जरूरी



मेलबर्न। इन्फ्लुएंजा एक सामान्य श्वसन संक्रमण है। हालांकि अधिकांश मामले अपेक्षाकृत हल्के होते हैं, फ्लू छोटे बच्चों और वृद्ध लोगों में अधिक गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। कोविड-19 महामारी के पहले वर्षों के दौरान जब सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिबंधों ने लोगों के बीच संपर्क कम कर दिया तो ऑस्ट्रेलिया से इन्फ्लुएंजा लगभग गायब हो गया। 2022 के बाद से, यह फिर एक मौसमी पैटर्न पर लौट आया है, हालांकि फ्लू का मौसम 2020 से पहले की तुलना में कुछ महीने पहले ही शुरू हो गया है और चरम पर है। वर्ष के इस समय फ्लू के मौसम की तीव्रता का अनुमान लगाना कठिन है, लेकिन कभी-कभी हमें उत्तरी गोलार्ध से संकेत मिल सकते हैं। वहां, सीज़न लगातार तीसरे वर्ष सामान्य से पहले शुरू हुआ (फरवरी/मार्च के अंत के बजाय जनवरी की शुरुआत में चरम पर), पिछले वर्ष की तुलना में बीमारी से प्रभावित लोगों और इसकी वजह से अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या समान रही। इन्फ्लूएंजा के टीकों की सिफारिश हर साल की जाती है, लेकिन अब विभिन्न प्रकार के टीकों की संख्या बढ़ रही है। इस महीने से उपलब्ध इस वर्ष के टीकों के बारे में जानने योग्य बातें यहां दी गई हैं। अन्य टीकों की तरह, इन्फ्लूएंजा टीके इन्फ्लूएंजा वायरस के एक हानिरहित घटक (एंटीजन के रूप में जाना जाता है) पर प्रतिरक्षा प्रणाली को 'प्रशिक्षित' करके काम करते हैं।

## ऑफ बीट

# मां-पिता का सामान समेटते समय ख्याल कैसे रखें



तो माँ या पिताजी की मृत्यु हो गई है, या वे वृद्ध आश्रम में चले गए हैं, और अब आप पर यह जिम्मेदारी है कि आप उनका घर खाली करें। यह बहुत बड़ा काम है और आप इससे डर रहे हैं। इस काम को करते हुए दुख, हानि, अपराधबोध होना और यहां तक कि यह काम आपको सौंपे जाने पर नाराजगी महसूस होना एकदम सामान्य है। तो आप कार्य निपटाते समय अपने मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल कैसे रख सकते हैं? अनुसंधान ने साबित किया है कि यह कार्य किस प्रकार तीव्र शारीरिक और भावनात्मक प्रभाव डाल सकता है। यह उन लोगों के लिए अधिक तीव्र हो सकता है जिनके उस व्यक्ति के साथ तनावपूर्ण - या यहां तक कि दर्दनाक - रिश्ते थे, जिसका घर वे समेट रहे हैं। वस्तुओं को वितरित करने या त्यागने के निर्णय, कुछ परिवारों में, अतीत की दर्दनाक यादें ला सकते हैं या तनावपूर्ण लम्हों को फिर से दोहरा सकते हैं। परिवार के वह सदस्य जो उस व्यक्ति की देखभाल कर रहे थे, उन्हें थकावट, घबराहट, उदासी या अन्याय की भावना महसूस हो सकती है, उन्हें अब अपने प्रियजनों के मामलों को देखना होगा। सामान कैसे संग्रहित करें या छोड़े, अंतिम संस्कार की व्यवस्था कैसे करें, वसीयत निष्पादित करें, वृद्ध देखभाल केन्द्र से निपटें या, कुछ मामलों में, कानूनी विवादों से कैसे निपटें, यह तय करने की व्यावहारिक चुनौतियों से दुख बढ़ सकता है।


हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### शिकायतों की जांच और खुली सुनवाई होगी

# कॉपी-किताब और यूनिफार्म को लेकर स्कूलों पर कार्रवाई शुरु

**जबलपुर।** अभिभावकों को खास दुकानों से कॉपी-किताब, यूनिफार्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री क्रय करने के लिये बाध्य करने की शिकायतों पर जिला प्रशासन ने 18 निजी स्कूलों के विरुद्ध मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 की धारा 6 एवं 9 में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार प्रारंभ की गई कार्यवाही में शिकायतों की जांच और खुली सुनवाई कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला समिति द्वारा की जायेगी। खुली सुनवाई में अभिभावकों तथा अन्य सभी सबंधित पक्षकारों को साक्ष्य एवं कथन प्रस्तुत करने का मौका दिया जायेगा।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला समिति गठित**



### 18 निजी स्कूलों के विरुद्ध कार्रवाई

कलेक्टर कार्यालय के अनुसार जिन स्कूलों के विरुध्द शिकायतें प्राप्त हुई हैं उनमें श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, सेंट एलायसियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल पोलीपाथर, स्टम्फील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजय नगर, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, भेड़ाघाट रोड स्थित आर्पिड इंटरनेशनल स्कूल, केयर पब्लिक स्कूल नेपियर टाउन, विजडम वैली स्कूल, माउंट लिटेरा स्कूल, सेंट जोसेफ कान्वेंट स्कूल सदर, सेंट फ्रान्सिस हाईस्कूल खमरिया, क्राइस्ट चर्च को-एड स्कूल सालीवाडा, जुपिटर इन्टनेशनल स्कूल, आयडियल स्कूल, क्राइस्ट चर्च डायसियस स्कूल घमापुर, क्षितिज माडल हाईस्कूल, नचिकेता स्कूल, कमलादेवी पब्लिक स्कूल एवं लिटिल हार्ट स्कूल भेडाघाट चौराहा शामिल हैं।

### स्टेम फील्ड स्कूल ने 22 प्रतिशत बढाई फीस

कॉपी-किताबें और यूनिफार्म विशेष दुकान से खरीदने के लिये बाध्य करने के अलावा विजय नगर स्थित स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के विरुद्ध 22 प्रतिशत फीस बढाने की शिकायत को भी संज्ञान में लिया गया है। कलेक्टर श्री सक्सेना के निर्देश पर फीस वृद्धि के इस मामले की भी जाँच की जा रही है । शिकायत सही पाये जाने पर स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध 2 लाख रुपये का अर्थदंड लगाने के साथ-साथ स्कूल की मान्यता को निलंबित अथवा रद्द करने का निर्णय भी लिया जा सकता है।

### कलेक्टर के व्हाट्स नम्बर पर की गई शिकायतें

ये सभी शिकायतें स्कूली बच्चों के अभिभावकों द्वारा कलेक्टर दीपक सक्सेना को उनके व्हाट्स नम्बर पर की गई है। ज्ञात हो कि कलेक्टर दीपक सक्सेना ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दुकान विशेष से कॉपी-किताबें, यूनिफार्म और अन्य शैक्षिक सामग्री खरीदने के लिये बाध्य करने की शिकायतों पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश देने के साथ ही अभिभावकों को अपने मोबाइल से इस तरह की शिकायत सीधे उन्हें व्हाट्सएप पर देने कहा था। श्री सक्सेना ने अभिभावकों से आग्रह किया था कि वे दुकान विशेष से कॉपी-किताबें या यूनिफार्म क्रय करने शाला प्रबंधन द्वारा औपचारिक या अनौपचारिक से दिये गये निर्देश, सलाह या सूचना, कार्ड अथवा स्कूल के अंदर या बाहर लगे पोस्टर, पम्पलेट अथवा बैनर की रिकार्डिंग या इमेज अपने मोबाइल से उनके व्हाट्सएप नम्बर 94070 83130 पर भेजें। अभिभावकों से प्राप्त इस तरह की शिकायत या सूचना देने पर तत्काल कार्यवाही करने साथ ही शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखने की बात भी कही गई थी।

### निजी स्कूल संचालकों की बैठक संपन्न

# दुकान विशेष से शैक्षणिक सामग्री व ड्रेस खरीदने के लिये कोई बाध्य नहीं करेगा : कलेक्टर

**जबलपुर।**



कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में जिले की सभी निजी स्कूल संचालकों व उनके प्रतिनर्धियों की बैठक कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने निजी स्कूल संचालकों से कहा कि आप लोग बच्चों को शिक्षित करने के लिये एक महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं लेकिन नये शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर कतिपय स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा एनसीईआरटी या एससीईआरटी से संबंधित पुस्तकों के साथ अन्य प्रकाशकों की अधिक मूल्य की पुस्तकें एवं शैक्षिक सामग्री अथवा यूनिफार्म खरीदने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पालकों को बाध्य करने के शिकायतें सामने आई हैं जिसके कारण विद्यार्थियों व पालकों को महंगे दामों में उक्त सामग्री मिल रही है जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि स्कूली सामग्री विक्रेताओं के एकाधिकार पर अंकुश लगाने के लिये निजी स्कूल संचालकों के समिति बनाकर इसे पारदर्शी बनाना है। जिसमें शैक्षणिक सामग्री व ड्रेस उचित दर पर सभी को सुलभ हो जाये। इसके लिये उन्होंने एसओपी बनाने के निर्देश दिये। जिसमें कहा कि किस दुकान से क्या खरीदें यह सलाह देना बंद करें, पाठ्यक्रम अनुसार पुस्तक मेला लगाने पर विचार करें, प्रायवेट स्कूल वाले एक समूह बनाकर इस दिशा में उचित निर्णय लेकर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि प्रायवेट स्कूल संचालक आपस में निर्णय कर इस दिशा में कारगर कदम उठायें अन्यथा प्रशासन इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी दुकान विशेष से शैक्षणिक सामग्री व ड्रेस खरीदने के लिये बाध्य करना एक अपराधिक षडयंत्र के साथ लूट भी है। प्रशासन ऐसे किसी अपराधिक षडयंत्र या लूट को बर्दाश्त नहीं करेगा और ऐसा करने वालों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान निजी स्कूल संचालक भी अपने विचार व्यक्त कर शैक्षणिक सामग्री व ड्रेस उचित दर पर सुनिश्चित करने संबंधी विचार व्यक्त कर विक्रेताओं के एकाधिकार के नियंत्रण के लिये पब्लिक ट्रस्ट बनाने में सहमति दी और दस प्रमुख स्कूलों की एक समिति बनाई गई जो इस दिशा में कार्य करेगी। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

### विधानसभा क्षेत्र भी आवंटित

# मतदान कार्मिकों के दूसरे चरण का रेण्डमाइजेशन

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कराने नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों का दूसरे चरण का रेण्डमाइजेशन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री प्रांजल यादव की मौजूदगी में कलेक्टर कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में सम्पन्न हुआ। दूसरे चरण के रेण्डमाइजेशन में मतदान कार्मिकों से मतदान दलों का गठन किया गया तथा उन्हें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आवंटित किये गये । मतदान कर्मियों के साथ ही क्रिटिकल बूथों पर तैनात किये जाने वाले माइक्रो आब्जर्वर्स का भी दूसरे चरण का रेण्डमाइजेशन सम्पन्न हुआ और उन्हें विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये । दूसरे चरण की रेण्डमाइजेशन की इस प्रक्रिया में सबसे पहले आल वुमन मैनेज्ड बूथ तथा इसके बाद सामान्य पोलिंग बूथों के मतदान दलों का गठन कर विधानसभा क्षेत्र आबंटित किये गये । इस प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर तथा जबलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी दीपक सक्सेना, अपर कलेक्टर मिशा सिंह एवं जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद थे । रेण्डमाइजेशन के प्रारंभ में निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक को मतदान दलों के रेण्डमाइजेशन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार किये गये साफ्टवेयर 'एसईसी-सीईएमएस' के बारे में जानकारी दी गई । रेण्डमाइजेशन से जबलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के आठों विधानसभा क्षेत्रों को आबंटित मतदान दलों में दस प्रतिशत रिजर्व मतदान दलों को भी शामिल किया गया है। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आशीष शुक्ला ने सम्पन्न कराई । मतदान कर्मियों के दूसरे चरण के रेंडमाइजेशन में 2 हजार 139 मतदान केंद्रों के लिये दस प्रतिशत रिजर्व सहित 2 हजार 352 मतदान दलों का गठन किया गया।

# डाकमत पत्र से मतदान कराने घर-घर जायेंगे मतदान दल

**जबलपुर। लोकसभा चुनाव में 85 से अधिक वर्ष की आयु के तथा दिव्यांग मतदाताओं को डाकमत पत्र द्वारा घर से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जबलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के ऐसे मतदाताओं से मतदान कराने प्रथम चरण में 5 और 6 अप्रैल को मतदान दल घर-घर जायेंगे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को दी गई।**



बैठक में उम्मीदवारों और राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं से घर-घर जाकर मतदान कराने विधानसभावार गठित मतदान दलों के रूट चार्ट तथा मतदान की समूची प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि घर से डाकमत पत्र से मतदान करने फार्म 12-डी में सहमति देने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं को भी मतदान के कार्यक्रम की सूचना दी जा चुकी है और इस दौरान उनसे घर पर ही मौजूद रहने का आग्रह किया गया है। बैठक में बताया गया कि घर-घर जाकर मतदान कराने के लिए गठित प्रत्येक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी एवं एक मतदान अधिकारी क्रमांक एक शामिल रहेगा। इसके अलावा प्रत्येक दल में एक माइक्रो आब्जर्वर, सुरक्षा कर्मी तथा वीडियोग्राफर को भी तैनात किया गया है। चुनाव लड रहे उम्मीदवार भी मतदान दलों के साथ अपना मतदान अभिकर्ता नियुक्त कर सकेंगे। घर से मतदान कराने की इस समूची प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी होगी।बैठक में बताया गया कि घर से डाकमत पत्र से मतदान की सहमति देने वाले 85 वर्ष से अधिक की आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान करने की अनुमति नहीं होगी। यदि वे पहले चरण में मतदान दल के भ्रमण के दौरान किसी कारण से घर में उपलब्ध नहीं होंगे तो दूसरे चरण में 8 और 9 अप्रैल को मतदान कराने एक बार फिर मतदान दल उनके घर पहुंचेगा। इसकी बकायदा घर में मौजूद परिवार के सदस्यों की सूचना दी जायेगी। दूसरे चरण में भी घर से अनुपस्थित रहने पर ऐसे मतदाताओं को मतदान की सुविधा नहीं दी जायेगी।

# रविवार को जबलपुर में रोड शो करेंगे प्रधानमंत्री

### भाजपा संगठन में तैयारियां शुरु

**जबलपुर।** जबलपुर लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार जोर पकड़ रहा है। स्टार प्रचारकों के मामले में भाजपा, कांग्रेस से फिलहाल 4 कदम आगे है। मंगलवार को जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जबलपुर आए। अब आगामी रविवार 7 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने की खबर है। हालांकी इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। लेकिन संगठन और जिला प्रशासन की तैयारियां बता रही हैं कि पीएम मोदी आ रहे हैं। भाजपा संगठन से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री मोदी जबलपुर में रोड शो करेंगे। यह रोड शो पश्चिम, उत्तर और पूर्व के कुछ हिस्सों को कवर करेगा। रोड शो शाम के समय होगा। जिसके बाद पीएम बालाघाट के लिये रवाना होंगे। जहां वे रैली को संबोधित करेंगे। पीएम की आने की आहट मात्र से भारतीय जनता पार्टी जबलपुर का फर्श से अर्श तक अमला उत्साहित हो गया है। बताया जा रहा है कि आज भाजपा कार्यालय में बड़ी बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें पीएम के कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार कर जिम्मेदारी बांटी जाएगी।

# आज शाम नहीं आएगा पानी

**जबलपुर।** नगर निगम जल विभाग के प्रमुख एवं कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि नर्मदा जल प्रदाय योजनांतर्गत 120 एम.एल.डी. रमनगरा जलशोधन संयंत्र में म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी के पोल सुधार कार्य के चलते आज शाम को जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि संयंत्र से भरी जाने वाली टंकियाँ क्रमश बिड़ला धर्मशाला, मेडिकल, त्रिपुरी, गुलौआ, राईट टाउन, रामेश्वरम, मनमोहन नगर, लक्ष्मीपुर, कोतवाली, मोतीनाला, आनंद नगर, लेमा गार्डन, सर्वेदय नगर, मदर टैरेसा, वेदीनगर, मिल्क स्कीम, किलकारी गार्डन तथा अमृत योजना की क्रमश कोंगवा, करमेता, शिवनगर, अमखेरा, रवीन्द्र नगर, सुहागी, खैरी व देवताल उच्चस्तरीय टंकियों से सायंकालीन जलापूर्ति अवरूद्ध रहेगी। उक्त अतिमहत्वपूर्ण कार्य के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने खेद व्यक्त किया है।




# कोर्ट में चल रहे विभागीय प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न

**जबलपुर।** संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने कोर्ट में चल रहे विभागीय प्रकरणों के संबंध में आज समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभागवार सभी प्रकरणों की जानकारी लेकर कहा कि समय पर जबाव दावा प्रस्तुत करें। कोई भी ओआईसी इस दिशा में लापरवाही न बरते। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह बाद इस संबंध में पुनः बैठक आयोजित की जायेगी।

# शांतिपूर्ण एवं प्रलोभन मुक्त निर्वाचन के लिये सीमाओं पर रखें कड़ी निगरानी

**भारत निर्वाचन आयोग ने सभी प्रदेशों के सीएस, डीजीपी एवं केन्द्रीय एजेन्सियों के प्रमुखों की बैठक लेकर दिये निर्देश**

**जबलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनावों के दौरान कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा और आंकलन करने, अवैध गतिविधियों, जब्ती की रोकथाम और अंतर-राज्य और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। संयुक्त समीक्षा का उद्देश्य स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव के लिए सीमाओं की रक्षा करने वाली केंद्रीय एजेंसियों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों के बीच सहज समन्वय और सहयोग के लिए सभी संबंधित हितधारकों को एक ही मंच पर लाना था। आयोग ने प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित सभी महत्वपूर्ण विषयों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार और श्री सुखबीर सिंह संधू के साथ ही राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और सीमाओं की रक्षा करने वाली केंद्रीय एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी शामिल हुये। मुख्य चुनाव आयुक्त श्री राजीव कुमार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और सभी हितधारकों से चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाए रखने और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिये कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी डर या भय के अपने मतदान के अधिकार का उपयोग कर सके। श्री कुमार सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और एजेंसियों से स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भय-मुक्त चुनाव के लिए अपने 'संकल्प' को ठोस 'कार्रवाई' में बदलने का आह्वान किया।

बैठक में पड़ोसी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता, सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में पर्याप्त रूप से प्रदान की गई सीएपीएफ की तैनाती, सीमावर्ती राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में सीएपीएफ कर्मियों की आवाजाही और परिवहन के लिए साजो-सामान संबंधी सहायता, सीमावर्ती क्षेत्रों में उन फ़्लैशपॉइंटों की पहचान और निगरानी करना जिनका चुनाव प्रक्रिया पर प्रभाव पड़ सकता है, पिछले अनुभवों के आधार पर सांप्रदायिक तनाव को दूर करने के लिए निवारक, उपाय और अवैध गतिविधियों के खिलाफ खुली सीमाओं को सुरक्षित करने की अनिवार्यता आदि विषयों पर चर्चा हुई। आयोग ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार नशीले पदार्थों, शराब, हथियारों और विस्फोटकों सहित प्रतिबंधित वस्तुओं की आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी निगरानी के महत्व को रेखांकित किया। कुछ राज्यों में अवैध गांजा की खेती पर अंकुश लगाने, सीमाओं पर शराब और नकदी की आवाजाही के लिए निकास और प्रवेश बिंदुओं की पहचान करने के निर्देश दिये।

कानून एवं व्यवस्था संबंधी निर्देश

1. कड़ी निगरानी के लिए अंतर्राष्ट्रीय और अंतरराज्यीय सीमाओं पर एकीकृत जांच चौकियां।
2. सीमावर्ती जिलों के बीच अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर खुफिया जानकारी साझा करना।
3. अंतिम 48 घंटों के दौरान फर्जी मतदान को रोकने के लिए अंतरराज्यीय सीमाओं को सील करना।

### मुख्यमंत्री ने राहुल के बयान पर साधा निशाना

# राहुल की बात पर कोई भरोसा नहीं करता : डॉ. यादव



**जबलपुर। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने यहां कहा कि राहुल गांधी की बात का कोई भरोसा नहीं करता है। उन्होंने कहा कि श्री गांधी के बातों में न कोई तथ्य होते है और न ही कोई गंभीरता होती है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अब तो उनकी पार्टी भी उन्हें गंभीरता से नहीं लेती। जबलपुर से मालवा के दौरे पर जाने के पूर्व मुख्यमंत्री पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे।**

इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी के उस बयान पर तंज कसा, जिस पर उन्होंने यह कहा था कि भाजपा चुनाव में मैच फिक्सिंग का खेल खेल रही है, यदि इस बाद फिर भाजपा सरकार बनी तो देश में आग लग जाएगी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल की बात पर भरोसा कौन करता है। आजकल राहुल जो बोलते हैं उसमें न कोई तथ्य होता न हीं कोई गंभीरता होती है। अब न तो उन्हें कोई गंभीरता से लेता न ही उनकी पार्टी को । मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव जैसे नजदीक आ रहा है त्यों-त्यों भाजपा के पक्ष में माहौल बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का तो अता-पता नहीं। कांग्रेस बहुत पीछे रह गई है इसका कारण भी स्वयं राहुल गांधी ही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दुर्गति का कारण ही राहुल गांधी है। कांगेस चुनाव को गंभीरता से ले ही नहीं रही है। उम्मीद करते हैं कांग्रेस अपने अंतरविरोध से बाहर आएगी और आत्मावलोकन करेगी।

## राहुल के मन में आग लग रही होगी : विजयवर्गीय



इस देश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी राहुल गांधी के बयान पर किये गये सवाल के जवाब में कहा उन्होंने कहा कि मेरा ख्याल है कि ऐसे नासमझी वाली बात इस स्तर के नेता को नहीं करनी चाहिए। जिस तरीके से देश में विकास हो रहा है, जिस तरीके से देश की जनता भाजपा और मोदी के साथ है, इस कारण उनके मन में आग लग रही होगी। इसलिए उनको ऐसा लगता है। बाकी देश विकास हो रहा है, देश प्रगति कर रहा है, गरीबी दूर हो रही है। कांग्रेस को ऐसी मूर्खता पूर्ण बात नहीं करनी चाहिए।

## ग्राम पंचायत हरगढ़ का मामला

# ग्रामीणों ने लगाये मतदान बहिष्कार के नारे

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

सिहोरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत हरगढ़ में निवासरत ग्रामीणों ने मतदान के बहिष्कार का नारा लगाते हुए मार्ग जाम कर दिया था सूचना पर खितौला टी आई संगीता सिंह एवं नायब तहसीलदार सिहोरा ने मौके पर उपस्थित होकर प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। पीड़ित परिवारों का कहना है कि 1980 से जिस भूखंड पर कास्तकारी कर अपने परिवार का उदर पोषण कर रहे हैं उससे उन्हें वंचित किया जा रहा है।




### क्या है मामला

पीड़ित परिवार के अनुसार पटवारी हल्का नंबर 72 राजस्व निरीक्षक मंडल खितौला रकवा नंबर 23.56 में लगभग 45 एकड़ भूमि तहसील सिहोरा के ग्राम सरदा ग्राम पंचायत हरगढ़ में ग्राम सभा के द्वारा संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए आदिवासी ग्रामीण जनों को जीवन निर्वाह के लिए भूमि प्रदान की गई थी। आदिवासियो व उनके पूर्वजों के द्वारा 1980 के पूर्व से उक्त भूमि पर कृषि कार्य करके अपने परिवार का भरण पोषण किया जाता था। उक्त भूमि से बेदखल किए जाने से कृषि कार्य कर रहे आदिवासियो के समक्ष परिवार के भरण पोषण का संकट उत्पन्न हो गया है।




## स्वच्छता जागरूकता अभियान

**जबलपुर।** जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत संभाग क्र. 08 के संभागीय कार्यालय परिसर से स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। स्वच्छता रैली बड़ी खेरमाई मंदिर, दुर्गा माता चौक, हनुमानताल जैन मंदिर, नर्मदा नर्सरी स्कूल, मिलौनगंज तिराहा, खेरमाई एवं हनुमानताल वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर हनुमानताल थाने के सामने समाप्त हुई। हनुमानताल एवं आस पास के सभी रहवासी क्षेत्रों के आम नागरिकों, आस-पास के दुकानदारों को घर एवं दुकान में बनाये जाने वाले सेप्टिक टैंक को सही तरीके से न बनाने एवं उसे हर तीन साल में साफ नहीं करवाने से होने खतरे एवं बिमारियों से अवगत करवाया गया। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक हिटलर अर्खेल, अगस्त वर्मा, स्वास्थ्य निरीक्षक अप्पा राव, सभी वार्डों के सुपरवाइजर, जल उपयंत्री अरविंद पटेल, जल सहायक यंत्री अभिषेक रैकवार एवं जल विभाग के सभी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर बाबाताल में पारंपरिक यज्ञोपवीत जनेऊ संस्कार आज



**सिहोरा।** सिद्ध पीठ स्थल शिव मंदिर बाबाताल में भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा से आगामी 8 अप्रैल तक चल रहे हवनात्मक तथा महा अभिषेकात्मक श्री महारुद्र यज्ञ में भक्तों की अपार भीड़ पुण्य लाभ अर्जित करने उमड़ रही है।वहीं रामलीला का मंचन देखने भी लोग देर रात तक जमे रहते हैं यज्ञाचार्य पंडित केशव प्रसाद शास्त्री मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ वेदी में आहुति डलवा रहे हैं जिससे सारा वातावरण धर्ममय हो गया है। यज्ञ समिति के राजकुमार तिवारी पिंटा महाराज ने बताया विश्व शांति एंव मानव कल्याणार्थ के उद्देश्य को लेकर आयोजित हो रहे यज्ञ में अनेक धार्मिक आयोजन तो रोज चल रहे हैं लेकिन आज गुरुवार को ब्राह्मण बालकों का जनेऊ उपनयन यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन यज्ञ स्थल पर किया जायेगा।

## आज कराना होगा निर्वाचन व्यय लेखे के निरीक्षण

**जबलपुर।** लोकसभा निर्वाचन -2024 के तहत जबलपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को पहले चरण में गुरुवार 4 अप्रैल को अपने निर्वाचन व्यय लेखा का निरीक्षण जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल में कराना होगा। लोकसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय लेखा निरीक्षण की तय की गई तिथियों के मुताबिक उम्मीदवारों को अपने व्यय लेखे का मतदान अवधि के दौरान तीन बार परीक्षण कराना होगा। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार उम्मीदवारों के व्यय लेखों का प्रथम निरीक्षण 4 अप्रैल, द्वितीय निरीक्षण 12 अप्रैल एवं तृतीय निरीक्षण 16 अप्रैल को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। निर्वाचन व्यय लेखा परीक्षण के दौरान उम्मीदवार स्वयं अथवा उसका निर्वाचन एजेंट अथवा उसके द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्ति व्यय प्रेक्षक के समक्ष निर्वाचन व्यय लेखा के साथ उपस्थित हो सकेगा।

## रोजा अफ्तार का आयोजन आज

**सिहोरा।** सब्जी मंडी सिहोरा में शेख अब्बास फल भंडार द्वारा आज 4 अप्रैल दिन गुरुवार को इस्लाम धर्म के पवित्र पाक महीने रमजान के 24 वें रोजा पर रोजदारों के लिए रात्रि 8 बजे रोजा अफ्तार का आयोजन किया गया।

## विधानसभा क्षेत्र भी आवंटित

# मतदान कार्मिकों के दूसरे चरण का रेण्डमाइजेशन




**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कराने नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों का दूसरे चरण का रेण्डमाइजेशन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री प्रांजल यादव की मौजूदगी में कलेक्टर कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में सम्पन्न हुआ। दूसरे चरण के रेण्डमाइजेशन में मतदान कार्मिकों से मतदान दलों का गठन किया गया तथा उन्हें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आवंटित किये गये। मतदान कर्मियों के साथ ही क्रिटिकल बूथों पर तैनात किये जाने वाले माइक्रो आब्जर्वर्स का भी दूसरे चरण का रेण्डमाइजेशन सम्पन्न हुआ और उन्हें विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये। दूसरे चरण की रेण्डमाइजेशन की इस प्रक्रिया में सबसे पहले आल वुमन मैनेज्ड बूथ तथा इसके बाद सामान्य पोलिंग बूथों के मतदान दलों का गठन कर विधानसभा क्षेत्र आबंटित किये गये। इस प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर तथा जबलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी दीपक सक्सेना, अपर कलेक्टर मिशा सिंह एवं जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी मौजूद थे। रेण्डमाइजेशन के प्रारंभ में निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक को मतदान दलों के रेण्डमाइजेशन के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार किये गये साफ्टवेयर 'एसईसी-सीईएमएस' के बारे में जानकारी दी गई। रेण्डमाइजेशन से जबलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के आठों विधानसभा क्षेत्रों को आबंटित मतदान दलों में दस प्रतिशत रिजर्व मतदान दलों को भी शामिल किया गया है। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आशीष शुक्ला ने सम्पन्न कराई। मतदान कर्मियों के दूसरे चरण के रेंडमाइजेशन में 2 हजार 139 मतदान केंद्रों के लिये दस प्रतिशत रिजर्व सहित 2 हजार 352 मतदान दलों का गठन किया गया। इसी प्रकार 491 क्रिटिकल बूथों के लिये दस प्रतिशत रिजर्व सहित 543 माइक्रो आब्जर्वर विधानसभावार आवंटित किये गये। इसके पहले ऑल वुमन मैनेज्ड बूथ के लिये दस प्रतिशत रिजर्व सहित 286 मतदान दल गठित किये गये और उन्हें विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये। जिले में कुल 2 हजार 139 मतदान केंद्रों में से 260 ऑल वुमन मैनेज्ड बूथ बनाये जा रहे हैं। इन मतदान केंद्रों के मतदान दलों में महिला कर्मचारी ही होंगी और वे ही मतदान कराने की जिम्मेदारी संभालेंगी।

# सफाई व्यवस्था का निरीक्षण



**जबलपुर।** निगमायुक्त प्रीति यादव के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का ताबड़तोड़ दौरा किया गया और निर्माणधीन कार्ये के साथ-साथ जबलपुर शहर के वासियों को आने वाले बरसात के मौसम में होने वाली जलप्लावन की समस्या से निजात दिलाने के लिए, नाला-नाली सफाई की व्यवस्थाओं का आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर जायजा लिया गया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से राँझी जलशोधन संयंत्र के पास संभाग क्रमांक 10 में लगभग 51 टी.पी.डी. क्षमता एवं छुई खदान संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत आने वाले 120 टी.पी.डी. क्षमता के निर्मित ट्रान्सफर स्टेशन जिसका की पूर्व में मध्यप्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उद्घाटन किया जा चुका है को अगले सोमवार से प्रारंभ करने के निर्देश दिए।इस मौके पर उपायुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी संभव अयाची, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल भूपेंद्र सिंह, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, संभाग क्रमांक 10 के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल मिश्रा, संभाग क्रमांक 11 के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक पोला राव आदि उपस्थित रहे।

# सुपर सीडर मशीन से बोनी का प्रदर्शन

**जबलपुर।** पाटन अनुभाग के अंतर्गत ग्राम मुर्रई में किसान सौरभ पटैल के खेत में सुपर सीडर मशीन द्वारा नरवाई जलाए बिना गेहूं की कटाई के बाद मूंग की बोनी की गई। इस दौरान परियोजना संचालक आत्मा डॉ एस के निगम, अनुविभागीय अधिकारी पाटन डॉ इनद्रिरा त्रिपाठी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीकांत यादव, कृषि विस्तार अधिकारी जे.पी. त्रिपाठी एवं स्थानीय किसान उपस्थित रहे। इस अवसर पर कृषक सौरभ पटैल ने बताया कि सुपर सीडर मशीन नरवाई को टुकडों में काटकर मिट्टी के नीचे दबा देती है और बीजों की बोनी भी कर देती है। मिट्टी में दबी पराली गलकर खाद बन जाती है। जिससे मिट्टी की उर्वरक शक्ति बढ़ती है और पैदावार भी ज्यादा होती है। उन्होंने बताया कि पराली से बनी यह खाद जमीन में पानी सोखने की ताकत को बढ़ाती है। सुपर सीडर मशीन से बोनी करने पर बीज की मात्रा कम लगती है और अंकुरण 90 से 100 प्रतिशत रहता है। परियोजना संचालक आत्मा डॉ एस के निगम ने बताया सुपर सीडर मशीन एक मल्टी टास्किंग मशीन है। ये मशीन बोवनी, जुताई, मल्चिंग और खाद फैलाने का काम एक साथ करती है। मशीन के इस्तेमाल से खेती बेहद आसान हो जाती है और किसानों के समय और रूपए दोनों की बचत होती है। अनुविभागीय अधिकारी पाटन डॉ. इनद्रिरा त्रिपाठी ने बताया कि पाटन अनुभाग में किसानों के पास लगभग 6 सुपर सीडर एवं लगभग 30 हैप्पी सीडर मशीन उपलब्ध हैं। क्षेत्र के अन्य किसान इन मशीनों को किराये से लेकर उपयोग कर रहे हैं। पाटन में जायद सीजन में सुपर सीडर एवं हैप्पी सीडर मशीन के उपयोग से अब तक लगभग 2 हजार एकड़ में मूंग की बोनी बिना नरवाई जलाये हो चुकी है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीकांत यादव के मुताबिक हैप्पी सीडर मशीन की कीमत 1 लाख 50 हजार से 2 लाख रुपए एवं सुपर सीडर मशीन की कीमत 2 लाख 50 हजार रुपए से 3 लाख रुपए है। कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा मशीनों को क्रय करने पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।

## युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत सिद्धबाबा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिद्धबाबा निवासी 20 वर्षीय राज प्रजापति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों द्वारा उसे विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## वृद्ध ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत ग्राम रोंसरा में एक बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पाटन चौकी नुनसर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रोंसरा निवासी 66 वर्षीय रामगोपाल रैकवार गत सुबह 7 बजे टहलने के लिए निकलते थे जो शाम तक वापस नहीं आए। तलाश करने पर रामगोपाल रैकवार अमरुद वाले बगीचे में बिही के पेड़ पर चढ़कर गमछा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# दो सूने मकानों का ताला तोड़कर जेवर व नगदी चोरी



**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत बाबा बर्फानीनगर में दो सूने घरों का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर नगदी सहित कीमती सामान चोरी कर ले गये।

माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबा बर्फानीनगर निवासी 30 वर्षीय योगेंद्र पैगवार गत 29 मार्च की रात में घर पर ताला लगाकर सपरिवार सहित इंदौर घूमने गया था। इस दौरान उनके सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर अलमारी में रखी सोने की 2 जेंटस अंगूठी, 2 मंगलसूत्र, एक जोड़ी पाटले, एक चैन, एक लोंग, चांदी की 20 जोड़ी बिछिया, 2 जोड़ी पायल, एक काले रंग का एचपी कम्पनी का बैग, नगदी 10 हजार रूपये, पुराने नोट एवं सिक्कों का कलेक्शन चोरी की ले गया। इसी प्रकार योगेंद्र के पड़ोस में रहने वाले 29 वर्षीय प्रशिक्षण अधिकारी आकाश कुमार कश्यप के मकान का भी ताला तोड़कर चोर उनके घर से भी पूजन सामग्री की एक चांदी की थाली, एक चम्मच, एक छत्र, एक लोटा चोरी कर ले गये। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## 300 पाव देशी शराब जब्त

**जबलपुर।** भेड़ाघाट पुलिस ने गत रात सरस्वती घाट हरे कृष्णा आश्रम के पास रोड किनारे अवैध शराब की तस्करी में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 300 पाव देशी शराब जब्त की है, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। भेड़ाघाट थाना प्रभारी श्रीमती पूर्वा चौरसिया ने बताया कि गत रात सरस्वती घाट हरे कृष्णा आश्रम के पास रोड किनारे चंडालभाटा स्मार्ट सिटी के पास गोहलपुर निवासी 30 वर्षीय विवेक उर्फ विक्कू साकेत और सरस्वती घाट निवासी अमन तिवारी दोनों शराब बेचने की फिराक में खड़े थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी विवेक उर्फ विक्कू साकेत को गिरफ्तार कर लिया, वहीं दूसरा आरोपी अमन तिवारी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी विवेक उर्फ विक्कू साकेत के कब्जे से दो थैलों में रखी 300 पाव देशी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत लगभग 29 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## आज कराना होगा निर्वाचन व्यय लेखे के निरीक्षण

**जबलपुर।** लोकसभा निर्वाचन -2024 के तहत जबलपुर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को पहले चरण में गुरुवार 4 अप्रैल को अपने निर्वाचन व्यय लेखा का निरीक्षण जिला निर्वाचन कार्यालय के एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल में कराना होगा। लोकसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के निर्वाचन व्यय लेखा निरीक्षण की तय की गई तिथियों के मुताबिक उम्मीदवारों को अपने व्यय लेखे का मतदान अवधि के दौरान तीन बार परीक्षण कराना होगा। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार उम्मीदवारों के व्यय लेखों का प्रथम निरीक्षण 4 अप्रैल, द्वितीय निरीक्षण 12 अप्रैल एवं तृतीय निरीक्षण 16 अप्रैल को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। निर्वाचन व्यय लेखा परीक्षण के दौरान उम्मीदवार स्वयं अथवा उसका निर्वाचन एजेंट अथवा उसके द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्ति व्यय प्रेक्षक के समक्ष निर्वाचन व्यय लेखा के साथ उपस्थित हो सकेगा।




**श्रीमती सरोज पंड्या-** नयागांव सोसायटी रामपुर निवासी श्री आलोक पंड्या की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज पंड्या (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री द्वारका प्रसाद गुप्ता-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री द्वारका प्रसाद गुप्ता (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम दास-** टिम्बर फैक्ट्री के पास पिपरी निवासी श्री राम दास (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवान दास खटीक-** सिंधी कैंप खटीक मोहल्ला निवासी श्री भगवान दास खटीक (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मूलचंद साहू-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री मूलचंद साहू (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संदीप नन्हेंट-** प्रेमनगर पोस्ट आफिस के पास मदनमहल निवासी श्री छोटे लाल नन्हेंट के पुत्र श्री संदीप नन्हेंट (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री वासुदेव गंगोपाध्याय-** राजुल टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री वासुदेव गंगोपाध्याय (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राज प्रजापति-** लालमाटी गोपाल होटल प्रजापति धर्मशाला के पास निवासी श्री चोखे लाल प्रजापति के पुत्र श्री राज प्रजापति (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मथुरा प्रसाद साहू-** कुदवारी अमखेरा निवासी श्री मथुरा प्रसाद साहू (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय ठाकुर-** हाथीताल पुराना पान बरेजा के पास निवासी श्री प्रभुदयाल ठाकुर के पुत्र श्री अजय ठाकुर (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शशि मालवीय-** विवेक कॉलोनी अधारताल निवासी श्री रमाशंकर मालवीय की धर्मपत्नी श्रीमती शशि मालवीय का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा सोनी-** कांचघर विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री चंदन लाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती उमा सोनी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मंगला कांवड़े-** सिंधी कॉलोनी दीक्षितपुरा निवासी श्री सुरेश कांवड़े की धर्मपत्नी श्रीमती मंगला कांवड़े (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीरा खटीक-** रानीगंज पन्ना निवासी श्री लखन खटीक की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा खटीक (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तृप्ति बोस-** यादव कॉलोनी निवासी श्री विश्वनाथ बोस की धर्मपत्नी श्रीमती तृप्ति बोस (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

**लोकसभा क्षेत्र**
दमोह
1 भाजपा प्रत्याशी
राहुल लोधी
2 कांग्रेस प्रत्याशी
तरवर लोधी

**पिछली बार कौन जीता**
प्रह्लाद पटेल
जीत का अंतर
3 लाख 53 हजार 411

## कांग्रेस छोड़ भाजपा में आए राहुल उप चुनाव में पराजित, जीत की राह में इस बार भी अड़चन बने कांग्रेस के तरवर

# दमोह में दो संबंधियों में सीधा मुकाबला, दोनों हार चुके विस चुनाव

*बुंदेलखंड अंचल की दमोह लोकसभा सीट का मुकाबला इस मायने में रोचक है कि भाजपा और कांग्रेस से दो खास मित्र और संबंधी आमने- सामने हैं। ये हैं भाजपा के राहुल लोधी और कांग्रेस के तरवर लोधी। 2019 में दोनों कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीत कर विधायक बने थे। डेढ़ साल बाद ही राहुल दल बदल कर भाजपा में चले गए, लेकिन उप चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया। अब वे पार्टी की ओर से लोकसभा के प्रत्याशी हैं। तरवर भी 2023 का विधानसभा चुनाव हार गए थे और अब लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वे राहुल की जीत की राह में अड़चन हैं। दोनों संबंधी हैं और अच्छे पुराने मित्र भी। इसलिए भी सभी की नजर इस चुनाव पर है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

भाजपा का नारा है 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास', जबकि कांग्रेस कहती है 'कांग्रेस का हाथ, सबके साथ', लेकिन दमोह लोकसभा क्षेत्र में दोनों दलों के प्रत्याशियों पर दृष्टि डालने से पता चलता है कि यह महज नारे हैं, वास्तविकता से इनका कोई नाता नहीं। दमोह क्षेत्र में सबसे ज्यादा मतदाता लोधी समाज के हैं, इसलिए दोनों दलों ने अपने प्रत्याशी इसी समाज से उतारे हैं। भाजपा से राहुल लोधी और कांग्रेस से तरवर लोधी।

साफ है कि अब भी चुनावों में जातिवादी राजनीति का ही डंका बजता है और हर दल इस


राहुल लोधी


तरवर लोधी

दलदल में धंसा है। 2004 से 2019 तक इस सीट से भाजपा के लोधी प्रत्याशी चुनाव जीतते आ रहे हैं। 2004 में चंद्रभान सिंह लोधी, 2009 में शिवराज सिंह लोधी, 2014 और 2019 में प्रहलाद पटेल चुनाव जीते, सभी इसी समाज से हैं। इस बार फिर भाजपा ने लोधी प्रत्याशी दिया है तो कांग्रेस ने भी लोधी मैदान में उतार दिया है। लोकसभा चुनाव में असर की दृष्टि से भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी इस नाते बराबरी पर हैं कि दोनों विधानसभा का एक-एक चुनाव हारने के बाद लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी राहुल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए हैं, इसलिए उनसे कांग्रेसी चिढ़े हैं ही, भाजपा के अंदर भी उनका विरोध है। पर दमोह क्षेत्र की 8 में से 7 विधानसभा सीटों पर भाजपा काबिज है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी का चेहरा हैं, इसका उन्हें फायदा मिलता दिख रहा है। राहुल को लेकर व्यक्तिगत विरोध अब तक समाप्त नहीं हुआ, लेकिन दमोह लोकसभा क्षेत्र भाजपा के मिजाज वाला है, इसका लाभ उन्हें मिल सकता है। दूसरी तरफ कांग्रेस के तरवर लोधी का कोई व्यक्तिगत विरोध नहीं है। दो विधानसभा क्षेत्रों बंडा और मलेहरा में उनका खास असर है, लेकिन कांग्रेस की बुरी हालत और विधानसभाओं में कम ताकत का उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### विधानसभा की 8 में से 7 सीटों पर भाजपा

विधानसभा सीटों के लिहाज से ताकत में भाजपा बहुत भारी दिखती है। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में से 7 पर भाजपा और सिर्फ एक सीट पर कांग्रेस काबिज है। कांग्रेस की रामसिया भारती सिर्फ मलेहरा से विधायक हैं। ये भी लोधी समाज से हैं। दूसरी तरफ क्षेत्र की देवरी, रेहली, बंडा, पथरिया, दमोह, जबेरा और हटा में भाजपा का कब्जा है। वोटों के अंतर की दृष्टि से कांग्रेस ने मलेहरा में 21 हजार 532 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है, जबकि भाजपा की सात सीटों में जीत का अंतर 2 लाख 77 हजार से ज्यादा है। लगभग ढाई लाख वोटों के अंतर को कांग्रेस कैसे कवर पाएगी, यह बड़ा सवाल है। हालांकि इनमें से गोपाल भार्गव और जयंत मलैया ने रेहली और दमोह में ही 1 लाख 24 हजार से ज्यादा की लीड ली है। भाजपा के राहुल को यह लीड मिलना मुश्किल है।

### लोधी, अजा, कुर्मी, यादव समाज का दबदबा

दमोह लोकसभा सीट लोधी बाहुल्य मानी जाती है। हालांकि यहां सबसे ज्यादा 5 लाख से ज्यादा वोट अनुसूचित जाति वर्ग के हैं। लोधी समाज के मतदाताओं की तादाद तीन लाख के आसपास बताई जाती है। इनके दम पर ही यहां से लोधी समाज से सांसद बनता आ रहा है। हालांकि कुर्मी समाज के रामकृष्ण कुसमारिया भी दमोह से चार चुनाव जीते। क्षेत्र में कुर्मी समाज के मतदाताओं की तादाद डेढ़ लाख बताई जाती है। यादव मतदाता भी कुर्मियों के बराबर लगभग डेढ़ लाख ही हैं, लेकिन इस समाज से कभी सांसद नहीं बना। क्षेत्र में ब्राह्मण लगभग 1 लाख और जैन समाज के मतदाता करीब 50 हजार बताए जाते हैं। यह भी चुनाव में अपनी भूमिका निभाते है। दलों की नजर सभी समाजों पर लगी हुई है।

### तीन जिलों में फैला है दमोह लोकसभा क्षेत्र

दमोह लोकसभा क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से प्रदेश के तीन जिलों तक फैला है। इसके तहत दमोह जिले की चार विधानसभा सीटें पथरिया, दमोह, जबेरा और हटा आती हैं तो सागर जिले की तीन सीटें रेहली, बंडा और देवरी। एक विधानसभा सीट मलेहरा छतरपुर जिले में है, यह भी दमोह लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। तीन जिलों में बंटा होने के कारण इस क्षेत्र में किसी एक नेता का असर नहीं है। इसका नतीजा यह कि यहां से बाहरी नेता भी जीतते रहे। 2014 और 2019 का चुनाव जीते प्रहलाद पटेल भी यहां के नहीं, नरसिंहपुर जिले के निवासी हैं। इस बार भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी क्षेत्र से, एक ही समाज के और आपस में मित्र एवं रिश्तेदार हैं। वहीं यह सीट भाजपा का गढ़ बन चुकी है।

### क्या रहेंगे मुद्दे?

दूसरे लोकसभा क्षेत्रों की तरह दमोह में भी राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दों का ज्यादा असर है। भाजपा राम लहर के सहारे है। कश्मीर से धारा 370 हटाने, तीन तलाक और हिंदू- मुस्लिम राजनीति का भी पार्टी को सहारा है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों और योजनाओं का प्रचार लोगों के बीच किया जा रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस राहुल गांधी की न्याय यात्रा के साथ पार्टी द्वारा घोषित गारंटियों के सहारे मैदान में है। कांग्रेस ने बुंदेलखंड की खजुराहो सीट सपा को समझौते में दी है। इसकी वजह से काफी तादाद में यादव मतदाता कांग्रेस की ओर जा सकता है। हालांकि मप्र में यादव चेहरा स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं।

### लोस चुनाव में 97 करोड़ मतदाता

आजादी के बाद 1951-52 में जब पहली बार लोकसभा के चुनाव हुए थे तब देश में कुल मतदाताओं की संख्या 17 करोड़ 32 लाख 13 हजार 635 थी। जब 18वीं लोकसभा का चुनाव संपन्न होने जा रहा है, इस दौरान मतदाताओं की संख्या 9 फरवरी 2024 को चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 97 करोड़ से अधिक है। जिसमें 66.76 फ़ीसदी युवा मतदाता है। मतदाताओं की कुल संख्या में 6 फ़ीसदी नए मतदाता जुड़े हैं। इसी प्रकार लैंगिक अनुपात भी 2019 के 940 के मुकाबले 948 हो गया है। मप्र में 2019 में चार चरण में मतदान हुआ था तथा मतगणना 23 मई को पूरे देश में एक साथ हुई थी। उस दौरान मध्य प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या 5,18,67,474 थी। जबकि इस बार मतदाताओं की संख्या 5,65,12,735 है। जिनमें पुरुष मतदाता 2,90,30,451, महिला मतदाता 2,74,81,067 तथा 1217 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

**जो हो न सका...**

## भूमि आवंटित, कंपनी निरीक्षण के लिए आई लेकिन डेवलप नहीं हो पाया आईटी पार्क

मध्य प्रदेश सरकार के प्रस्ताव पर केंद्र के सहयोग से देश के जाने माने आईटी पार्क की तरह भोपाल में भी एक प्लानिंग बनी थी। इसके लिए सीहोर नाके के पास भूमि का आवंटन कर डेवलपमेंट और आईटी कंपनियों की मीट भी हो गई, लेकिन आईटी पार्क मूर्तरूप पूरी तरह से नहीं ले पाया।

यहां बोर्ड भी लगा है आईटी पार्क के नाम से और लोकसभा चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार इस आईटी पार्क को लेकर बड़े-बड़े वादे करता है, लेकिन केंद्र सरकार के सहयोग से आईटी कंपनियां यहां स्थापित नहीं करवा पाता है। आईटी पार्क बनने के बाद भी कुछ कंपनियों ने भूमि खरीदकर काम शुरू किया, लेकिन कंपनी चालू नहीं हो पाईं। आईटी से संबंधित भोपाल के युवाओं का कहना है कि हर बार चुनाव के दौरान आईटी कंपनियों स्थापित करवाने की बात आती है, लेकिन एक भी आईटी कंपनी नहीं आ रही है।

जो भी युवा आईटी पास आउट है, वो बैंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और चैन्नई शहर की तरफ भाग रहा है। अच्छी कंपनी नहीं होने के कारण एक भी युवा राजधानी भोपाल में नहीं रुक पा रहा है। यहां के युवाओं का कहना है कि भोपाल का आईटी पार्क अगर पूरी तरह से विकसित हो जाए तो संभव है कि 25 प्रतिशत युवा इन शहरों की तरफ न भागें।

**कोरोना काल के बाद बनी थी उम्मीद**



कोरोना काल के बाद युवाओं के लिए खुशखबरी थी कि आईटी पार्क में जल्द ही 44 कंपनियां काम शुरू करने वाली हैं। इस आईटी पार्क में करीब 9 हजार युवाओं को रोजगार मिलने का अनुमान लगाया जा रहा था। इसके बाद 35 आईटी कंपनियों ने जमीन तो खरीद ली, लेकिन इनका काम चालू नहीं हुआ। अब तो युवा कहने लगे हैं कि दूसरे प्रोजेक्ट की तरह यह भी नहीं हो सका।

**चाय पे चर्चा**

▶▶ अशोका गार्डन के परिहार चौराहा स्थित साईंकृपा टी-स्टॉल पर हुई चर्चा

## वोट देने वाले अभी चुप हैं, सुन सबकी रहे, करेंगे मन की...

आमामी लोकसभा चुनाव को लेकर शहर की हर गली, मोहल्ले में चर्चाओं का दौर गरम है। गर्मी के मौसम में जहां प्रत्याशियों ने चर्चाओं के तरीके बदले हैं, वहीं मतदाताओं ने भी चर्चाओं के स्थान ऐसे चुनने शुरू कर दिए हैं, जो सार्वजनिक हैं और हर वर्ग की पहुंच और पसंद के हैं। शहर में चाहे चाय की दुकान हो या जूस का सेंटर, सभी जगह लोगों के बीच कहीं न कहीं बातें चुनाव आधारित ही सुनाई दे रही हैं।

ऐसी ही एक चर्चा में अशोका गार्डन, परिहार चौराहा स्थित साईंकृपा टी-स्टॉल पर भी सुनाई दी। यहां अनूप सिंह सिकरवार, मनीष वर्मा, प्रकाश सोनी और मोंटी सहित कुछ लोगों का कहना था कि चुनाव का माहौल अब धीरे धीरे हर दिन गरम हो रहा है, लेकिन वोट देने वाले अभी चुप हैं, वे सुन सबकी रहे हैं, पर अंत में करेंगे मन की ही। हां, एक बात अवश्य है कि चुनाव हर बार मुद्दा आधारित ही रहा है तो ऐसे



में इस बार भी मुद्दा आधारित होगा। शहर में विकास और रोजगार के हालात सबसे सामने हैं।

अपने-अपने क्षेत्र में जिसने जो किया, वह किसी से छिपा नहीं है, ऐसे में भले ही कोई राजनैजिक पार्टी कुछ कहे, लेकिन मतदाता इन बातों को कहीं न कहीं ध्यान में रखेगा ही। पिछले बार भी प्रमुख पार्टियों में शामिल भाजपा और कांग्रेस के बीच ही असल मुकाबला था, जो इस बार भी होगा। शेष पार्टियों के उम्मीदवार भी पूरी मेहनत कर रहे हैं, तो उन्हें भी उनकी मेहनत के परिणाम मिलेंगे।

**फर्स्ट टाइम वोटर**

### भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, विकास के मुद्दों पर निर्भर करेगा वोट

इस बार मैं लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करूंगी। मेरा वोट भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और विकास के मुद्दों पर निर्भर करेगा। जो सरकार इन मुद्दों पर बेहतर काम करेगी, उसी के प्रत्याशी को अपना वोट दूंगी। जैसी सरकार हम चुनेंगे, देश का विकास वैसा ही होगा। हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करके मतदान प्रतिशत को बढ़ाना चाहिए। मतदान करना हम सब भारतीयों का कर्तव्य भी है।



**शिवांगी पटेल**, युवा मतदाता

### मैं मतदान करूंगा और लोगों को भी इसके लिए करूंगा जागरूक

लोकसभा चुनाव में इस बार मैं मतदान करूंगा और इसके साथ ही लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करूंगा। सभी लोगों को मतदान करना चाहिए, क्योंकि यह हमारा अधिकार होने के साथ ही देश के प्रति कर्तव्य भी है। हमारे मतदान से वह सरकार सत्ता में आती है, जो देश का बेहतर विकास करेगी। हमें उम्मीद है कि इस बार जो भी सरकार सत्ता में आएगी, वह युवाओं के लिए रोजगार और शिक्षा के बेहतर अवसर लाएगी, क्योंकि देश के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।



**देवेंद्र कुमार पटेल**, युवा मतदाता

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़, 13 माओवादियों के शव बरामद, घटनास्थल से भारी मात्रा में विस्फोटक मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र के कोरचोली व लेंड्रा के जंगल में बीते दिनों हुई जबरदस्त मुठभेड़ में पुलिस ने 3 महिला समेत 13 नक्सलियों को मार गिराया है।

घटनास्थल से पुलिस ने एलएमजी, 303 रायफल, बीजीएल लांचर एवं भारी मात्रा में विस्फोटक सामान के साथ नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। हालांकि मारे गए नक्सलियों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, जिले में चलाए जा रहे नक्सली विरोधी अभियान के तहत सोमवार को नक्सलियों की पीएलजीए कंपनी नम्बर 2 कमांडर वेल्ला, गंगालूर एरिया कमेटी सचिव दिनेश मोडियम व अन्य 70 से 100 सशस्त्र नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी बस्तर फाइटर एसटीएफ कोबरा 210, 205, 202 व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी अभियान पर निकली हुई थी। सर्च अभियान के दौरान मंगलवार की तड़के 6 बजे कोरचोली व लेंड्रा के जंगल में पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। करीब 12 घण्टे



चली मुठभेड़ थमने के बाद सर्चिंग में 3 महिला समेत 13 नक्सलियों के शव व हथियार 1 नग 7.62 एलएमजी -58 राउंड, 1 नग 303 रायफल -39 राउंड, 12 बोर सिंगल शॉट 1 नग, बीजीएल लांचर 3 नग - 17 सेल, एयर गन 2 नग, विस्फोटक - हेण्ड ग्रेनेड 1, यूबीजीएल सेल 1, टिफिन बम 7 नग, जिलेटिन स्टीक कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर, इलेक्ट्रिक वायर, उपकरण -लेपटॉप, डीव्हीडी राइटर, वॉकीटॉकी व नक्सली वर्दी, पिट्ठू, सोलर प्लेट, नक्सली प्रचार प्रसार की सामग्री नक्सली साहित्य व रोजमर्रा के सामान बरामद किया गया हैं। हालांकि खबर लिखे जाने तक मारे गए नक्सलियों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की पंचनामा व अन्य विधिक कार्रवाई कर रही है।

### हरदा पटाखा फैक्ट्री मालिक की अचल संपत्ति की हुई नीलामी

**भोपाल।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के पालन में मंगलवार को हरदा के पटाखा ब्लास्ट के आरोपी राजेश पिता नंदलाल एवं सोमेश पिता नंदलाल अग्रवाल की संपत्तियों की नीलामी हुई। जिस सम्पत्ति की मंगलवार को बोली नहीं लगाई गई, उसकी नीलामी 7 दिनों में की जाएगी। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों की अचल सम्पत्ति का मूल्य 69 लाख 41 हजार 984 रुपए है। इनके लिए 2 करोड़ 65 लाख 42 हजार रुपए की बोली लगी। वहीं दो संपत्तियों की नीलामी नहीं हो सकी।

### भाजपा सरकार में यहां का परिदृश्य बदला है, कांग्रेस में इच्छाशक्ति नहीं थी: सीएम

# अब बदलते दौर का भारत है, ये बदलते दौर का मप्र है

### रीवा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनसभा को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की 3 प्रतिमाएं स्थापित की गईं, जो शालिग्राम के पत्थरों से बनाई गई। प्रतिमा में भगवान श्रीराम मुस्कुराते हुए सबसे अच्छे दिखे, अयोध्या में उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की गई। उन्होंने कहा कि हमने 17 लाख पुराने इतिहास को नहीं देखा है, केवल सुना है, लेकिन जब पाषाण की प्रतिमा इतनी सुंदर हो सकती है तो 17 लाख साल पहले प्रभु श्रीराम का दिव्य, भव्य, दर्शन कैसा हुआ होगा। हमारी सनातन संस्कृति ने कैसे हजारों-लाखों सालों से अपने हृदय के अंदर अपने देवताओं को विराजित किया होगा, हम सब सौभाग्यशाली हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार रीवा में पार्टी प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के समर्थन में जनसभा को



संबोधित कर रहे थे। सभा में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 700 से ज्यादा जिले, 142 करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले देश में 22 करोड़ लोगों को पक्का घर दिए हैं। जिनका अपना स्वयं का घर पूरे हिन्दुस्तान में नहीं है। ऐसा उदाहरण भाजपा ने प्रस्तुत किया है। ये बदलते दौरा का भारत और बदलते दौर का मप्र है।

#### पूरे देश में सबसे ज्यादा कृषि विकास दर मध्यप्रदेश की, ये हमारी पहचान है

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने केवल वोट लेकर सरकार बनाई। सरकार बनाकर मौजमस्ती करने का काम किया। जैसे ही भाजपा की सरकार बनी, यहां का पुरा परिदृष्य बदल गया, पहले रीवा छोटी सी तहसील से जाना जाता था, आज हर कोई लालायित रहता है कि काश मेरा संबंध रीवा से हो और मेरा घर रीवा संभाग में हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में सबसे ज्यादा कृषि विकास दर मध्यप्रदेश की है, ये हमारी पहचान है और ये हमारे काम करने का तरीका है। जब यहां के किसानों की जिंदगी बदलेगी तो यहां का पूरा परिदृश्य बदल जाएगा। ये पूरा प्रदेश कृषि आधारित है। किसानों को केवल पानी और बिजली चाहिए। जैसे सीमा पर जवान, अपनी जान लगाकर खड़ा रहता है। वैसे खेत में किसान उसकी बराबरी करता है। लोगों को अन्न देता है।

## हाथी के कुचलने से पूर्व महिला सरपंच की मौत, परिजनों को 25 हजार की सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

रामानुजगंज वन परिक्षेत्र रामानुजगंज के अंतर्गत ग्राम चिनिया शिवपुरी जंगल में घर से करीब 1 किलोमीटर दूरी पर पूर्व महिला सरपंच जंगल में महुआ बीनने मंगलवार के सुबह करीब 8 बजे गई थी। वहीं अन्य लोग भी महुआ बीनने गए थे। इसी दौरान हाथियों के झुंड ने महिला को कुचलकर मार डाला।

महिला का शव मंगलवार देर शाम करीब 7:30 बजे ग्रामवासियों द्वारा सामूहिक रूप से खोजने दौरान मिल पाया। घटना की सूचना पर विवेकानंद झा उपवनमंडला अधिकारी अशोक तिवारी, रेंजर संतोष पांडे सहित वन अमला मौके पर पहुंचा। मृतका के परिजनों को वन विभाग द्वारा तात्कालिक 25000 की सहायता राशि प्रदान की गई।

पूर्व सरपंच कलावती देवी पति लक्ष्मण सिंह मंगलवार सुबह 8 बजे के करीब अपने घर से दक्षिण की ओर करीब 1 किलोमीटर दूरी पर महुआ बीनने गई थी वहीं अन्य लोग भी महुआ बीनने गए थे, जब लोगों को पता चला कि इस रास्ते से हाथी गुजारा है तो सब वहां से धीरे-धीरे चल दिए, वहीं कलावती महुआ बीनती रही, जो हाथी के चपेट में आ गई। हाथी ने महुआ बीनने के स्थल से करीब 100 मीटर के दूरी पर घसीटते हुए महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। महिला को महुआ बीनने के बाद 3 बजे तक घर लौट जाना था। जब



वह घर नहीं लौटी तो पति लक्ष्मण सिंह एवं अन्य लोग खोजने गए तो पता नहीं चल पाया। इसके बाद शाम 6 बजे से ग्रामवासी खोजना शुरू किया तो 7:30 के करीब महिला का शव महुआ बीनने गए पेड़ से 100 मीटर की दूरी पर झाड़ी में मिला। जिसकी तत्काल सूचना वन विभाग को की गई। घटनास्थल डीएफओ विवेकानंद उपवन मंडल अधिकारी अशोक तिवारी, रेंजर संतोष पांडे सहित वन अमला मौके पर पहुंचा और मृतका के परिजनों को तात्कालिक 25000 की सहायता राशि वन विभाग की ओर से प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप

### नाल्को ने रिकॉर्ड कास्ट मेटल किया उत्पादन



**नई दिल्ली।** सार्वजिनक क्षेत्र की कंपनी नाल्को ने वित्त वर्ष 2023-24 में 'कास्ट मेटल' का रिकॉर्ड 4,63,428 मीट्रिक टन उत्पादन किया। 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में धातु की अब तक की सर्वाधिक 4,70,108 मीट्रिक टन बिक्री भी दर्ज की। 2023-24 में बॉक्साइट का उत्खनन 7,600,230 मीट्रिक टन की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया।

### जेनसोल इंजीनियरिंग के राजस्व में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व सालाना आधार पर 141 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 960 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष में राजस्व 398 करोड़ रुपये रहा था। जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड की 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में परिचालन आय अभी तक की सर्वाधिक 960 करोड़ रुपये रही।

### एचसीएल टेक बेचेगी ब्रिटिश अनुषंगी में पूरी हिस्सेदारी



**नई दिल्ली।** एचसीएल टेक्नोलॉजीज की पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी एचसीएल इन्वेस्टमेंट्स यूके ने अमेरिकी कंपनी स्टेट स्ट्रीट इंटरनेशनल के साथ संयुक्त उद्यम में अपनी समूची 49 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के लिए समझौता किया है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने शेयर बाजार को इसकी सूचना दी।

### एअर इंडिया ने 'फ्लाइंग रिटर्न्स' कार्यक्रम बदला



**मुंबई।** निजी विमानन कंपनी एअर इंडिया ने सरल संरचना के साथ अपने 'फ्लाइंग रिटर्न्स' कार्यक्रम को नया रूप दिया है जो उसके ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ प्रदान करता है। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा, एक दशक से भी अधिक समय में 'फ्लाइंग रिटर्न्स' (लॉयल्टी) कार्यक्रम में पहली बार बदलाव किया गया।

### इस्मा ने सरकार से चीनी निर्यात की अनुमति मांगी

**नई दिल्ली।** भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने सत्र के अंत में पिछला बचा स्टॉक बेहतर रहने की उम्मीद की वजह से सरकार से चालू 2023-24 के सत्र में 10 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति देने का आग्रह किया है। एक बयान में कहा गया है कि चालू सत्र में मार्च तक चीनी का उत्पादन 302.20 लाख टन तक पहुंच गया है।

### रिकॉर्ड 1.85 लाख से अधिक कंपनियां बीते वर्ष गठित



**नई दिल्ली।** देश में बीते वित्त वर्ष में 1.85 लाख से अधिक कंपनियों का गठन हुआ। किसी एक वित्त वर्ष में गठित होने वाली कंपनियों की यह संख्या सर्वाधिक है। कुल 1,85,314 कंपनियां और 58,990 सीमित दायित्व भागीदारी वाली कंपनियां 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में गठित हुईं। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स'' पर लिखा है कि 2023-24 के दौरान सवाधिक संख्या में कंपनियां गठित हुईं। यह किसी एक वित्त वर्ष में अबतक का सर्वाधिक आंकड़ा है।

# ईवी सेगमेंट में दबदबा बनाने की तैयारी में मारुति, 3 इलेक्ट्रिक कार करेगी लांच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बीते कुछ सालों से भारतीय ग्राहकों के बीच इलेक्ट्रिक कारों (ईवी) की डिमांड में लगातार तेजी देखी जा रही है। इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में टाटा टियागो, टाटा पंच और टाटा नेक्सन जैसी इलेक्ट्रिक कारें सबसे ज्यादा पॉपुलर है।

- भारत में कुल इलेक्ट्रिक कार में 75 फीसदी से अधिक टाटा की हिस्सेदारी

बता दें कि इस सेगमेंट में टाटा मोटर्स का पूरी तरह से दबदबा है। भारत में बिकने वाली कुल इलेक्ट्रिक कार में 75 प्रतिशत से अधिक टाटा की है। अब इस सेगमेंट में मारुति सुजुकी भी एंट्री करने जा रही है। बता दें कि कंपनी साल 2025 की शुरुआत में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार मारुति सुजुकी ईवीएक्स लांच करेगी। आने वाले सालों में मारुति की 3 अपकमिंग इलेक्ट्रिक कार लाने वाली है।

## कंपनी 2025 की शुरुआत में पहली ईवी कार ईवीएक्स करेगी लांच

### मारुति सुजुकी ईवीएक्स

मारुति सुजुकी साल 2025 की शुरुआत में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार लांच करने जा रही है। कंपनी की पहली इलेक्ट्रिक कार मारुति सुजुकी ईवीएक्स होगी। अपकमिंग मारुति सुजुकी ईवीएक्स की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 15 लाख रुपए के आसपास हो सकती है। कार का मुकाबला मार्केट में हुंडई क्रेटा ईवी और टाटा कर्व ईवी से होगा। कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मारुति की अपकमिंग कार सिंगल चार्ज पर 550 किलोमीटर की ड्राइविंग रेंज ऑफर कर सकती है।



### मारुति सुजुकी ईडब्ल्यूएक्स ईवी

साल 2023 के अंत में जापान मोबिलिटी शो में मारुति सुजुकी ईडब्ल्यूएक्स कॉन्सेप्ट मॉडल को ग्लोबली शोकेस किया गया था। अपकमिंग कार की एक्स-शोरूम कीमत 10 लाख रुपए के आसपास हो सकती है। अपकमिंग इलेक्ट्रिक कार का मुकाबला मार्केट एमजी कॉमेट और टाटा टियागो ईवी से होना है।

### मारुति सुजुकी वाईएमसी एमपीवी

मारुति सुजुकी बड़ी फैमिली के लिए साल 2026 तक एक नई इलेक्ट्रिक एमपीवी लांच करने की तैयारी कर रही है। अपकमिंग एमपीवी ईवीएक्स प्लेटफार्म पर बेस्ड होगी। मारुति की अपकमिंग इलेक्ट्रिक एमपीवी में 60 केडब्ल्यूएच का बैट्री पैक दिया रहेगा जो सिंगल चार्ज पर 550 किलोमीटर की रेंज ऑफर कर सकती है। अपकमिंग कार 7-सीटर कंफीग्रेशन में आएगी।

## एमपीसी रेपो दर के संबंध में निर्णय करेगी

# रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू, शुक्रवार को आएगा ब्याज दर पर फैसला

एजेंसी ⏭ मुंबई

*नीतिगत ब्याज दर पर निर्णय करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। तीन दिन तक चलने वाली बैठक में केंद्रीय बैंक की एमपीसी रेपो दर के संबंध में निर्णय करेगी।*

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी के फैसले की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। ऐसी उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक एक बार फिर प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखेगा और मुद्रास्फीति नियंत्रण पर अपना ध्यान बनाए रखेगा।

### नए वर्ष में एमपीसी की छह बैठकें होगी

आर्थिक वृद्धि दर को लेकर चिंताएं कम होने से खुदरा मुद्रास्फीति पर ही ध्यान रहने की उम्मीद है। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा है। एक अप्रैल से शुरू हुए नए वित्त वर्ष में एमपीसी की कुल छह बैठकें आयोजित होंगी।

### रेपो दर 6.5 फीसदी पर बरकरार

आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की थी और तब से यह लगातार 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है। पिछली छह द्विमासिक नीतियों में रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया गया।

### खुदरा मुद्रास्फीति चार फीसदी पर बनी हुई

गवर्नर दास की अध्यक्षता वाली समिति में शशांक भिड़े, आशिमा गोयल, जयंत आर वर्मा, राजीव रंजन और माइकल देबब्रत पात्रा भी शामिल हैं। सरकार ने आरबीआई को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत की घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनी रहे।

- आरबीआई गवर्नर दास की अध्यक्षता में होगी बैठक
- उम्मीद है कि एक बार फिर रेपो दर यथावत रहेगी
- आरबीआई मुद्रास्फीति नियंत्रण पर ध्यान रखेगा




### मौद्रिक नीति में उदार रुख जारी रहेगा

सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि मौद्रिक नीति में उदार रुख को वापस लेना जारी रह सकता है। इसमें चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जाकर पहली दर में कटौती की संभावना जताई गई है।

### केंद्रीय बैंक देखो व इंतजार करने की स्थिति में

फरवरी के महीने में खुदरा मुद्रास्फीति दर 5.1 प्रतिशत थी। विशेषज्ञों ने कहा कि एमपीसी बैठक में अमेरिका और ब्रिटेन जैसी कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय बैंकों के रुख पर तवज्जो दी जा सकती है। ये केंद्रीय बैंक ब्याज दरों में कटौती को लेकर फिलहाल 'देखो और इंतजार करने' की स्थिति में हैं।

### मजबूत आर्थिक वृद्धि से रेपो दर रहेगी यथावत

आरबीआई से उम्मीदों पर हाउसिंग डॉट कॉम के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी ध्रुव अग्रवाल ने कहा कि मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच केंद्रीय बैंक इस नीतिगत समीक्षा में रेपो दर पर यथास्थिति बनाए रख सकता है।

### जीडीपी की वृद्धि दर हुई संशोधित

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर के अनुमान को संशोधित कर क्रमशः 8.2 और 8.1 प्रतिशत कर दिया है। पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही थी।

### जापान ने नकारात्मक ब्याज दरें खत्म की

स्विट्जरलैंड ब्याज दरों में कटौती करने वाली पहली बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जबकि दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था जापान ने नकारात्मक ब्याज दरों का सिलसिला हाल ही में खत्म कर दिया है।

# टोयोटा भारत में प्रीमियम मॉडल लाने कर रही विचार

एजेंसी ⏭ मुंबई



- बड़े आकार के वाहनों की तरफ ग्राहकों का बढ़ा झुकाव
- कंपनी ने अर्बन क्रूजर टैसर पेश कर उत्पादों का दायरा बढ़ाया

वाहन विनिर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) भारतीय बाजार में बड़े आकार के वाहनों की तरफ ग्राहकों के बढ़ते झुकाव को देखते हुए अधिक प्रीमियम मॉडल लाने पर विचार कर रही है।

फॉर्च्यूनर और इनोवा जैसे लोकप्रिय मॉडल बेचने वाली कंपनी ने बुधवार को अपनी प्रवेश स्तर की एसयूवी 'अर्बन क्रूजर टैसर' को पेश कर अपने उत्पादों का दायरा बढ़ाया। इस मॉडल की शोरूम कीमत 7.73 लाख रुपये से 13.03 लाख रुपये तक है। इस मौके पर टीकेएम के उप प्रबंध निदेशक (बिक्री एवं विपणन) तदाशी असाजुमा ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि यह मॉडल कंपनी को अधिक ग्राहकों को अपने साथ जोड़ने में मदद करेगा। यह मॉडल टीकेएम के रणनीतिक साझेदार मारुति सुजुकी के फ्रॉन्क्स मॉडल का ही साझा संस्करण है। असाजुमा ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य बाजार में विविध ग्राहक जरूरतों को पूरा करना है और नया मॉडल भी उसी सोच का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कंपनी की योजना देश में अपने पोर्टफोलियो में हाइब्रिड और बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों सहित विविध इंजन किस्म वाले मॉडल रखने की है। असाजुमा ने कहा कि भारतीय ग्राहक धीरे-धीरे छोटी कारों से बड़ी कारों का रुख कर रहे हैं और इसी को ध्यान में रखते हुए कंपनी नए मॉडल पेश करने के लिए एक नए विनिर्माण संयंत्र के साथ अपनी उत्पादन क्षमता का विस्तार भी कर रही है।

### मजबूत हाइब्रिड वाहन ही व्यावहारिक समाधान

असाजुमा ने कहा, 'फिलहाल भारत में मजबूत हाइब्रिड वाहन ही व्यावहारिक समाधान दिख रहा है। लेकिन अधिक ग्राहक जरूरतों आने पर हम बीईवी के बारे में भी सोचेंगे।' हालांकि, उन्होंने देश में अपनी पहली बीईवी पेश करने की समयसीमा के बारे में कोई ब्योरा देने से इनकार कर दिया।

# जिंदल सितंबर तक जिंदल कोक में बेचेगी हिस्सेदारी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




जिंदल स्टेनलेस का लक्ष्य इस साल सितंबर तक जिंदल कोक में अपनी पूरी 26 प्रतिशत हिस्सेदारी का विनिवेश पूरा करने का है।

- जिंदल स्टेनलेस अपनी पूरी 26 फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी
- पहले चरण में जिंदल कोक में 4.87 फीसदी हिस्सेदारी बेची

कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पहले चरण में उसने जिंदल कोक में 4.87 प्रतिशत शेयर 36.49 करोड़ रुपये से अधिक में बेचे हैं। इन शेयरों को जेएसएल ओवरसीज लिमिटेड ने उसी कीमत पर खरीदा था। वहीं जिंदल स्टेनलेस ने स्पेन की इकाई लेबरजिंदल में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल कर ली है।

कंपनी के निदेशक मंडल ने जनवरी में स्पेन स्थित अनुषंगी कंपनी इबरजिंदल एस.एल. में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण और इसकी अनुषंगी कंपनी जिंदल कोक लिमिटेड (जेसीएल) में 26 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी बेचने की सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। शेयर बाजार को दी जानकारी के अनुसार, जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने जेसीएल में 4.87 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी की बिक्री के लिए 26 मार्च, 2024 को जेएसएल ओवरसीज लिमिटेड (जेओएल) के साथ शेयर खरीद समझौता किया।

### शेयर 231 रुपए पर ट्रेड कर रहा

कंपनी ने कहा, 'कंपनी ने 10 रुपये अंकित मूल्य के 15,80,000...इक्विटी शेयर को 231 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 36,49,80,000 रुपये में जेओएल को हस्तांतरित कर दिया है। जेएसएल ने कहा कि यह लेनदेन 30 सितंबर, 2024 को या उससे पहले पूरा होने की उम्मीद है। जेसीएल का 31 मार्च, 2023 तक कारोबार 1,993 करोड़ रुपये था।

## 1,000 टन तक काला नमक चावल निर्यात की अनुमति ...



**नई दिल्ली।** सरकार ने निर्दिष्ट सीमा शुल्क स्टेशनों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल के निर्यात की अनुमति दे दी है। काला नमक गैर-बासमती चावल की एक किस्म है, जिसका निर्यात प्रतिबंधित है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा, 'इस अधिसूचना के लागू होने की तारीख से निर्दिष्ट सीमा शुल्क स्टेशनों के माध्यम से 1,000 टन की सीमा तक ही काला नमक चावल की कुल मात्रा के निर्यात की अनुमति है।' काला नमक चावल एवं उसकी मात्रा के प्रमाणीकरण के लिए अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार, लखनऊ के निदेशक होंगे। चावल की इस किस्म के निर्यात को छह सीमा शुल्क स्टेशनों के माध्यम से अनुमति दी गई है - वाराणसी एयर कार्गो; जेएनसीएच (जवाहरलाल नेहरू कस्टम्स हाउस), महाराष्ट्र; सीएच (कस्टम हाउस) कांडला, गुजरात; एलसीएस (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) नेपालगंज रोड; एलसीएस सोनौली; एवं एलसीएस बरहनी।

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट

- सेंसेक्स 27 अंक फिसला, निफ्टी में गिरावट दर्ज

एजेंसी ⏭ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 27 अंक के मामूली नुकसान में रहा। वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच चुनिंदा बैंक तथा वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 27.09 अंक की गिरावट के साथ 73,876.82 अंक पर बंद हुआ।

*नुकसान में रहने वाले शेयर : सेंसेक्स के शेयरों में 16 नुकसान में रहे। नुकसान में रहने वाले शेयरों में नेस्ले इंडिया, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, टाइटन और जेएसडब्ल्यू स्टील प्रमुख रूप से शामिल हैं। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति और टाटा स्टील में भी गिरावट रही।*

*लाभ में रहे शेयर : इसके उलट एनटीपीसी, टीसीएस, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।*

# भारतीय अर्थव्यवस्था 2024 में 7.5 % की दर से बढ़ेगी

एजेंसी ⏭ वाशिंगटन



- विश्व बैंक ने वर्ष 2024 के लिए जारी किया अनुमान
- दक्षिण एशिया में वृद्धि दर 6.0 प्रतिशत मजबूत होने की उम्मीद

विश्व बैंक ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उसने अपने पहले अनुमान को 1.2 प्रतिशत संशोधित किया है।

विश्व बैंक ने दक्षिण एशिया वृद्धि संबंधी मंगलवार को जारी अद्यतन जानकारी में कहा कि कुल मिलाकर 2024 में दक्षिण एशिया में वृद्धि दर 6.0 प्रतिशत मजबूत होने की उम्मीद है। यह मुख्य तौर पर भारत में मजबूत वृद्धि और पाकिस्तान तथा श्रीलंका के काफी हद तक पटरी पर लौटने से संभव होगा। रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण एशिया के अगले दो वर्षों तक दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र बने रहने की उम्मीद है। 2025 में वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के उपाध्यक्ष मार्टिन रैज़र ने कहा, दक्षिण एशिया की वृद्धि संभावनाएं अल्पावधि में उज्ज्वल बनी हुई हैं, लेकिन नाजुक राजकोषीय स्थिति और बढ़ते जलवायु झटके चिंता का विषय हैं।

रोजगार वृद्धि को मजबूत बनाने वाली नीतियां अपनाने की जरूरत है। दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री फ्रांज़िस्का ओहनसोरगे ने कहा, ' दक्षिण एशिया अभी अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का पूरा लाभ उठाने में विफल हो रहा है।

# शेयर बाजार में भरोसे के लिए पारदर्शिता जरूरी: सेबी प्रमुख

एजेंसी ⏭ मुंबई



- पूंजी बाजार का पूरा ढांचा भरोसे पर टिका
- शेयरधारकों की कंपनियों में हिस्सेदारी 56 फीसदी है

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने कहा कि पूंजी बाजार का पूरा ढांचा भरोसे पर टिका है और यह पारदर्शी व्यवस्था से पैदा होता है।

सेबी प्रमुख ने कहा कि पूंजी बाजार नियामक सार्वजनिक शेयरधारकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिनिधि के रूप में काम करता है। इन शेयरधारकों की सूचीबद्ध कंपनियों में हिस्सेदारी 56 प्रतिशत है जबकि प्रवर्तकों के पास 44 प्रतिशत हिस्सा है। यहां उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के कंपनी संचालन विषय पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा, 'सिर्फ बाजार ही नहीं, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था भरोसे की इमारत पर टिकी हुई है।' बुच ने कहा कि भरोसा दोतरफा होता है। जहां एक कंपनी को बाजार के साथ भरोसा बनाने के लिए नियामक के साथ विश्वास बनाना होता है, वहीं नियामक सार्वजनिक शेयरधारकों के प्रतिनिधि के रूप में उद्योग के साथ विश्वास बनाने के लिए काम कर रहा है।

### कॉरपोरेट संचालन पर आएगा चार्टर

सेबी प्रमुख ने कहा कि इस साल के अंत में सीआईआई पारिवारिक कारोबार में कॉरपोरेट संचालन पर एक चार्टर लेकर आएगा। बुच ने सीआईआई बैठक में दो रिपोर्ट जारी कीं। इसमें से एक भारत में उद्यमों पर डिजिटल व्यक्तिगत आंकड़ा संरक्षण अधिनियम के प्रभाव पर केंद्रित है।

## सबसे बुरी मार टेक कंपनियों के कर्मचारियों पर पड़ रही

# दुनियाभर में चल रही छंटनी पर इन सेक्टर्स में सेफ हैं नौकरियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनियाभर में नौकरियों में छंटनी का दौर जारी है। ग्लोबल आर्थिक सुस्ती और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के चलते सबसे बुरी मार टेक कंपनियों के कर्मचारियों पर पड़ी है। साल 2023 के अंत से शुरू हुआ छंटनी का सिलसिला अभी तक जारी है। इसके अलावा नई नौकरियां भी मार्केट से गायब हैं। यह सिलसिला फिलहाल बंद होता नहीं दिखाई दे रहा है। हालांकि, ऐसे माहौल में भी कुछ ऐसे सेक्टर हैं, जिन पर आर्थिक सुस्ती का कोई असर होता नहीं दिखाई दे रहा और छंटनी जैसा शब्द वहां सुनाई भी नहीं पड़ रहा।

- ग्लोबल आर्थिक सुस्ती और एआई के चलते बुरी मार पड़ी कंपनियों पर

### इन सेक्टर्स में है नौकरी की अच्छी संभावना

हालांकि, साल 2024 में सोशल सर्विस, हेल्थकेयर, रिटेल, फूड, होटल और रियल एस्टेट जैसे सेक्टर्स में छंटनी जैसे शब्द सुनाई भी नहीं दे रहे। यहां नए लोगों को रिक्रूट करने का सिलसिला जारी है। साथ ही अच्छे अप्रैजल देकर प्रतिभाशाली लोगों को अपने साथ जोड़े रखने की कवायद जारी है। मार्केट में फार्मा कंपनियों का प्रदर्शन बेहतर हो रहा है। साथ ही हॉस्पिटल्स में डॉक्टर, नर्स और अन्य मेडिकल स्टाफ की डिमांड भी बढ़ रही है। सरकार भी हेल्थकेयर सेक्टर में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में जुटी हुई है। इसलिए यहां नौकरियों की अच्छी संभावना बनी हुई है।



### कॉस्ट कटिंग के नाम पर बाहर किए लोग

आईटी कंपनियों में नवंबर, 2023 से छंटनी का सिलसिला शुरू हुआ था। अल्फाबेट इंक ने साल 2024 की शुरुआत में ही कर्मचारियों को छंटनी की बुरी खबर दे दी थी। इसके अलावा एप्पल, अमेजन, मेटा, डेल, एरिकसन, सिस्को और सैप जैसी बड़ी कंपनियां लगातार लोगों को बाहर का रास्ता दिखा रही हैं। कुछ कंपनियों ने छंटनी को कॉस्ट कटिंग का रास्ता बताया तो कुछ ने वर्कफोर्स मैनेजमेंट। मगर, एक बात सच है कि ये कंपनियां कर्मचारियों को धड़ल्ले से नोटिस पकड़ा रही हैं।

### रिटेल और होटल इंडस्ट्री भी तेजी से आगे बढ़ रही

आंकड़ों के मुताबिक, भारतीय रिटेल सेक्टर में आवश्यक वस्तुओं की डिमांड 2027 तक 1.1 ट्रिलियन डॉलर पहुंच सकती है। यह आंकड़ा तेजी से बढ़ेगा और साल 2032 तक इसके 2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। इसी तरह जीडीपी में होटल इंडस्ट्री की हिस्सेदारी साल 2022 तक 40 अरब डॉलर थी। अनुमान जताया जा रहा है कि साल 2027 तक यह आंकड़ा 68 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। उम्मीद जताई जा रही है कि 2047 तक होटल इंडस्ट्री 1 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा छू लेगी। ऐसे में फिलहाल इन सेक्टर्स में नौकरियों पर कोई खतरा नजर नहीं आता।

### वित्तीय क्षेत्र में जोखिम कम करने सतत निगरानी जरूरी



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने कहा है कि केंद्रीय बैंक जोखिमों को कम करने के लिए लगातार निगरानी रखेगा क्योंकि बेलगाम ऋण वृद्धि वित्तीय स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। भारत निवेश शिखर सम्मेलन' के दौरान कहा कि आरबीआई की कोशिश हमेशा एक उचित नियामक और निगरानी ढांचे के साथ मजबूत और जुझारू वित्तीय मध्यस्थता प्रणाली को बढ़ावा देने की है। उनमें वित्तीय फर्मों की पहुंच बढ़ाने, ग्राहकों के लिए उत्पाद की पेशकश और सुविधाओं की सीमा बढ़ाने, अभी तक दायरे से बाहर रहे क्षेत्रों तक वित्त का विस्तार करने की अपार संभावनाएं हैं।

**खबर संक्षेप**

## सशस्त्र पुलिस बल एवं डीएफएमडी उपलब्ध कराने पत्र प्रेषित

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा क्षेत्र शहडोल अंतर्गत बेल इंजीनियर्स की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों की सीलिंग, कमीशनिंग की कार्यवाही 5 अप्रैल को प्रातः 9 से कार्य समाप्ति तक की जानी है। कमीशनिंग की कार्यवाही उपरांत 6 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से कार्य समाप्ति तक माकपोल की कार्यवाही की जायेगी। जबकि लोकसभा क्षेत्र खजुराहो अंतर्गत ईवीएम मशीनों की सीलिंग, कमीशनिंग की कार्यवाही 13 अप्रैल को प्रातः 9 से कार्य समाप्ति तक की जानी है। कमिशनिंग की कार्यवाही उपरांत 16 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से कार्य समाप्ति तक माकपोल की कार्यवाही की जाना प्रस्तावित है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते ने पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित कर कमीशनिंग एवं माकपोल की कार्यवाही के दौरान फ्रिस्किंग हेतु मय महिला पुलिस सहित सशस्त्र पुलिस बल एवं कमीशनिंग प्रवेश द्वार पर डीएमएफडी उपलब्ध करानें का आग्रह किया है।

## आचार संहिता उल्लंघन पर शिकायत सहज

**कटनी।** आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत आचार संहिता के उल्लंघन के अलावा कई तरह की शिकायतों के निराकरण के लिए आयोग ने एक ऐप बनाया है। इस ऐप पर कोई भी व्यक्ति शिकायत कर सकता है। चाहे वो अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन हो या मुफ्त उपहार वितरण हो या धमकी देने, धन वितरण संपत्ति विरूपण,पेड न्यूज, साम्प्रदायिक नफरत फैलाने जैसी कोई भी शिकायत हो। इसके लिए सी-विजिल ऐप के माध्यम से सिर्फ एक फोटो-वीडियो के माध्यम से ऐप पर अपलोड करना होगी। इस ऐप पर आने वाली शिकायतों की जानकारी आयोग के पास भी होती है। शिकायतों के निराकरण के लिए जिले में गठित एफएसटी दल तुरन्त मौके पर पहुँच कर छानबीन करता है और सम्बंधित शिकायत के सम्बंध में जानकारी अपलोड करता है।

## वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में आगामी 19 अप्रैल को मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र नहीं होने की दशा में ई-मतदाता परिचय पत्र आयोग की बेबसाईट से डाउनलोड किया जाकर मतदान किये जाने की सुविधा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त 12 प्रकार के वैकल्पिक दस्तावेजों के माध्यम से भी मतदाता अपने मत का उपयोग कर सकते हैं। मतदान करने के संबंध में पहचान के लिये मतदाता परिचय पत्र के अलावा ई-मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक, पोस्ट ऑफिस की फोटो सहित पासबुक, श्रम मंत्रालय के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोग्राफ सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य शासन जारी पहचान पत्र निर्धारित किये गये हैं।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित जिला समिति की बैठक मे शिकायतों पर हुई चर्चा

# शिकायतों की जांच करेगी 3 सदस्यीय समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

डी.ए.वी. कैल्डरीज पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत छात्रों से प्रवेश शुल्क लेने और फीस संरचना में भिन्नता तथा स्कूल की सामान्य जानकारी और फीस संरचना को शासन के पोर्टल में अपलोड नहीं करने के मामले की जांच तीन सदस्यीय समिति करेगी। यह निर्णय कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित जिला समिति की बैठक में लिया गया। यह समिति मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों विनियमन अधिनियम के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा गठित की गई है।

जिला समिति की बैठक में डी.ई.ओ पी.पी.सिंह, जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह ठाकुर और सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरि एवं शिक्षा विभाग के विवेक दुबे मौजूद रहे।



### बैठक में तीन शिकायत प्रस्तुत

कलेक्टर श्री प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित जिला समिति के समक्ष डी.ए.वी कैल्डरीज पब्लिक स्कूल कटनी के संबंध में तीन शिकायतों को प्रस्तुत किया गया। शिकायत मे बताया गया है कि शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत कक्षा 8वीं में उनके बच्चों का डी.ए.वी कैल्डरीज पब्लिक स्कूल कटनी में दाखिला हुआ था। स्कूल प्रबंधन कक्षा 9वीं में प्रवेश शुल्क के रूप में 11 हजार रुपये और मासिक फीस के तौर पर 3 हजार 80 रुपये की मांग की जा रही है। इस पर आवेदक द्वारा प्रवेश शुल्क माफ करने तथा फीस में रियायत देने की मांग की गई। साथ ही शिकायत में संबंधित आवेदक द्वारा रजिस्ट्रेशन फीस एक हजार रूपये, प्रवेश शुल्क 5 हजार रूपये, काशन मनी 1 हजार रूपये, वार्षिक फीस ढ़ाई हजार रूपये, विकास शुल्क 1500 रूपये और साइंस फीस 600 रूपये सहित मंथली शुल्क 1380 रूपये प्रतिमाह स्कूल प्रबंधन द्वारा लेने का विवरण दिया गया है।

### नियम एवं निर्देशों का उल्लंघन

कलेक्टर श्री प्रसाद ने इसे मध्यप्रदेश निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम का उल्लंघन माना जिसमें वर्णित शुल्कों के प्रकार में प्रवेश शुल्क शामिल है। साथ ही लोकशिक्षण संचालनालय के आदेश का भी उल्लंघन माना जिसमे एक परिसर एक शाला वाले स्कूल में विद्यार्थियों को 5वीं से 6 वीं अथवा 8वीं से 9वीं में प्रवेश हेतु टी.सी जारी नहीं करने के निर्देश है। इन कक्षाओं के छात्रों को अगली कक्षा में सीधे प्रवेश देने का प्रावधान है। लेकिन कलेक्टर श्री प्रसाद की अध्यक्षता वाली समिति को प्रथम दृष्टया यह प्रतीत हुआ कि डी.ए.वी कैल्डरीज पब्लिक स्कूल प्रबंधन द्वारा कक्षा आठवीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कक्षा नवमी में प्रवेश नहीं दिया गया। जो कि शिक्षा विभाग के नियम एवं निर्देश का उल्लंघन है।

इसी प्रकार स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल की सामान्य जानकारी, फीस संरचना आदि की जानकारी भी पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई। साथ ही शिकायतकर्ता द्वारा फीस लिये जाने के संबंध मे दिया विवरण तथा स्कूल प्रबंधन द्वारा निर्धारित फीस में अत्यधिक भिन्नता पाई गई।

### समिति करेगी जांच

डी.ए.वी कैल्डरीज पब्लिक स्कूल की उपरोक्त सभी शिकायतों की बिन्दुवार जांच हेतु कलेक्टर श्री प्रसाद ने तीन सदस्यीय समिति गठित किया है। इस समिति में बी.ई.ओ विजयराघवगढ़ आनन कोरी, सहायक संचालक राजेश अग्रहरी और प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाडी निवार आलोक पाठक को शामिल किया गया है। यह समिति 3 दिवस में जिला समिति के समक्ष अपना जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगी।

### जिला समिति के अधिकार

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता वाली जिला समिति को निजी स्कूल के किसी छात्र के माता -पिता या अभिभावक या छात्र द्वारा की गई शिकायत की जांच कर अधिक फीस संबंधी किसी मामले की स्वप्रेरणा से संज्ञान लेने और जांच करने का अधिकार प्राप्त है। इस समिति को सिविल न्यायालय की शक्तियां प्राप्त है। जिसके तहत किसी साक्षी को समन कराना, शपथ पत्र पर साक्ष्य ग्रहण करना और साक्षी के परीक्षण हेतु कमीशन जारी किया जाना शामिल है। जिला समिति को निजी विद्यालय प्रबंधन से राशि को भू- राजस्व के बकाया के रूप में वसूल करने की शक्तियां भी हासिल है।

## बंधवा टोला में दबिश देकर जब्त की 6 पेटी शराब

**कटनी।** थाना रंगनाथ नगर पुलिस द्वारा 6 पेटी शराब जब्त की गई है। थाना प्रभारी नवीन नामदेव एवं स्टाफ के द्वारा मुखबिर की सूचना पर डन कालोनी मोड के पीछे ग्राउंड के पास विश्वनाथ बर्मन पिता बारेलाल बर्मन उम्र 35 साल निवासी मदन मोहन चौबे वार्ड बधंवा टोला थाना रंगनाथनगर ने भारी मात्रा में अवैध शराब जमा कर रखी थी। छापामार कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी के पास से तीन खाखी रंग के कार्टून में 50, 50 पाव एंव एक सफेद रंग की बोरी में 150 पाव कुल 300 पाव प्लेन शराब जब्त की। उक्त आरोपी से अवैध शराब जप्त करने के बाद उसके खिलाफ आपकारी अधिनियम की धारा के तहत कार्यवाही की गई है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रंगनाथ नगर उप निरीक्षक नवीन नामदेव, सहायक उप निरीक्षक बहादुर सिंह, आर. प्रभाकर सिंह, अंकित पटेल एंव वीरेन्द्र दहायत एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही। थाना प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहित के मद्देनजर अवैध गतिविधियों एवं मादक पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए कार्यवाही की जा रही है।

*कलेक्टर ने तीन दिन में जवाब प्रस्तुत करने के दिये निर्देश*

# कोताही बरतने पर डी.एम. नान और वेयर हाउस को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उपार्जित धान के भंडारण की कार्य योजना तैयार नहीं करने और जिला उपार्जन समिति के समक्ष प्रस्तुत नहीं करने सहित मैपिंग कार्य के संपादन में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर अवि प्रसाद ने म0प्र0 स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक और मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कारपोरेशन के जिला प्रबंधक वाय. एस सेंगर को कारण बताओं नोटिस जारी कर 3 दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक के.एल शर्मा को जारी कारण बताओं नोटिस में कहा गया है कि राज्य शासन की धान उर्पाजन की नीति के परिवहन कार्य योजना तैयार करने के बिंदु निर्धारित है। जिसमें परिवहन मैपिंग प्रोटोकॉल के अनुसार किए जाने उपार्जन केद्रो से गोदामों की मैपिंग इस प्रकार करने के निर्देश थे कि जिले के समस्त परिवहन व्यय न्यूनतम होने उपार्जन के दौरान गोदाम की मैपिंग में भंडारण क्षमता पूर्ण होने की स्थिति में ट्रकों को अन्य गोदामों में भेजने की स्थिति को नियंत्रित करने हेतु डायनॉमिक ट्रक मूवमेंट एण्ड गोडाउन शिफटिंग प्रोटोकॉल तैयार किया जाना था। इसके साथ-साथ प्रत्येक गोदाम के डेली अनलोडिंग कैपसिटी प्रविष्टि करते हुए गोदाम एलोकेशन इस प्रकार तैयार करना था कि ओवरलोडिंग में कम से कम समय लगे लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

परिवहन मैपिंग के कार्य को ई-उपार्जन पोर्टल पर किए जाने के लिए आपके लॉगिन में सुविधा उपलब्ध कराने के बाद भी उपार्जित धान के भंडारण की कार्य योजना तैयार नहीं की गई । साथ ही जिला उपार्जन समिति के समक्ष भी प्रस्तुत नहीं किया गया। जिला प्रबंधक श्री शर्मा द्वारा एक समय पर एक उपार्जन केंद्र की मैपिंग एक अथवा एक अथवा एक से अधिक गोदाम में की गइ। साथ ही एक से अधिक उपार्जन केन्द्रों की मैपिंग अथवा एक से अधिक गोदाम में की गई। जिसमें स्पष्ट नहीं होता कि किस उपार्जन केंद्र की धान किस गोदाम में अनलोडिंग की जाना है

जिला प्रबंधक नान श्री शर्मा द्वारा उपार्जन केंद्र की गोदाम से मैपिंग की स्पष्टता नहीं होने के कारण परिवहन कर्ता द्वारा उठाया गया। और न्यूनतम दूरी से अधिक दूरी पर स्थित गोदाम में धान का भंडारण कराया गया। साथ ही समय- सीमा बैठक में भी मैपिंग संबंधी आधी -अधूरी जानकारी प्रस्तुत की गई जो मैपिंग कार्य में लापरवाही का द्योतक है। और अनुशासनहीनता का परिचायक है ।कलेक्टर श्री प्रसाद ने श्री शर्मा से इस संबंध में तीन दिवस के भीतर कारण बताओं नोटिस जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

इसी प्रकार मप्र वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के जिला प्रबंधक वाय एस सेंगर द्वारा भी उपार्जन कार्य के प्रति रूचि न लेकर अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरती गई।जिस पर कलेक्टर ने जिला प्रबंधक से तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## निरीक्षण के दौरान कमियां मिलने पर फटकार



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशानुसार निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा सी.एल.पी. स्कूल, संस्कार भारती, औषधालय भवन, सामुदायिक भवन के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्र क्रमांक 183, 184, एवं 186 में निर्मित रैम्प को देखकर निगमायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये रैम्प तोडकर पुन: निर्माण आयोग द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कराये जाने, मतदान केन्द्र में एक अतिरिक्त शौचालय का निर्माण कराये जाने, बाथरूम में दरवाजा लगाये जाने, बाथरूम में लाइट फिटिंग कराये जाने के निर्देश प्रदान करते हुये क्षेत्रीय उपयंत्री, क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक एवं वार्ड दरोगा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त, कार्यपालन अधिकारी, निर्वाचन प्रभारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तीन लाख के जेवरात, 76 हजार के कपड़े किये जब्त फिर लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जगह-जगह पर वाहन चेकिंग करते हुए अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने मिशन चौक पर वाहनों की जांच करते समय एक स्कूटी की डिक्की से लगभग 3 लाख के चांदी के गहने और एक कार से 76 हजार की कुर्ती और सरारा बरामद किया।

थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि आदर्श आचार्य संहिता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा वाहनों की चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में मिशन चौक पर विगत संध्या वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक्टिवा क्रमांक एमपी 21 जेडए 9857 के चालक जलपा वार्ड निवासी 21 वर्षीय आर्यन पिता दिलीप कुमार सोनी को रोक कर जब तलाशी ली गई तो गाड़ी की डिक्की से 3 किलो 824 ग्राम वजनी चांदी के जेवर मिले। इसी तरह कार चालक हर्ष मटानी पिता घनश्याम मटानी को रोक कार कर की तलाशी ली गई तो कार के अंदर लगभग 76 हजार रुपए कीमत के कुर्ती और सरारा पाया गया।



वाहन चालकों के द्वारा जब्ती उपरांत जप्त किए गए सामान के संबंध में दस्तावेज उपलब्ध कराने के बाद उन्हें कार्यवाही करते हुए सुपुर्द किया गया।

*ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजन*

# ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपने विचारों से ईश्वर को प्राप्त करने की जगाई अलख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित तत्वाधान मे सुरम्य पार्क के पीछे अमकुही फैक्ट्री कटनी में आयोजित रजत जयंती समारोह का समापन 25 वर्ष से पवित्रता का पालन करते हुए ईश्वरीय सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले भाई बहनों का एक अलौकिक आत्मीय ईश्वरीय सम्मान से हुआ । कार्यक्रम की शुरुआत उद्योगपति सुधीर जैन, सौम्या रांधेलिया अरविंद तिवारी, अमित शुक्ला, गिरिराज किशोर पोद्दार ' सतना की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी, दीपक टंडन रणवीर कर्ण अंकिता तिवारी लक्ष्मण प्रसाद साहू, सिविल लाइन राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन,धार्मिक प्रभाग प्रयागराज की अध्यक्ष मनोरमा दीदी, धार्मिक प्रभाग इंदौर जोन के जोन कॉडिनेटर ब्रह्मकुमार नारायण भाई, माउंट आबू ज्ञान सरोवर की विजय भाई , शहडोल की नालिनी बहन , चंडीगढ़ की पूनम बहन, धार्मिक प्रभाग राजिम छत्तीसगढ़ की सब कॉडिनेटर बीके राजयोगिनी पुष्पा दीदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया । उसके बाद सम्मानित होने वाले भाई बहनों का पगड़ी तिलक माला से स्वागत किया गया मनोरमा दीदी के द्वारा अभिनंदन पत्र भेट कर ईश्वरीय सौगात दी गई ।




इस अवसर पर सतना की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि ब्रह्माकुमारियों ने अपने विचारों के माध्यम से इस देश में एक ऐसी अलख जागई है जो निश्चित तौर पर परमात्मा को प्राप्त करने में हम सबका मार्ग प्रशस्त करती है। सौम्या रांधेलिया ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज को देख कर प्रेम ममता समर्पण और निस्वार्थ भाव हम सब आज यहां से सीख कर जाएं ।

सतना के परमानंद महाराज ने कहा की पवित्रता के ही बल पर इस संस्था की स्थापना की दादा लेखराज के द्वारा जो हमारे परम पूज्य ब्रह्मा बाबा है और ब्रह्मा बाबा गृहस्थ आश्रम में थे और गृहस्थ आश्रम में रहकर के पहले पवित्र गृहस्थ आश्रम का जो नींव हमारे ब्रह्मा बाबा ने रखा और आज इस संस्था में ऐसे हजारों नहीं लाखों भाई बहन है जो पवित्र रहकर के पूरे विश्व को पूरी प्रकृति को पवित्रता का साकाश दे रहे हैं इन सभी पवित्र आत्माओं को हमारा शत-शत नमन।

बीके नारायण भाई ने कहा कि सोना तप तप कर निखरता है।

### उद्घाटन क्रिकेट लीग मैच में प्रशासन इलेवन की टीम बनी विजेता

# कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाताओं को जागरूक और प्रेरित करने की दृष्टि से कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश और जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में विविध प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही है। बुधवार को फॉरेस्टर प्लेग्राउंड कटनी में प्रशासन इलेवन और पत्रकार इलेवन के बीच खेले गए क्रिकेट लीग मैच में कलेक्टर श्री अवि प्रसाद, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएफओ गौरव शर्मा ने पहुंचकर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की।

बेहतर बल्लेबाजी करते हुए चौके लगने और उत्कृष्ट बालिंग कर विकेट गिरने पर तालियां बजाकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। आयोजित क्रिकेट मैच में आयोजित क्रिकेट मैच में प्रशासन एकादश ने एक तरफा मुकाबले में पत्रकार एकादश को 10 विकेट से हराया। प्रशासन इलेवन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया और बल्लेबाजी के लिए पत्रकार इलेवन की टीम को आमंत्रित किया। 15-15 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार एकादश की टीम ने 6 विकेट खोकर 86 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी प्रशासन एकादश की टीम ने मात्र 5.3 ओवर में बिना कोई विकेट हुए 87 रन बनाकर 10 विकेट से मैच जीता।



प्रशासन एकादश की ओर से खेलते हुए ओपनर बल्लेबाज सुमित सैनी ने 16 गेंद पर 11 चौके जड़कर 47 रन बनाए। वहीं दूसरी ओर इनका साथ दे रहे डीके यादव ने भी 17 गेंदों पर 9 चौकों की सहायता से 39 रन बनाए। ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सुमित सैनी को प्लेयर ऑफ द मैच की ट्रॉफी जिला पंचायत के सीईओ गेमावत ने प्रदान की।

मतदाताओं की जागरूकता हेतु आयोजन स्थल पर बनाये गए सेल्फी प्वाइंट पर जाकर कलेक्टर श्री प्रसाद ने खुद फोटो खिचवाई। आयोजन स्थल पर हस्ताक्षर अभियान के फ्लेक्स पोस्टर पर कलेक्टर श्री प्रसाद, जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत, डीएफओ श्री शर्मा, श्री खान के साथ-साथ अन्य अधिकारियों ने भी हस्ताक्षर किए और सेल्फी पॉइंट पर जाकर फोटो खिंचवाई।

कलेक्टर ने गत स्वीप के आइकॉन सुमित आरख, मुस्कान से रूबरू होकर क्रिकेट के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्णिम भविष्य हेतु उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर द्वारा पत्रकार बंधुओ से सौजन्य भेंट और परिचय के दौरान बाल क्रिकेटर से भेंट होने पर उनसे बात की और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए उनके साथ फोटो खिंचवाई।

### रजिस्ट्रेशन काउंटर को भी देखा

कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत के साथ क्रिकेट टीमों के पंजीयन हेतु निर्धारित काउंटर का अवलोकन किया और सराहना की। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार से शुरू क्रिकेट टूर्नामेंट 13 अप्रैल तक चलेगा। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में 16 टीम भाग ले रही हैं।

क्रिकेट मैच की अंपायरिंग गुरु प्रसाद और मनोज शुक्ला ने की, जब कि एक-एक रन का लेखा जोखा स्कोरर सुयश शुक्ला और दिव्यांश मरकाम ने किया। क्रिकेट का आंखों देखा हाल मनोज शुक्ला और बृजेश गुप्ता ने बेहतरीन अंदाज में दर्शकों को सुनाया।

### प्रतियोगिताओं एवं विभिन्न गतिविधियों से किया जा रहा जागरूक

# स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों में खरा उतरने ननि ने प्रारंभ की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल के निर्देश पर नगर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की प्रतियोगिता की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। निगम प्रशासन स्वयं प्रतियोगिता की तैयारी में जुट गया है। रोजाना प्रातः नगर की सफाई व्यवस्था सहित सर्वेक्षण के निर्धारित मापदंडों अनुसार नगर की सफाई सहित डोर टू डोर किये जाने वाले कचरा संग्रहण कार्य का निरीक्षण कर सफाई कार्य को सुदृढ बनाने के दिशा निर्देश दिए जा रहे है।

नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन एवं उसकी सहयोगी संस्था ओम साईं विज़न द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में रोजाना स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाकर नागरिकों में स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। इसी क्रम में सहयोगी संस्था द्वारा विगत दिवस वार्ड क्रमांक 27 मदन मोहन चौबे वार्ड एवं वार्ड क्रमांक 28 नेहरू वार्ड की विभिन्न गलियों में प्रभात फेरी एवं रैली के माध्यम से नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने हेतु अपने घरों के पास साफ सफाई बनाए रखने एवं 3 दिन के बारे में जानकारी प्रदाय की जाकर घरों से निकलने वाले गीले सूखे एवं हानिकारक कचरे को अलग अलग डस्टबिन में रखने तथा अलग अलग ही निगम के कचरा वाहन में देने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की जानकारी दी जा रही है।



# उपार्जन केन्द्र पर गेंहू के अपग्रेडेशन हेतु 20 रूपये प्रति क्विंटल का शुल्क निर्धारित



जबलपुर।

उपार्जन केंद्रों पर किसानों द्वारा लाये गये नॉन एफएक्यू गेंहू के अपग्रेडेशन हेतु शुल्क का निर्धारण करने जिला आपूर्ति नियंत्रक एवं संयुक्त कलेक्टर नदीमा शीरी की अध्यक्षता में आज बुधवार को आयोजित की गई बैठक में कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं जिला उपार्जन समिति के सदस्यों से विस्तृत चर्चा के बाद लेबर चार्ज के रूप में 20 रुपये प्रति क्विंटल का शुल्क तय किया गया है। कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर आयोजित की गई इस बैठक में कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि उपार्जन केन्द्र पर पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्था रहेगी। पंजीकृत कृषक द्वारा स्लॉट बुकिंग के उपरान्त उपार्जन केन्द्र पर लाया गया गेंहू अमानक पाए जाने पर पंजी में दर्ज किया जाएगा। एवं किसान को अपग्रेडेशन कराने की सलाह दी जाएगी। किसान द्वारा स्वयं भी अपग्रेडेशन कराया जा सकता है, जो कि निःशुल्क रहेगा। किसान द्वारा स्वयं अपग्रेड कराने पर कोई राशि देय नहीं होगी। किन्तु यदि किसान द्वारा स्वयं गेंहू का अपग्रेडेशन नहीं कराया जाता है एवं किसान उपार्जन संस्था के माध्यम से अपग्रेड कराना चाहता है तो अपग्रेडेशन में लगने वाला लेबर व्यय उपार्जन नीति अनुसार किसानों द्वारा देय होगा। जिसकी रसीद उपार्जन संस्था द्वारा किसान को प्रदाय की जायेगी। किसानों के प्रति क्विंटल गेंहू साफ- सफाई में लगने वाला लेबर व्यय अथवा अपग्रेडेशन दर पूरे जिले में एक समान रहेगी।

बैठक में जिला उपार्जन समिति के सदस्यों एवं कृषक संगठनों के प्रतिनिधियों की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसान द्वारा समिति के माध्यम से गेंहू के अपग्रेडेशन हेतु लेबर व्यय 20 रूपये प्रति क्विंटल राशि किसान द्वारा देय होगी । जिसकी रसीद अनिवार्य तौर पर उपार्जन संस्था द्वारा किसान को दी जावेगी। अपग्रेडेशन हेतु लेबर व्यय की दर उपार्जन संस्था द्वारा उपार्जन केन्द्र में सहजगोचर स्थान पर बैनर लगाकर प्रदर्शित की जावेगी। किसानों को उपार्जन केन्द्र पर किसी प्रकार की असुविधा होने पर जिला स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम दूरभाष क्रमांक 0761- 2990239 पर शिकायत दर्ज कराने हेतु अवगत कराने प्रेरित किया गया। उपायुक्त सहकारिता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, जबलपुर को निर्देशित किया कि वे समस्त उपार्जन केन्द्रो में एक जैसे प्रारूप में एक दिवस में रसीद बुक प्रिंट करवाकर उपलब्ध कराए तथा लेबर व्यय की दर का बैनर लगवाना सुनिश्चित करें।

## ससुराल पहुंचे नड्डा का आत्मीय स्वागत

# परिजनों से की मेल मुलाकात

जबलपुर। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को उज्जैन रवाना होने के पूर्व यहां से सिविल लाइन पचपेढ़ी स्थित अपनी ससुराल पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी सास पूर्व सांसद श्रीमति जयश्री बनर्जी सहित अन्य परिजनों से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह समेत एवं अन्य गणमान्य नेतागण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि पूर्व सांसद पूर्व सांसद श्रीमति जयश्री बनर्जी की पुत्री मल्लिका बैनर्जी के साथ, श्री नड्डा का विवाह हुआ। श्री नड्डा अखिल विद्यार्थी परिषद की राजनीति में सक्रिय थे तभी से उनके बैनर्जी परिवार से रिश्ते हुए। श्री नड्डा जब अपनी ससुराल पहुंचे तो उनका जोरदार स्वागत किया गया। घर पहुंचते ही उन्होंने अपनी सास श्रीमती जयश्री बैनर्जी से आशीर्वाद लिया। श्रीमती बैनर्जी के पुत्र वरिष्ठ भाजपा नेता दीपांकर बैनर्जी ने बताया कि अब श्री नड्डा एक टाइम ही भोजन करते हैं। उन्होंने कल दोपहर भी उन्होंने घर का भोजन किया। बुधवार सुबह भी फल-दूध का सेवन किया दीपांकर ने बताया कि जब भी वे जबलपुर में होते हैं तो घर का सादा भोजन ही करते हैं। श्रीमती बैनर्जी ने बताया कि श्री नड्डा एक-एक व्यक्ति का ध्यान रखते हैं। जबलपुर और जबलपुर के लोग, यहां की संस्कृति उनके दिल में बसती है। इस बार उन्होंने पुराने सभी पारिवारिक मित्रों के बारे में पूछा। यहां तक कि घर के कर्मचारियों के नाम भी उन्हें याद रहे। इतने बड़े ओहदे पर होने के बाद भी जमीन से जुड़े रहना, अपनों को याद रखना उनके व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# महापौर ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत



जबलपुर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नगर आगमन पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित प्रबुद्धजनों के सम्मेलन, बूथ अध्यक्ष और त्रिदेश सम्मेलन में महापौर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते हुए सभी कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की जीत का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, लोकसभा प्रत्याशी आशीष दुबे सहित पार्टी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चलित प्रसादम सेवा के 13 साल आज पूरे होंगे



जबलपुर। जबलपुर आज से 13 साल पहले 4 अप्रैल 2011 हिंदू नव वर्ष पर जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट की योजना से हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास महाराज के सानिध्य में 200 से 300 लोगों का प्रतिदिन चलित प्रसादम सेवा के नाम से एक गाड़ी में भोजन वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। जो शहर के किसी भी स्थान में गाड़ी में भोजन रख कर ले जाया जाता है वहां स्टील की थालियां में शुद्ध साफ भोजन पूरी सब्जी कढ़ी चावल हलवा वितरित किया जाता है पीने का शुद्ध पानी भी रहता है थाली भी आश्रम के भक्त ही धोते हैं। कोरोना के समय यह संख्या 1 हजार हो गई थी अभी हाल में अयोध्या धाम में भगवान रामजी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 10 दिन में 1 लाख 15 हजार लोगों को अयोध्या धाम में भोजन वितरित किया गया उस समय यह सेवा जबलपुर में भी चालू थी। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया अभी तक 17 लाख 6100 लोगों ने प्रसाद पाया 4696 दिन पूरे हुए। ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे से संत महात्माओं के सानिध्य में मेडिकल कॉलेज गौरीघाट साई मंदिर आदि स्थानों में 1 हजार से अधिक लोगों को भोजन वितरित किया जाएगा।

# अकीदत के साथ निकला चादर संदल जुलूस



जबलपुर। रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड के सुब्हानबाग स्थित हजरत मोहम्मद हसन साधु बाबा रह. का फातेहा ख्वानी के साथ दो दिनी उर्स का समापन किया गया। विगत दिवस दरबार सुब्हानिया के सज्जादानसीन बदरुद्दीन गुड्डु बाबा की सरपरस्ती में अकीदत और मोहब्बत के साथ चादर संदल जुलूस निकाला गया। जुलूस विभिन्न मार्गों से होता हुआ दरगाह शरीफ पहुंचा जहाँ मज़ारे अक़दस पर चादरपोशी और गुलपोशी की रस्म अदा की गई। चादर जुलूस में असलम बाबा खाकसार रायपुर, मौलाना जुनून नक्शबंदी, रईस बाबा, यार मोहम्मद अंसारी, सुल्तान खान,रफीक पहलवान,उर्स कमेटी के सचिव कलीम खान, नईम शाह आदि के साथ सैकड़ों की तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत की। उर्स के दूसरे दिन महफिले सिमा का एहतेमाम किया गया, जिसमें मुल्क के नामवर कव्वाल असलम निज़ामी और मोईन निज़ामी के सूफ़ियाना कलामों ने समा बांधा। इसके बाद फातेहा ख्वानी के साथ उर्स का समापन किया गया।

# अफ्तार-ए-आम का सिलसिला जारी

जबलपुर। रमजान शरीफ का आखरी असरा जहन्नुम से आजादी का चल रहा है। मुस्लिम बंधु कसरत से इबादत कर रहे हैं और अल्लाह से नेक दुआएं माँग रहे हैं। आखरी असरे में शहर की अनेक मस्जिद में मुस्लिम धर्मावलंबी एअतकाफ़ में बैठे हैं। अंतिम असरे की शुरुआत में मुस्लिम बुजुर्ग नौजवान मस्जिद के अंदर दाखिल हो जाते हैं और इबादत करते हैं और ईद का चाँद नजर आने पर मस्जिद के बाहर निकलते है। एअतकाफ़ के दौरान मस्जिद के भी बाहर नहीं आते हैं। अंतिम असरे में भी अफ्तार ए आम का सिलसिला जारी है, इसी कड़ी में 21वें रोजे पर छावनी क्षेत्र सदर गली नंबर 13 में अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया। सैकड़ों की तादाद में लोगों ने सामूहिक अफ्तार किया, अफ्तारोपरान्त हाफिज सलीम साहब ने मगरिब की नमाज अदा कराई और मुल्क की तरक़्क़ी की खास दुआएं मांगी। अफ्तार में सदर जामा मस्जिद के पूर्व अध्यक्ष अकबर खान, अश्फाक़ क़ुरेशी, लाल सिराज क़ुरेशी, हारून मामू, हलीम भारती, तबरेज क़ुरेशी, अख्तर मामू, साजिद क़ुरेशी, कासिम क़ुरेशी, बरकात अली, गफ्फार भाई सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

# एलएनसीटी का स्वच्छता, मतदाता जागरूकता अभियान संपन्न




जबलपुर। एलएनसीटी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के नेतृत्व में शहीद दिवस की श्रृंखला में स्वच्छता कार्यक्रम एवं मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन 01 से 03 अप्रेल तक किया गया, जिसके समापन दिवस पर महाविद्यालय में डॉ. आनंद सिंह राणा जिला संगठक का आगमन हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अतिरिक्त संचालक अजय वर्मा एवं ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट सेल के अधिकारी उज्जवल चौकसे की उपस्थिति रही। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कु. कल्याणी बैरागी एवं आभार अजय नारायण पटेल ने किया।



# आगा चौक में हुआ अफ्तार

जबलपुर। मौला ए कायनात हज़रत अली की यौमे शहादत के मौके पर आज आगा चौक स्तिथ हज़रत आगा मोहम्मद साहब की दरगाह में विशाल अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया। बाद नमाज असर मौला ए कायनात हज़रत अली रदि. की न्याज पेश की गई। मगरिब के वक्त अफ्तार ए आम में सैकड़ो की तादाद में लोगों ने शिरकत की और सामूहिक अफ्तार किया। अफ्तारोपरान्त मगरिब की नमाज अदा की गई और देश और शहर की तरक़्क़ी के लिए दुआएं मांगी गई। दरगाह शरीफ के मुतवल्ली सैय्यद लियाकत अली, सेकेट्री रफीक खान, साबिर अली ने रोजा अफ्तार में शिरकत किए तमाम रोजेदारों का शुक्रिया अदा किया।

## सत्र के प्रारम्भ में ही विद्यार्थियों को गणवेश व पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं : मांग

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि 01 अप्रेल को सभी शासकीय शालाओं में प्रवेश उत्सव मनाने के साथ ही नया सत्र प्रारम्भ हो चुका है ऐसे में सभी शासकीय शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को समय पर गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक उपलब्ध करायी जाना चाहिए जिससे शालाओ में सुचारू रूप से अध्यापन कार्य प्रारम्भ हो सके। क्योंकि पिछले कुछ सत्रों में देखा गया है कि सत्र प्रारम्भ हो जाने के बावजूद महिनों तक विद्यार्थियों को गणवेश व पाठ्य पुस्तक उपलब्ध नहीं हो पाती हैं जिससे विद्यार्थियों एवं पालकों में रोष बना रहता है। ऐसे में वे स्कूलों में चक्कर लगाकर शिक्षकों को परेशान करते हैं। संगठन के प्रदेष अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, हेमन्त ठाकरे, गुडविन चार्ल्स, विनोद सिंह, एनोस विक्टर, राजकुमार यादव आदि ने आयुक्त राज्य शिक्षा केन्द्र से मांग की है कि सत्र के प्रारम्भ में ही विद्यार्थियों को गणवेश व निःशुल्क पाठ्य पुस्तशें उपलब्ध करायी जाएं।

## इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष खजुराहो लोकसभा से हैं प्रत्याशी



जबलपुर। विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों से पार्टियों द्वारा अपने प्रत्याशियों की घोषणा की जा रही है। दूसरे चरण के चुनाव के लिये मध्य प्रदेश के खजुराहो लोकसभा सीट से इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट पन्नालाल त्रिपाठी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन करते समय एड. पन्ना लाल त्रिपाठी के साथ इण्डियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के प्रदेश सचिव एड. राजकुमार बक्शी, प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग फूलचंद पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद पटेल, प्रदेश कार्यालय प्रभारी रामनरेश तिवारी, कटनी जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध बजाज, कटनी जिला उपाध्यक्ष सुभाष मालाकार, एड. प्रियांश त्रिपाठी, एड. अक्षय बजाज, अंतु गुप्ता, वैद्य सुरेन्द्र विश्वकर्मा एवं पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महाकोशल कम्प्यूटर डीलर्स एसो. के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न



जबलपुर। महाकोशल कम्प्यूटर डीलर्स एसोसियेशन जबलपुर के द्विवार्षिक वर्ष 2024-26 के चुनाव विगत दिवस होटल समदड़िया बराट रोड में संपन्न हुए, जिसमें अध्यक्ष पद पर बीएल पटेल (रॉक डॉट कॉम कम्प्यूटर) निर्विरोध एवं राजकुमार पटेल (मास्टर कम्प्यूटर्स) 27 मतों से विजयी होकर सचिव पद पर चयनित हुए। चुनाव प्रक्रिया में संस्था के 87 सदस्यों ने मतदान किया। यह सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया चुनाव अधिकारी शिशिर जैन, अनिल जेन, संजय सगरिया एवं शोभित ब्यौहार द्वारा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।



# चेट्रीचंड महोत्सव पर 10 को निकलेगी भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा

जबलपुर। भारतीय एकता मंडल लालमाटी द्वारा भगवान झूलेलाल वरुण देवता की विशाल शोभायात्रा 10 अप्रेल को निकाली जाएगी, जो सिंधी सिंगल क्वार्टर चाँदमारी से प्रारंभ होकर सांई मंदिर, नारायण चौक, गोपाल होटल चौक, झामनदास चौक होते हुए आयाराम दरबार कांचघर पहुंचकर समाप्त होगी। शोभायात्रा में बहराणा साहिब, लाल सांई की सजीव झांकी, संत कंवरराम साहिब, राजा दाहिर सेन, वीर शहीद हेमू कालाणी, महाकाल और माता वैष्णो की झांकी प्रस्तुत की जाएगी, जिसका जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर क्षेत्र की विभिन्न समितियों द्वारा स्वागत किया जाएगा। भारतीय एकता मंडल के अध्यक्ष गणेश जेठवानी, भरत मंगलानी, श्याम हिन्दुजा, सुरेश रामचंदानी, हरीश सचदेवा, अमृतलाल प्रथवानी, प्रहलाद आहूजा, विजय हरचंदानी, शंकर आहूजा आदि ने कार्यक्रमों में उपस्थिति की अपील की है।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **GURMIT BAL** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **GURMIT SINGH BAL** S/O KARAM SINGH BAL RESIDENT OF - 167/2996, CHANDAN COLONY, RANJHI, MANEGAON, KHAMARIYA, JABALPUR (MP)482005.

**नाम परिवर्तन सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं गिरजा देवी तिवारी पति शिवरतन प्रकाश तिवारी, नि. म.न. 392/3, दयानंद सरस्वती वार्ड, नवीन विद्या भवन विद्यालय के पीछे, नेपियर टाउन जबलपुर (म.प्र.) में निवास करती हूँ तथा मेरा ससुराल का घरेलू नाम शीला तिवारी है तथा मायके में मेरा नाम गिरजा देवी तिवारी चलता है तथा मेरा नाम गिरजा देवी तिवारी एवं शीला तिवारी दोनों नामो से जानी एवं पहचानी जाती हूँ तथा उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है तथा मैं अपना नाम परिवर्तन कराना चाहती हूँ जो शीला तिवारी के स्थान पर मेरा सही नाम गिरजा देवी तिवारी समस्त शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में सुधार कराना चाहती हूँ।
वर्तमान में दर्ज नाम-शीला तिवारी (SHEELA TIWARI)
परिवर्तन कर सुधार सही नाम-गिरजा देवी तिवारी (GIRJA DEVI TIWARI)

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, P RAJAN S/O PAPPU R/O CHARUVILA PUTHEN VEEDU, THENGAMAM P.O. THENGAMAM, VTC: PALLICKAL, DISTT-PATHANAMTHITTA, STATE- KERALA PIN-690522 I have change of my name and date of birth from name RAJAN and date of birth 01/07/1953 (name and date of birth as per my SON, ARMY NO 15702553N RANK-HAV NAME- RAJEEV R of unit 2TTR, 1STC, JABALPUR (MP) army service record) to name P RAJAN and date of birth 18/04/1954 (name date of birth as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 01/04/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-P RAJAN
INCORRECT NAME-RAJAN
CORRECT DATE OF BIRTH-18/04/1954
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1953

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, SIVARATHRI ANJANEYULU S/O LATE VENKAIAH R/O 2-35, RENINGAVARAM, PO-RENINGAVARAM, DIST-PRAKASAM (ANDHRA PRADESH)-523261 I have change of my name and date of birth from name ANJANEYULU and date of birth 01/07/1958 (name and date of birth as per my SON, ARMY NO 15696068A RANK HAV NAME-SIVARATHRI RAMANJANEYULU of unit 2 TTR HQ 1 STC, JABALPUR (MP) army service record) to name SIVARATHRI ANJANEYULU and date of birth 10/10/1949 (name date of birth as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 29/03/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME
SIVARATHRI ANJANEYULU
INCORRECT NAME-ANJANEYULU
CORRECT DATE OF BIRTH- 10/10/1949
INCORRECT DATE OF BIRTH- 01/07/1958

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, B MANI W/O P RAJAN R/O CHARUVILA PUTHEN VEEDU, THENGAMAM P.O. THENGAMAM, VTC: PALLICKAL, DISTT-PATHANAMTHITTA, STATE- KERALA PIN-690522 I have change of my name and date of birth from name MANEY and date of birth 01/07/1958 (name and date of birth as per my SON, ARMY NO 15702553N RANK-HAV NAME- RAJEEV R of unit 2TTR, 1STC, JABALPUR (MP) army service record) to name B MANI and date of birth 01/03/1958 (name date of birth as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 01/04/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).
CORRECT NAME-B MANI
INCORRECT NAME-MANEY
CORRECT DATE OF BIRTH-01/03/1958
INCORRECT DATE OF BIRTH-01/07/1958

# गांव-गांव नशा मुक्ति एवं नारी जागरण का संदेश

## 485 ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी रथ यात्रा



जबलपुर।

गायत्री परिवार, जबलपुर द्वारा श्रद्धा संवर्धन रथ यात्रा के माध्यम से 190 से अधिक ग्राम पंचायतों के विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों को आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य का संदेश दिया गया। यह रथयात्रा 27 जनवरी से प्रारंभ की गई है जो कि 17 अप्रैल रामनवमी तक जबलपुर की 485 ग्राम पंचायतों तक जाकर अपना संदेश पहुंचायेगी।

अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज, हरिद्वार में विगत 1926 से निरंतर प्रज्वलित अखंड दीप एवं गायत्री परिजनों की आराध्या माता भगवती देवी शर्मा के जन्म के 100 वर्ष पूर्ण होने पर इनका जन्म शताब्दी समारोह विराट रूप से शांतिकुंज, हरिद्वार में मनाया जाएगा। इसी उपलक्ष्य पर गायत्री साधकों द्वारा विश्व कल्याण के निमित्त गायत्री साधना निरंतर की जा रही है। भारत के हर गांव में जाने का लक्ष्य इस शक्ति कलश यात्रा के माध्यम से रखा गया है, जो कि सभी गांवों में नशा मुक्ति, नारी जागरण, सप्त आंदोलन से जुड़ने जनमानस से आवाहन करेगी एवं गायत्री परिवार के संस्थापक आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के सतसाहित्य को घर-घर, ग्राम-ग्राम में स्थापित करने प्रेरणा प्रदान करेगी। महामंत्र गायत्री को नित्य नियम पूर्वक जप करने का संकल्प इस यात्रा के माध्यम से कराया जा रहा है। विद्यालयों में विद्यार्थियों को इस यात्रा के माध्यम जीवन जीने की कला का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है अनेक विद्यार्थी नशा छोड़ रहे हैं एवं पर्यावरण के संरक्षण के प्रति संकल्पित हो रहे हैं। यात्रा का संचालन गायत्री परिवार के कर्मठ कार्यकर्ताओं नरेश तिवारी, नारायण दुबे, प्रेमशंकर तिवारी, धर्मेश्वर झाड़ें, बी. बी. शर्मा, बृजेश शर्मा, कन्हैया लाल, विजय विश्वकर्मा, कमल कोष्टा, गोपाल बर्मन, पी.एल. सेन, गोविंद यादव द्वारा किया जा रहा है।



# गारमेंटस के लेटेस्ट कलेक्शन

जबलपुर। फैमिली गारमेंट्स शोरूम सुनील होजरी में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ नया और लेटेस्ट मौजूद है। गारमेंट्स के साथ ही इनरवियर्स का अच्छा खासा कलेक्शन यहां है। संचालकों ने बताया कि तिलक भूमि, अंधेर देव और भंवरताल गार्डन के सामने नेपियर टाउन स्थित ब्रांच में ढेर सारी वैराइटीज लोगों को आकर्षित कर रही है। लेटेस्ट फैशन से लैस गारमेंट्स सभी की पहली पसंद बने हुए हैं। संचालकों ने बताया कि सुनील होजरी फैशंस शहर में काफी पुराना व प्रतिष्ठित, विश्वनीय प्रतिष्ठान है, जिसकी स्थापना सन 1949 में हुई। इसके संस्थापक स्वर्गीय जागेश्वर व स्वर्गीय प्रेमिला हैं। वर्तमान में डायरेक्टर्स अतुल (राजू), हेमा अग्रवाल इसे नई ऊंचाइयां दे रहे हैं।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/02
दिनांक:- 03/04/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभिजीत दासगुप्ता पिता स्व. श्री मिलन चन्द दासगुप्ता ने मकान नं. 943/एस एफ एफ-4 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती द्वितीय तल 940 व.फु. शपथपत्र/मृत्यु प्रमाणपत्र/खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/03
दिनांक:- 03/04/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री निरंजन कुमार शर्मा पिता श्री श्याम सुन्दर शर्मा (2) श्री नकुल शर्मा पिता श्री निरंजन कुमार शर्मा ने मकान नं. 298 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 2120 व.फु.खुली भूमि विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/04
दिनांक:- 03/04/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा (2) श्री इन्द्रनारायण मिश्रा दोनो के पिता स्व. श्री रामनरेश मिश्रा ने मकान नं. 227 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 3570 व.फु.भूतल 1024+1575 व.फु. प्रथम तल 299 व.फु. बटवारानामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# खादिम ने बंगाल मार्केट के ब्रांड एंबेसडर के रूप में टॉलीवुड स्टार्स अबीर चटर्जी और ईशा साहा के साथ साझेदारी की घोषणा की

**कोलकाता।** फुटवियर उद्योग में एक अग्रणी नाम, खादिम, गर्व से ब्रांड एंबेसडर के रूप में प्रसिद्ध टॉलीवुड सितारों, अबीर चटर्जी और ईशा साहा के साथ अपने रणनीतिक सहयोग की घोषणा किया है।

यह साझेदारी खादिम के लिए एक रोमांचक अध्याय है क्योंकि यह पश्चिम बंगाल और अन्य बंगाली प्रमुख बाजारों में अपने विविध उपभोक्ता आधार के साथ अपने संबंध को मजबूत करती है। अबीर चटर्जी और ईशा साहा, दोनों टॉलीवुड उद्योग के प्रतीक हैं, खादिम के मूल्यों का सार - उत्कृष्टता, शैली और सांस्कृतिक प्रासंगिकता का प्रतीक हैं। इस अवसर पर खादिम इंडिया लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक रितिक रॉय बर्मन ने कहा, 'हम अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में खादिम परिवार में अबीर चटर्जी और ईशा साहा का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। उनकी प्रतिभा, करिश्मा और व्यापक अपील खादिम के मूल्यों और दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। साथ में, हमारा लक्ष्य ब्रांड जीवनचक्र में नए और अभिनव तरीकों से अपने ग्राहकों को प्रेरित करना और उनसे जुड़ना है। हमारे पिछले प्रयासों में, हमने कई चीजें करने की




कोशिश की लेकिन हम हमेशा 'बंगालियों' को गुरुत्वाकर्षण का केंद्र बनाए रखा।' अपने विचार व्यक्त करते हुए अबीर चटर्जी ने कहा, 'खादिम के साथ उनके ब्रांड के चेहरे के रूप में साझेदारी करके मुझे खुशी हो रही है। खादिम हमेशा हमारे दिलों के बहुत करीब रहा है, हम सदियों से इसके ग्राहक रहे हैं। यह एक रोमांचक अवसर है। एक ऐसे ब्रांड का हिस्सा बनें जो बंगाली दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ता है। मैं खादिम की उत्कृष्टता और शैली की यात्रा में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।' ईशा साहा ने सहयोग के बारे में अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, 'एक गौरवान्वित बंगाली के रूप में, मुझे खादिम का प्रतिनिधित्व करने में बहुत खुशी होती है। मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं और इसका चेहरा बनने के लिए आभारी रहूंगी। यह सहयोग खादिम की अपनी सांस्कृतिक जड़ों को बनाए रखते हुए उद्योग में सबसे आगे रहने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रणनीतिक साझेदारियों और आकर्षक विपणन पहलों के माध्यम से, खादिम भारत के फुटवियर परिदृश्य में एक प्रिय ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करना जारी रखता है। यह ब्रांड अभियान खादिम इंडिया के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, सेलेक्टिव मल्टीप्लेक्स और बीटीएल अभियानों पर जारी किया जाएगा।

# एमो इलेक्ट्रिक बाइक्स ने 'मैदान' के रिलीज़ का जश्न मनाया



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध एमो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशन्स प्रदाता ने आगामी फिल्म 'मैदान' को बढ़ावा देने और इलेक्ट्रिक बाइक की अपनी नई रेंज लॉन्च करने के लिए प्रशंसित बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन के साथ साझेदारी की है। सहयोग के तहत, अजय देवगन एमो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशन की जॉन्टी - आई प्रो इलेक्ट्रिक बाइक का प्रचार करेंगे जो 10 अप्रैल को फिल्म 'मैदान' की नाटकीय रिलीज के साथ लॉन्च होगी। 1950-60 के दशक की बहुप्रतीक्षित खेल ड्रामा में देवगन महान भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभा रहे हैं। जॉन्टी आई-प्रो, एमो की जॉन्टी-क्लास इलेक्ट्रिक बाइक की श्रृंखला का सबसे नया सदस्य है। जॉन्टी आई-प्रो ब्रांड की अगली पीढ़ी का इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन है। अजय देवगन की खेल-थीम वाली फिल्म मैदान के सहयोग से एमो और उनके कर्मचारी दोनों खुश हैं। यह एक रोमांचक समय है, और एमो का भविष्य बहुत आशाजनक लगता है। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए 'एमो मोबिलिटी सॉल्यूशन्स के सीईओ सुशांत कुमार ने कहा, 'हम मैदान और हमारी नई जॉन्टी आई-प्रो ई-बाइक की रिलीज के लिए अजय देवगन के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं। देवगन भारत के सबसे प्रतिभाशाली और सम्मानित अभिनेताओं में से एक हैं।' मैदान और हमारी ई-बाइक दोनों दृढ़ता, टीम वर्क और नवाचार के माध्यम से सभी बाधाओं के खिलाफ जीत का प्रतीक हैं। अजय देवगन ने एमो इलेक्ट्रिक बाइक्स के साथ सहयोग करने पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, 'जीतने के लिए, एक ऐसी टीम का होना जरूरी है जिस पर आप भरोसा करें, ठीक उसी तरह जैसे एमो इलेक्ट्रिक बाइक्स विश्वसनीय, टिकाऊ और किफायती होने में पूरा भरोसा प्रदान करती है।' 'मैदान' अमित शर्मा द्वारा निर्देशित एक जीवनी खेल नाटक है, जिसमें अजय देवगन ने सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। फिल्म उस अनकही कहानी को बताने का वादा करती है जिसने 1950 और 1960 के दशक के दौरान भारतीय फुटबॉल को आकार देने में मदद की।



## टीकेएम की ऑल-न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च

**मुंबई।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने ऑल-न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च किया, जो भारत में इसकी मजबूत और बहुमुखी एसयूवी श्रृंखला में नया शामिल हुआ गतिशील और मजबूत वाहन है। ए-एसयूवी सेगमेंट में कंपनी के पुनः प्रवेश को चिह्नित करते हुए, ऑल-न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर आधुनिक स्टाइलिंग, अत्याधुनिक सुविधाओं और उन्नत प्रौद्योगिकियों से प्राप्त प्रतिष्ठा की भावना प्रदान करने के लिए तैयार है। यह इसे भारतीय ग्राहकों के लिए एक आदर्श विकल्प भी बनाता है। नया उत्पाद एसयूवी श्रेणी में कंपनी की मजबूत उपस्थिति को और मजबूत करता है।





## स्कोडा ने डिजिटाइज़ेशन की रणनीति को बढ़ावा दिया

**मुंबई।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा की है। नए युग की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए कंपनी ने यूजर के जुड़ाव, उपभोक्ताओं को कंपनी की योजनाओं में शामिल करने और डिजिटाइज़ेशन की ओर बढ़ते हुए कई डिजिटल गतिविधियों की शुरुआत की है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कहा, 'लगातार बदलते डिजिटल फलक, प्लेटफॉर्म और मीडियम को देखते हुए उपभोक्ताओं के अनुभव और उनके सफर को यादगार बनाने के लिए नए तरीकों को अमल में लाना बहुत जरूरी हो गया है।

## लैंक्सेस को वित्त वर्ष 2024 में अर्निंग्स में सुधार की उम्मीद

**मुंबई।** वित्त वर्ष 2023 में स्पेशियलिटी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस ने विक्रय में 6,714 बिलियन यूरो का आँकड़ा पार किया, जो पिछले वर्ष के 8.088 बिलियन यूरो से तुलना में 17.0 कम था। पूर्व अपवादात्मक ईबीआईटीडीए पिछले वर्ष के 930 मिलियन यूरो की तुलना में 44.9 प्रतिशत तक की गिरावट के साथ 512 मिलियन यूरो पर दर्ज हुआ। पूर्व अपवादात्मक ईबीआईटीडीए मार्जिन 7.6 प्रतिशत रहा, जबकि इसके पिछले वर्ष में यह 11.5 प्रतिशत था। लैंक्सेस के सीईओ, मैथियास जैशर्ट ने कहा कि इस दौर से यथासंभव मजबूती के साथ उबरने और फिर से समय सुधरने पर सबसे बेहतरीन स्थिति में पहुंचने के लिए कोई कसर बाकी नहीं रख रहे हैं। अपनी फॉरवर्ड कार्य योजना के साथ हमने आरंभिक चरण में सही कदम उठाये हैं।जर्मन केमिकल इंडस्ट्री के लिए वर्ष 2023 अनेक ग्राहक उद्योगों और बाजार के क्षेत्रों में कमजोर माँग के साथ-साथ ग्राहकों द्वारा इन्वेंटरी में कमी, जर्मनी में ऊर्जा की ऊँची कीमतें, और भू-राजनैतिक तनावों के साथ अनेक संकटों का साल था।

# अभी भी लोगों के पास हैं 2000 नोट के 8,202 करोड़



एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को कहा कि 2000 रुपए मूल्य के 97.69 प्रतिशत नोट बैंकों के पास वापस आ गए हैं। केवल 8,202 करोड़ रुपए मूल्य के 2000 के नोट अब लोगों के पास है। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपए मूल्य के बैंक नोट को वापस लेने की घोषणा की थी। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि 19 मई को चलन में 2000 रुपए के नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपए था। यह अब 29 मार्च, 2024 को घटकर 8,202 करोड़ रुपये रह गया। बयान के अनुसार, इस प्रकार, 19 मई, 2023 को जितने 2000 के नोट चलन में थे, उसका 97.69 प्रतिशत वापस आ चुका है।

- आरबीआई में 97.69 फीसदी ही नोट जमा

### अभी भी जमा करने का विकल्प

ऐसे नोट रखने वाली इकाइयों को शुरू में 30 सितंबर, 2023 तक इन्हें बदलने या बैंक खातों में जमा करने के लिए कहा गया था। बाद में समयसीमा सात अक्टूबर, 2023 तक बढ़ा दी गयी थी। बैंक शाखाओं में जमा और विनिमय सेवाएं सात अक्टूबर, 2023 को बंद कर दी गयी थीं। लोगों को आठ अक्टूबर, 2023 से आरबीआई के 19 कार्यालयों में नोट को बदलने या उनके बैंक खातों में उतनी राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है।

# घोषणा पत्र पर मंथन केंद्र में रहा 'विकसित भारत' का एजेंडा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी की सोमवार को चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक हुई जिसके केंद्र में सरकार के 'विकसित भारत' का एजेंडा और उसकी रूपरेखा रही। आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रमुख वादों पर चर्चा करने के लिए आठ केंद्रीय मंत्रियों और तीन मुख्यमंत्रियों ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने की। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत चार राज्यों के सीएम मौजूद रहे। बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक सुझाव मिले हैं।

- राजनाथ की अध्यक्षता में बैठक सीएम विष्णुदेव भी हुए शामिल

### पहले चरण के मतदान से पहले घोषणा पत्र

सूत्रों के मुताबिक, 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले पार्टी अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है। कई दशकों में यह पहली बार है कि भाजपा के कुछ प्रमुख वैचारिक वादों का अपने चुनावी घोषणापत्र में उल्लेख नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राम मंदिर के निर्माण के साथ दो प्रमुख वैचारिक वादे पूरे किए जा चुके हैं। कुछ राज्यों में भाजपा की सरकारें समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए भी काम कर रही हैं।

एक वाहन, एक फास्टैग लागू

# वाहन पर नहीं लगा सकेंगे एक से अधिक फास्टैग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड सोमवार से लागू हो गया है। इसका उद्देश्य कई वाहनों के लिए एक फास्टैग के इस्तेमाल या एक वाहन से कई फास्टैग संबद्ध करने को हतोत्साहित करना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब एक वाहन पर एक से अधिक फास्टैग नहीं लगाए जा सकेंगे। उन्होंने कहा, जिन लोगों के पास एक वाहन के लिए कई फास्टैग हैं,

### पेटीएम के लिए पहले दी थी सलाह

भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम की सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ग्राहकों और कारोबारियों को 15 मार्च तक अपने खाते दूसरे बैंकों में स्थानांतरित करने की सलाह दी थी। फास्टैग की पहुंच लगभग 98 प्रतिशत वाहनों तक है और इसके आठ करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता हैं। फास्टैग में सीधे टोल मालिक से जुड़े प्रीपेड या बचत खाते से टोल भुगतान करने के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) तकनीक का इस्तेमाल होता है।

## कांग्रेस की सीईसी में लोस प्रत्याशी पर चर्चा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की सीईसी ने सोमवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लिए लोकसभा उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा की। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की अध्यक्षता वाली बैठक में सोनिया गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल शामिल हुए। तेलंगाना से जुड़ी बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और आंध्र प्रदेश से संबंधित बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला शामिल थे।

**फायनेंस**

फाइनेंस- समस्त भारत में मुद्रा योजना द्वारा एज्युकेशन, पर्सनल, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, बिजनेस व मकान, दुकान के लिए आधारकार्ड, पैन कार्ड पर लोन 2% ब्याज, 50% छूट उपलब्ध संपर्क करें मोबाइल नंबर :- 9540069704. (रायपुर/04/अप्रैल/24)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## राशिफल

**मेष:** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष:** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक:** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर:** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन:** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

शक्कर के भाव में कोई खास परिवर्तन नहीं

# पांच वर्षों में सबसे ज्यादा अप्रैल का शक्कर कोटा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरकार ने अप्रैल में चीनी का कोटा 23.5 लाख टन जो रखा है उसे बढ़ाकर 25 लाख टन कर दिया। यह शक्कर कोटा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा है।

लेकिन बाजारों में क्वालिटीनुसार शक्कर के भावों में कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ। स्थानीय शक्कर कारोबारी देवानंद सचदेवा के अनुसार हनुमानगंज, जुमेराती बाजार में शक्कर एस 3850 से 3860 रुपए, शक्कर डबल एस 3870 से 3880 रुपए और शक्कर एम 3970 से 3980 रुपए क्विंटल के भाव पर सौदे हो रहे हैं। सचदेवा के अनुसार अधिक कोटा जारी होने के बाद स्थानीय बाजार में शक्कर 25 से 30 रुपए क्विंटल सस्ती हुई है।

### चीनी की आवक सामान्य और सप्लाई दुरुस्त रहेगी




गौरतलब है कि गर्मियों में चीनी की मांग बढ़ जाती है और त्योहार भी अधिक आते हैं। कोल्ड ड्रिंक्स से लेकर आइसक्रीम कंपनियां अधिक चीनी की डिमांड करती हैं। गर्मी में ऐसे प्रोडक्ट की मांग बढ़ जाती है, इसलिए इन कंपनियों में खपत भी अधिक होती है। इन दोनों बातों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने अप्रैल महीने में चीनी का कोटा बढ़ाया है। तो वहीं व्यापारियों का यह कहना है कि चुनावी सीजन को देखते हुए सरकार ने चीनी मिलों के लिए चीनी का कोटा बढ़ा दिया है। ये कोटा इसलिए बढ़ाया गया है ताकि खुले बाजार में इसकी आवक सामान्य रहे। चीनी की आवक सामान्य बने रहने से सप्लाई दुरुस्त रहेगी, जिससे दामों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। ये महीना त्योहार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है और चुनाव भी शुरू होने वाला है। इसे देखते हुए सरकार ने चीनी मिलों के लिए 25 लाख टन चीनी का कोटा कर दिया है। यह कोटा फरवरी और मार्च के कोटे से ज्यादा है।

### मिलों ने स्टॉक नियमों की अनदेखी की

36 मिलें ऐसी हैं जिनका कोटा सरकार ने कम कर दिया। महाराष्ट्र में 22 और कर्नाटक में 14 मिलों के कोटे को घटाया गया,क्योंकि इन मिलों ने स्टॉक नियमों की अनदेखी की। यूपी की एक बड़ी चीनी मिल का भी कोटा कम किया गया है।
मिल का कहना है कि सरकार से बार-बार दर्खास्त करने के बाद भी कोटा नहीं बढ़ाया गया है और इससे उसकी कमाई पर असर पड़ा है। चीनी का कोटा इसलिए भी बढ़ाया जाता है क्योंकि इसकी मांग कई उद्योगों में देखी जाती है।

## शब्द पहेली - 5471



**बाएँ से दाए**
1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

**शब्द पहेली- 5470 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | | अ | | बी | र | ब | ल |
| | ला | | वा | | म | हि | मा | | ल | व |
| म | | | य | की | न | | र | | | कु |
| त | क | ली | फ | | चै | त्र | | क | ल | श |
| वा | | ड | | रा | न | | गै | | ह | |
| ला | प | र | वा | ह | | का | र | गु | जा | री |
| | र | | दा | | अ | स्त | | मा | | मा |
| प्र | ख | र | | पा | प | | म | न | च | ला |
| जा | | | शा | | ह | न | न | | | गू |
| प | र | | पि | ह | र | | ह | | शा | |
| ति | जा | र | त | | ण | | र | ह | म | त |

## सूडोकु नवताल - 5482

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 5481 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |



# हेल्दी लाइफ के लिए रूल्स ना हों स्ट्रेसफुल

यह सही है कि हेल्दी और फिट रहने के लिए डाइट और लाइफस्टाइल में बैलेंस होना चाहिए। लेकिन इनकी वजह से हमेशा स्ट्रेस लेना और खुद की इच्छाओं को मारना भी सही नहीं है। अच्छी हेल्थ के लिए कैसे हों रूल्स, जानिए।

**हेल्दी फंडा**

**शिखर चंद जैन**



लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के बीच हेल्थ को लेकर लोगों में जागरूकता काफी बढ़ी है। काफी लोग सुबह जल्दी उठकर वॉकिंग, जॉगिंग और एक्सरसाइज कर रहे हैं। खान-पान में परहेज बरत रहे हैं और टाइट-डाइट प्लान पर अमल कर रहे हैं। लेकिन कभी-कभी इस अनुशासित जीवनशैली से भी इंसान का मन स्ट्रेस्ड और दुखी हो जाता है, तब लगता है कि हमें दुनिया की सारी अच्छी चीजों से दूर रखा जा रहा है। ऐसे में जब अनुशासन ज्यादा लगे तो इसमें ढील देकर रिलैक्स करने में कोई बुराई नहीं।

**सुकून भी है जरूरी:** अपनी जिंदगी में हर उस चीज को दूर रखना, जो आपको पसंद है, आपको कभी स्वस्थ नहीं रख पाएगी। क्योंकि आप हमेशा दुखी और असंतुष्ट रहेंगे, इसलिए विवेकशीलता और संतुलन के साथ इन चीजों को भी शामिल रखें। जो लोग बहुत कठोर एक्सरसाइज और टेस्टलेस हेल्दी डाइट लेते रहते हैं, उनके लिए लेखिका हाना ब्रोंफमैन ने अपनी किताब 'डू व्हाट फील्स गुड- रेसिपीज, रेमेडीज एंड रूटीन टू ट्रीट योर बॉडी राइट' में लिखा है कि तन-मन स्वस्थ रखने के लिए दुनिया के तमाम हेल्थ नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने आत्मिक आनंद और सुकून का ध्यान रखना सबसे ज्यादा जरूरी है।



**फिजिकल-इमोशनल-सोशल बैलेंस जरूरी:** आप अपनी वेलनेस का टारगेट तभी अचीव कर पाएंगे, जब खुद को खुश और आनंदित रखेंगे। सही ढंग से सेहतमंद रहने के लिए जिंदगी के फिजिकल, इमोशनल और सोशल तीनों पहलुओं में संतुलन रखना होगा। आपको फिजिकली फिट रहना है तो एक्सरसाइज करें लेकिन खुद को कष्ट न दें। एंज्वॉय करते हुए डांस, स्विमिंग, बैडमिंटन, रेसिंग, वॉकिंग आदि के माध्यम से फिट रह सकते हैं। आपको चटपटी चीजें खाना पसंद हो तो जरूरी नहीं कि आप होटल रेस्तरां या स्ट्रीट फूड खाएं। आप कभी-कभी घर में अपने हाथ से ताजा चटपटी चीजें, जो शुद्ध तेल-मसालों और सब्जियों, फलों के उपयोग से बनी हो, उन्हें खा सकते हैं। आपको लोगों से मिलना-जुलना, हंसी-मजाक करना और दोस्तों के साथ अड्डा जमाना अच्छा लगता है तो जरूरी नहीं कि आप किसी बार में मिलें। इसके लिए आप किसी अच्छे रेस्तरां में डिनर, लंच या ब्रेकफास्ट पर मिल सकते हैं।

**छोटे कदम उठाएं:** वेलनेस का मूल मंत्र यह है कि आपको जानना चाहिए कि आपके लिए क्या बेस्ट है और आप खुद को स्ट्रेस दिए बिना इसे कैसे अचीव कर सकते हैं? स्ट्रेस देने वाली डाइट, एक्सरसाइज या दूसरे अनुशासन बिल्कुल काम नहीं करते। जो चीजें आपको उदास और परेशान करती हैं वे नुकसान पहुंचाती हैं। मनोचिकित्सक डॉ. संजय गर्ग का कहना है कि मन की स्थिति और विचारों का हमारे एनर्जी लेवल पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। वेलनेस कोच का मानना है कि आपको वेलनेस रिजाइम सेट करने के लिए छोटे-छोटे त्याग शुरू करने चाहिए और हर रोज छोटे छोटे कदम उठाते हुए बैड हैबिट्स को अपने रूटीन से निकालकर अच्छी आदतें विकसित करनी चाहिए।

**ऐसा हो वेलनेस रूटीन:** 80 फीसदी हेल्दी रूटीन और अनुशासन के साथ-साथ 20 फीसदी ढील खुद के मन की चीजों के लिए दें। जिम के बाहर यानी किसी पार्क, हरे-भरे स्थान या सी बीच पर रनिंग/वॉकिंग करने की आदत डालें। वेट कंट्रोल या डाइट कंट्रोल के कठिन लक्ष्य निर्धारित करके खुद को सजा न दें। हेल्दी रूटीन और डाइट पर कंट्रोल की अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों को एंज्वॉय करें।

**सोशल मीडिया से प्रभावित ना हों:** कभी भी सोशल मीडिया पर दी गई सूचनाओं और जानकारियों से प्रभावित ना हों। इनमें से ज्यादातर फेक हो सकती हैं और आप को नुकसान पहुंचा सकती हैं। दूसरों की नकल करने की कोशिश भी ना करें क्योंकि हर व्यक्ति की शारीरिक क्षमता और जरूरतें अलग होती हैं। इसके लिए एक्सपर्ट से कंसल्ट जरूर करें। *

---

**डॉक्टर्स एडवाइस**

**डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल**
सीनियर कंसल्टेंट- इंटरनल मेडिसिन
मैरिंगो एशिया अस्पताल, फरीदाबाद

**स्पेशल: 7 अप्रैल, वर्ल्ड हेल्थ-डे**

हम हेल्दी लाइफ तभी जी सकते हैं, जब इसके प्रति अवेयर होंगे। इसे अपना अधिकार समझेंगे। इसीलिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस वर्ष वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम-माई हेल्थ, माई राइट निर्धारित की है। इसके लिए मुख्य रूप से हमें पौष्टिक-संतुलित भोजन, स्वच्छ वातावरण और शुद्ध पेयजल को अपनाना होगा। इसके लिए हमें किन बातों पर ध्यान देना होगा, आपको जरूर जानना चाहिए।

# हेल्दी लाइफ के लिए हम समझें माई हेल्थ-माई राइट

अन्न, जल, और वायु हमारी मूलभूत जरूरतें ही नहीं, स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। लेकिन आज के दौर में अनजाने ही हम अच्छी सेहत के लिए, जरूरी इन मूलभूत जरूरतों को इस्तेमाल करने के अपने अधिकार को ही दरकिनार करते जा रहे हैं। पर्यावरण के विभिन्न पहलुओं में की जाने वाली छेड़छाड़ की वजह से जलवायु संकट बढ़ रहा है और प्राकृतिक संसाधन दूषित होते जा रहे हैं। फलस्वरूप इनके विशुद्ध रूप का उपयोग करने से हम वंचित हो रहे हैं। वहीं व्यस्ततम आधुनिक जीवनशैली और खान-पान की अस्वास्थ्यकर आदतों की वजह से पोषक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन नहीं कर पा रहे हैं। जिसका खामियाजा बिगड़ती सेहत के रूप में खुद हम ही भुगत रहे हैं। इस वर्ष वर्ल्ड हेल्थ डे के मौके पर डब्ल्यूएचओ ने सभी देशों से 'माई हेल्थ-माई राइट' का आह्वान किया है, ताकि हर व्यक्ति अच्छा पोषण, साफ-सुरक्षित पेयजल और स्वच्छ वायु जैसी मूलभूत जरूरतों का लाभ उठा सके और स्वस्थ जीवन जी सके।

## पौष्टिक-संतुलित भोजन

पोषक और संतुलित आहार, स्वस्थ जीवन का आधार है। ऐसा आहार जिसमें मोटे तौर पर ये दो फूड ग्रुप्स जरूर होने चाहिए- मैक्रो न्यूट्रिएंट्स (कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और फैट्स) और माइक्रो न्यूट्रिएंट्स (विटामिन और मिनरल्स)। आहार से प्राप्त पोषण न केवल रोजमर्रा की गतिविधियों को करने में हमें उर्जा प्रदान करता है, बल्कि शारीरिक-मानसिक विकास के लिए भी जरूरी है। इम्यूनिटी बूस्ट करने, इंफेक्शन से बचाने, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दूर करने में मदद मिलती है। व्यक्ति निरोगी जीवन जी सकता है। खासकर वेगन डाइट से ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थाइरॉयड, हाई कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड जैसी क्रॉनिक डिजीज को कंट्रोल किया जा सकता है। लेकिन आजकल की बदलती जीवनशैली और खान-पान की गलत आदतों की वजह से हमारे खाने की थाली में बदलाव आए हैं। बहुधा पोषक तत्वों की कमी मिलती है, जिसका सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। आवश्यक संतुलित आहार लंबे समय तक न मिलने पर कुपोषण की समस्या आ जाती है, व्यक्ति की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है, जिससे वह आसानी से कई तरह की बीमारियों का शिकार हो सकता है। इनकी कमी से कुपोषण, एनीमिया के अलावा कई बीमारियां होने की संभावना रहती है। जैसे- विटामिन ए की कमी से अंधापन हो सकता है। विटामिन डी की कमी से हड्डियां,दांत और मांसपेशियां कमजोर रह जाती हैं। वयस्कों में थकान, एनीमिया, डिप्रेशन, फैटी लीवर, ऑस्टियोपोरोसिस,उच्च रक्तचाप, दिल के रोग, कैंसर जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है।



## कैसे करें बचाव

प्रोसेस्ड, जंक या फास्ट फूड के बजाय घर के बने खाने को वरीयता दें। संतुलित आहार के लिए अलग-अलग वैरायटी के खाने को शामिल करें। खाने की थाली में इस विविधता से एक तो जायका बढ़ता है, दूसरे पौष्टिक तत्वों में इजाफा भी होता है। हरेक मील में सभी फूड ग्रुप का सेवन करें यानी खाने की प्लेट में एनर्जी देने वाले (कार्बोहाइड्रेट), हड्डियों आदि को मजबूती देने वाले (प्रोटीन, कैल्शियम) और प्रोटेक्टिव (विटामिन और मिनरल) फूड्स होने चाहिए।



## शुद्ध-सुरक्षित पेयजल

पानी मनुष्य को जीवित रहने के लिए बहुत जरूरी है। यहां तक कि मानव शरीर के तकरीबन 70 प्रतिशत भाग में पानी विद्यमान होता है। एक व्यक्ति कुछ हफ़्ते तक बिना खाए रह सकता है, लेकिन पानी के बिना एक सप्ताह रहना भी मुश्किल हो जाता है। बीमारियों से दूर रहने के लिए शुद्ध-सुरक्षित पेयजल जरूरी है। लेकिन आज हमारे सामने पानी का संकट बड़ी समस्या है। इसके पीछे वनों का कटाव, बढ़ता प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और इकोलॉजिकल सिस्टम में असंतुलन मुख्य कारण हैं। दुनिया भर में पानी की कमी वाले क्षेत्रों में करीब 400 मिलियन लोग रहते हैं। करीब 6.5 अरब लोगों को पीने का साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी का नियमित सेवन शरीर के समुचित संचालन के लिए आवश्यक है।

पानी शरीर को हाइड्रेटेड रखता है। पाचन-प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाता है। पोषक तत्वों के अवशोषण में मदद करता है। शरीर में सोडियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स के संतुलन को बनाए रखता है, जो सेलुलर प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है जो तंत्रिका संचार, हृदय कार्य और मांसपेशियों के संकुचन को नियंत्रित करता है। रक्त प्रवाह (जिसमें 83 प्रतिशत पानी होता है) के माध्यम से ऑक्सीजन और पोषक तत्व पहुंचाकर शरीर को पोषण प्रदान करता है। अपशिष्ट और विषाक्त पदार्थों को शरीर से बाहर निकालता है। शरीर का तापमान नियंत्रण करता है।

## स्वास्थ्य पर असर

बैक्टीरिया या वायरस की वजह से प्रदूषित पानी पीने से गैस्ट्रो इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। व्यक्ति को पेट दर्द, डायरिया, उल्टियां, हैजा, टाइफायड, बुखार, हेपेटाइटिस ए जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। जल स्रोत के रसायनों या कीटनाशकों की वजह से कैंसर और हृदय संबंधी दीर्घकालिक बीमारियां होने का जोखिम रहता है।



## कैसे करें बचाव

- प्रदूषित स्थान का पानी न पिएं। पानी उबालकर पिएं।
- फिल्टर, आरो जैसे वॉटर प्यूरीफायर से शुद्ध पानी या क्लोरीन टेबलेट से साफ पानी का इस्तेमाल करें।
- वातावरण को साफ रखें, प्राकृतिक जल स्रोतों में कूड़ा न डालें। गंदा-संक्रमित पानी न पिएं। *

**प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा**

### स्वच्छ वायु भी है बहुत जरूरी





**हम सभी** को जीने, और स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ हवा की भी आवश्यकता है। लेकिन वर्तमान दौर में स्वच्छ वायु बामुश्किल नसीब होती है। वातावरण में मौजूद धूल-मिट्टी के कण, गैस, ईंधन, धुंआ , रसायन जैसे प्रदूषक तत्व हवा को प्रदूषित करते हैं। डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया के 97 प्रतिशत लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने के लिए मजबूर हैं। दूषित वायु से हर 5 सेकेंड में एक व्यक्ति अपनी जान गंवा रहा है।

**स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव:** स्वच्छ वायु न मिलने पर इंफेक्शन होने की संभावना बढ़ जाती है। हवा में मौजूद प्रदूषक तत्व व्यक्ति के श्वसन तंत्र के माध्यम से शरीर तक पहुंचने लगते हैं। शरीर में आक्सीडेटिव तनाव, इंफ्लेमेशन का कारण बनते हैं। जिसकी वजह से शरीर के सभी अंगों, विशेषकर श्वसन तंत्र को प्रभावित करते हैं। म्यूकोसल इम्यूनिटी को हानि पहुंचती है और बार-बार बैक्टीरियल और वायरल इंफेक्शन की संभावना बढ़ जाती है। एलर्जिक सर्दी-खांसी-जुकाम या कफ-कोल्ड की समस्या होने लगती हैं। लंबे समय तक प्रदूषित वायु के संपर्क में रहने पर व्यक्ति को कई तरह के रेस्पिरेटरी इंफेक्शन, अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, सीओपीडी, फेफड़ों में कैंसर, निमोनिया, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक का खतरा रहता है।

**कैसे करें बचाव:** घर से बाहर जाते समय यथासंभव मास्क पहनें, इंडोर एयर को स्वच्छ बनाने के लिए एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करें। वेंटिलेशन का पूरा ध्यान रखें। एयर सर्कुलेशन को अच्छा बनाने के लिए दिन में कम से कम 2 बार कमरे की खिड़कियां-दरवाजे खोलकर रखें। प्रदूषण-रोधी इंडोर प्लांट्स जैस- मनी प्लांट, स्नेक प्लांट, आरीका पाम, रबर प्लांट, एलोवेरा लगाएं। ये पौधे कार्बनडाई ऑक्साइड और वातावरण में मौजूद जहरीली गैसों को अवशोषित कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं। ऑक्सीजन की गुणवत्ता को बेहतर बनाकर वातावरण को साफ रखने में मदद करते हैं।

---

**घरेलू औषधि/ रेखा देशराज**

# गुणों का भंडार लहसुन



अपने देश के पारंपरिक, पारिवारिक और सदियों पुराने व्यंजन से लेकर यूरोप और अमेरिका के आधुनिक मशीन निर्मित स्नैक्स तक में लहसुन का यूज हर जगह होता है। शायद ही दुनिया में किसी और मसाले या हर्ब की इतनी मांग हो, जितनी लहसुन की है। लहसुन को प्रकृति में पाए जाने वाले सबसे गुणकारी खाद्य पदार्थों में से एक माना जाता है। एक तरफ जहां लहसुन हजारों किस्म के व्यंजनों में पड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण और सुगंधित हर्ब है, वहीं दूसरी तरफ यह सैकड़ों तरह की बीमारियों में औषधि का भी काम करता है। यही वजह है कि हर कहीं कई तरह से लहसुन का सेवन किया जाता है।

**प्रमुख तत्व:** लहसुन में एलिसिन नाम का एक तत्व पाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें एक तीखी गंध और इसका तीखा स्वाद होता है। लहसुन में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे-मैगनीज, सेलेनियम, विटामिन सी, विटामिन बी6, एंटीऑक्सीडेंट्स, मिनरल्स और सल्फर यौगिक के अलावा लहसुन में एंजोइन और एलीन कंपाउंड भी पाए जाते हैं, जो इसे एक असरदार औषधि बनाते हैं। लहसुन में संक्रमण दूर करने की अदभुत क्षमता होती है।

**औषधीय उपयोग:** लहसुन में एंटीसेप्टिक, एंटीबैक्टीरियल और एंटीइंफ्लेमेट्री गुण होने के कारण यह औषधियों की खान माना जाता है। आयुर्वेद में इसको औषधियों का राजा माना गया है। लहसुन हमें खांसी और जुकाम से बचाता है। दिल की सेहत को दुरुस्त रखता है। दिमाग की कार्य प्रणाली में सुधार करता है। पाचन को बेहतर बनाता है। इम्यूनिटी बढ़ाता है। ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है।

स्किन में चमक और ताजगी लाता है। हमें कैंसर और अल्सर से बचाता है। आंतों में पल रहे परजीवियों यानी माइक्रोबियल बैक्टीरिया को मारता है। कोलाइटिस और गैसट्रोइंटेस्टटाइनल बीमारियों को रोकता है। हर दिन 2 से 3 लहसुन की कच्ची कलियां सुबह सबसे पहले खाने से अनेक फायदे होते हैं। *

---

**अवेयरनेस**


**डॉ. माजिद अलीम**

नेत्रहीनता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत में 1 से 7 अप्रैल के बीच 'अंधता निवारण सप्ताह' मनाया जाता है। इस अवसर पर यहां बता रहे हैं कि किन सावधानियों के जरिए रोगों से होने वाले ब्लाइंडनेस को रोका जा सकता है?

# सजगता से रोक सकते हैं ब्लाइंडनेस की समस्या

एक शोध के मुताबिक अपने देश में लगभग डेढ़ करोड़ लोग दृष्टिबाधित हैं। अगर पूरी दुनिया की बात करें तो ये करीब 3 करोड़ 70 लाख हैं। देश के कुल दो तिहाई अंधे व्यक्ति आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में हैं। अंधेपन के प्रति लोगों को अवेयर करने के लिए ही 1 से 7 अप्रैल तक 'अंधता निवारण सप्ताह' मनाते हैं। इसका उद्देश्य अंधता को लेकर देशवासियों में जागरूकता बढ़ाना होता है ताकि जो लोग जन्म से अंधे हैं या किसी दुर्घटना के कारण अपनी दृष्टि खो देते हैं, आम लोग उनके प्रति संवेदनशील रहें। साथ ही अंधता के अन्य कारणों से खुद को बचाए रख सकें। इस साल यानी 2024 की थीम है, 'बींग सीन एंड हर्ड', 'उन्हें देखो और समझो' यानी दृष्टिबाधित लोगों की समस्याओं की अनदेखी न करो।

**अंधेपन के कारण:** जन्मजात और एक्सीडेंट में अपनी दृष्टि खोने के अलावा अंधेपन के प्रमुख कारण कुपोषण, ट्रेकोमा और मोतियाबिंद हैं। बच्चों में जहां अंधेपन का प्रमुख कारण विटामिन-ए की कमी होना होता है, वहीं बड़ों में इसका सबसे आम कारण मोतियाबिंद और ग्लूकोमा है। दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष ग्लूकोमा या मोतियाबिंद से जितने लोग प्रभावित होते हैं, उनमें करीब 68 फीसदी भारतीय होते हैं। आंखों में असंतुलित दबाव का नतीजा ग्लूकोमा रोग होता है। आज भी प्रत्येक वर्ष एक लाख से सवा लाख भारतीय इस बीमारी से दृष्टि खो रहे हैं। आमतौर पर ग्लूकोमा का पता तब लगता है, जब बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए अकसर इसके शिकार लोगों की दृष्टि को बचाना मुश्किल हो जाता है। ग्लूकोमा को काला मोतिया भी कहते हैं। इसके चलते अचानक किसी दिन किसी आंख से दिखना बंद हो जाता है। अगर उसी समय योग्य डॉक्टर के पास पहुंच गए तो ग्लूकोमा का निदान संभव है। देर होने पर रोशनी जा सकती है।



**क्या है ग्लूकोमा:** ग्लूकोमा दृष्टि संबंधी ऐसा रोग है, जिसके शुरुआती लक्षण कभी भी नजर नहीं आते, क्योंकि इसमें अपरिवर्तनीय रूप से दृष्टि के नष्ट होने के प्रमुख कारण या चिह्न प्रदर्शित नहीं होते। आंख की कार्यक्षमता एक तरल पदार्थ की निकासी पर निर्भर करती है। इसे एक्यूअस हूमर के नाम से जाना जाता है। ग्लूकोमा के कारण या तो इस तरल पदार्थ के उत्पादन में स्थायी वृद्धि होती है या बेहद कमी हो जाती है। इस असंतुलन के कारण आंख पर पड़ते दबाव में वृद्धि होती है, जिससे रोशनी रिसीव करने वाली नस के लिए खून की सप्लाई कम हो जाती है, जिससे यह नस नष्ट हो जाती है और व्यक्ति को दिखाई देना कम होने यानी दृष्टिदोष और अंधेपन की समस्या उत्पन्न हो जाती है। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसमें जीवनभर देखभाल और उपचार करवाने की जरूरत होती है। आंख के दबाव को नियंत्रण में रखने के लिए कोई स्थायी उपचार नहीं है।



**ऐसे होती है जांच:** ग्लूकोमा की शुरुआती पहचान के लिए तीन तरह की जांच प्रक्रिया होती है- टोनोमीटर द्वारा नेत्र दबाव की माप, ऑप्टिक डिस्क-नेत्र बिंब परीक्षण और दृष्टि के बाहरी क्षेत्र की जांच के लिए विजुअल फील्ड्स की जांच।

**ग्लूकोमा के लक्षण:** थिएटर जैसे अंधकारमय जगह पर देखने में असहजता। नजर के चश्मे के नंबर में जल्दी-जल्दी बदलाव। आंखों की बाहरी दृष्टि का कम होना। सिरदर्द, आंखों में कुछ भाग से दिखाई न देना। प्रकाश के पास इंद्रधनुषी छवि दिखना। आंखों में तेज दर्द, चेहरे में भी दर्द। वमन और जी मिचलाना। दृष्टि पटल पर अंधेरे का अहसास। आंखों में लाली। प्रकाश के चारों तरफ चमक के साथ धुंधली दृष्टि।

**उपचार के तरीके:** ग्लूकोमा का समय पर उपचार दृष्टि को और अधिक बिगड़ने या अंधेपन से बचा सकते हैं। इसके उपचार में आई ड्रॉप्स, दवाइयां, लेजर उपचार, एर्गोन लेजर ट्रेबेक्यूलोप्लास्टी, सेलेक्टिव लेजर ट्रेबेक्यूलोप्लास्टी, ड्रेनेज इंप्लांट सर्जरी आदि शामिल हैं। यह एक ऐसी बीमारी है, जिसके एक बार उभरने के बाद इसे पूरी तरह से ठीक कर पाना तो संभव नहीं है, लेकिन इसका प्रबंधन किया जा सकता है। सर्जिकल ट्रीटमेंट के अंतर्गत वह प्रक्रिया की जाती है, जहां एक ऐसा ओपन एरिया बनाया जाता है, जिसमें आंख के तरल पदार्थ के लिए नया जल निकासी मार्ग बनाया जाता है। इससे आई प्रेशर कंट्रोल में रहता है और आंखें सुरक्षित रहती हैं। *



## आईपीएल पाइंट टेबल


| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 3 | 3 | 0 | 6 |
| कोलकाता | 2 | 2 | 0 | 4 |
| चेन्नई | 3 | 2 | 1 | 4 |
| लखनऊ | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| दिल्ली | 3 | 1 | 2 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 4 | 1 | 3 | 2 |
| मुंबई | 3 | 0 | 3 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
203 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
07 विकेट
चेन्नई

### बाउंड्री मीटर

408 चौके
270 छक्के

# मयंक की गति और सटीक गेंदबाजी से काफी प्रभावित हैं रबाडा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मयंक यादव की तेज गति और सटीक गेंदबाजी से बेहद प्रभावित दक्षिण अफ्रीका और पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा इस तेज गेंदबाजी सनसनी को टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में 'संभावित चयन' के रूप में देखते हैं।

दिल्ली का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी हर मैच में गति के नए कीर्तिमान बना रहा है और मंगलवार की रात उसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी। उन्होंने अपने पहले सत्र में लगातार दूसरी बार मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब जीता जिससे लखनऊ सुपर जाइंट्स को शानदार जीत मिली। रबादा की टीम पंजाब किंग्स को पिछले हफ्ते मयंक की शॉर्ट-पिच गेंदों की बौछार का सामना करना पड़ा था जब पदार्पण करने वाले इस खिलाड़ी ने तीन विकेट चटकाए थे। खेल के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से रबादा की सटीक गेंदबाजी पर बात की।

### मंयक के पास जो है उसे आप खरीद नहीं सकते

रबादा ने कहा, 'उसके पास कुछ ऐसा है जिसे आप खरीद नहीं सकते और वह है उसकी गति। वह इसका फायदा उठा रहा है और काफी अच्छी तरह ऐसा कर रहा है।' उन्होंने कहा, वह जिस लेंथ से गेंदबाजी करता है, उसकी योजना स्पष्ट है और अब बल्लेबाजों को इसका पता चल जाएगा कि वह क्या कर सकता है।



### गति और बेहतर नियंत्रण

रबाडा ने कहा, 'उसके पास गति और नियंत्रण है और वह अपनी भूमिका को समझता है। इसलिए जब आपके पास स्पष्टता है तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वह इस तरह का प्रदर्शन कर रहा है।'

### प्रदर्शन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता

मयंक ने आईपीएल में केवल दो मैच खेले हैं लेकिन अमेरिका और कैरेबिया में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में उनके संभावित चयन को लेकर व्यापक चर्चा हो रही है और रबादा को भी लगता है कि उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### पंजाब किंग्स के प्रति प्रतिबद्ध

आईपीएल 2024 काफी महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि यह जून में टी20 विश्व कप से पहले होगा जहां रबादा दक्षिण अफ्रीका को पहला आईसीसी खिताब दिलाने की कोशिश करेंगे। लेकिन इससे पहले वह इस सत्र में पंजाब किंग्स के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

### मेरा लक्ष्य प्रत्येक मैच खेलना

रबादा ने कहा, 'मेरा लक्ष्य प्रत्येक मैच खेलना है और इस आईपीएल में प्रत्येक मैच के लिए खुद को उपलब्ध रखना है। बाकी कोच और प्रबंधन पर निर्भर है।' रबादा ने कहा, अगर विश्व कप के लिए चुना जाता हूं तो मैं इसमें शामिल होना पसंद करूंगा।

## खबर संक्षेप



### शीर्ष जेसिका पेगुला की संघर्षपूर्ण जीत

**चार्ल्सटन।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हमवतन अमेरिकी अमांडा अनिसिमोवा को 3-6, 6-4, 7-6 (3) से हराया। पेगुला ने मैच में सात ऐस लगाए थे और 15 में से केवल 4 ब्रेक प्वाइंट का फायदा उठाने के बावजूद जीत हासिल की। अनिसिमोवा ने 8 में से 4 ब्रेक प्वाइंट को भुनाया। तीसरी वरीयता प्राप्त मारिया सकारी भी बुल्गारिया की विक्टोरिया टोमोवा को 6-3, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गईं, जबकि पोलैंड की मैग्डा लिनेट ने दूसरे दौर के मैच में बुल्गारिया की दयाना यास्त्रेम्स्का को 0-6, 6-4, 6-3 से हराया।

### चोटिल शिवम मावी आईपीएल से बाहर



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के तेज गेंदबाज शिवम मावी पसली की चोट से उबरने में नाकाम रहे और इस कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में नहीं खेल पाएंगे। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना अंतिम प्रतिस्पर्धी मैच पिछले साल अगस्त में खेला था। वह उत्तर प्रदेश की तरफ से घरेलू सत्र में एक भी मैच नहीं खेल पाए थे लेकिन वह लखनऊ सुपर जाइंट्स के सत्र से पहले लगाए गए अभ्यास शिविर में शामिल हुए थे। मावी पिछले साल अगस्त में चोटिल हो गए थे। लखनऊ की फ्रेंचाइजी ने कहा, 'यह प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज नीलामी के बाद हमसे जुड़ गया था और हमारे सत्र पूर्व लगाए गए शिविर का हिस्सा था। वह इस सत्र के लिए हमारी टीम का अहम हिस्सा था, इसलिए हम और शिवम दोनों निराश हैं कि उनका सत्र इतनी जल्दी खत्म हो गया।'

### अनमोल कजाकिस्तान चैलेंज के प्री क्वार्टर फाइनल में



**अस्ताना।** भारत की युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने हमवतन मालविका बांसोड़ की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को यहां कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल ने मालविका को 59 मिनट तक चले मैच में 21-13, 22-20 से पराजित किया। विश्व में 333वें नंबर की खिलाड़ी अनमोल अगले दौर में इंडोनेशिया की 21 वर्षीय खिलाड़ी नुरानी रातू अज़ाहरा से भिड़ेंगी।

# पंजाब के बल्लेबाजों के सामने आज गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती

### मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात के गेंदबाजों को करना होगा कमाल

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है। दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है।


### गेंदबाजों का जवाब नहीं

पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे।

### बॉडी लाइन गेंदबाजी कर रहे

मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा।





### अर्शदीप भी उम्मीद के अनुरूप नहीं कर पा रहे गेंदबाजी

राहुल चाहर ने भी काफी निराश करते हुए 11.37 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं और वह तो अपने कोटे के ओवर भी पूरे नहीं कर पाए। भारत के डेथ ओवरों के यॉर्कर विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह भी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जिसने पंजाब की मुश्किलों को बढ़ा दिया है।

### टाइटंस ने किंग्स के खिलाफ किया था अच्छा प्रदर्शन

टाइटंस ने गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी योजनाओं को काफी अच्छी तरह से क्रियांवित करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। बल्लेबाज अब तक एकजुट प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन गेंदबाजी इकाई ने शुरुआती मैच में स्कोर का बचाव किया और पिछले मैच में सनराइजर्स को बड़ा स्कोर बनाने से रोककर अपना कौशल दिखाया।

### मोहित ने किया है प्रभावित

मोहित नकल बॉल, धीमे बाउंसर और वाइड यार्कर का काफी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और इस साल आईपीएल में मयंक के अलावा ऐसे तेज गेंदबाज अधिक सफल रहे हैं जो अच्छी धीमी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। इससे शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा जिन्हें गेंद का बल्ले पर आना पसंद है।

### लिविंगस्टोन रहेंगे अनुपलब्ध



पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी। पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं।

### हर्षल पटेल ने सत्र में किया निराश

पंजाब की बल्लेबाजी से अधिक चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है, विशेषकर डेथ ओवरों में। दस लाख डॉलर से अधिक की कीमत पर टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों में से एक हर्षल पटेल ने मौजूदा सत्र में अब तक निराश करते हुए 11.41 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं। उन्होंने अब तक सभी तीन मैच में अपने कोटे के चार ओवर पूरे किए हैं।

खास खबर

## रोनाल्डो की सऊदी में एक और हैट्रिक



**आभा (सऊदी अरब)।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में अपनी दूसरी हैट्रिक लगाई जिसकी मदद से अल नासर ने सऊदी प्रो लीग में आभा को 8-0 से करारी शिकस्त दी। रोनाल्डो ने पहले हाफ में तीन गोल किए और दो गोल करने में मदद की। उनके इस प्रदर्शन की बदौलत सऊदी अरब में नौ बार के चैंपियन अल नासर ने बड़ी जीत हासिल की। पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी की लीग के वर्तमान सत्र में यह तीसरी हैट्रिक है। उन्होंने शनिवार को अल नासर की अल ताई पर 5-1 से जीत के दौरान भी हैट्रिक बनाई थी। वह अभी तक लीग में 29 गोल कर चुके हैं और इस मामले में शीर्ष पर काबिज हैं। इस जीत के बावजूद अल नासर लीग की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है। वह शीर्ष पर काबिज अल हिलाल से 12 अंक पीछे है। लीग में अभी आठ दौर के मैच होने बाकी हैं।

## असाधारण गति से गेंदबाजी कर रहे हैं जोफ्रा आर्चर

**लंदन।** पिछले कुछ समय से चोटिल होने के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर असाधारण गति से गेंदबाजी कर रहे हैं और वह इस साल होने वाले टी20 विश्व कप में वापसी करने के लिए तैयारियों में लगे हुए हैं। आर्चर की काउंटी टीम ससेक्स के कोच पॉल फारब्रेस ने कहा कि यह 29 वर्षीय तेज गेंदबाज इंग्लैंड के ओली रॉबिंसन और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स के साथ गेंदबाजी कर रहे हैं और योजना उन्हें टी20 विश्व कप के लिए तैयार करना है। फारब्रेस ने टेलीग्राफ से कहा,'पिछले सप्ताह अभ्यास के दौरान पहले ओलिवर (रॉबिंसन) और फिर जेडन ने गेंदबाजी की। इनके बाद जोफ्रा गेंदबाजी के लिए आए और उन्होंने असाधारण गति से गेंदबाजी की।' उन्होंने कहा, अभी (जेम्स) कीसी (ससेक्स के गेंदबाजी कोच) की योजना बिल्कुल स्पष्ट है। वह आर्चर को टी20 विश्व कप के लिए तैयार करना चाहते हैं।



# श्रीलंका ने बांग्लादेश को किया क्लीन स्वीप

### दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से दी मात

एजेंसी ▶▶| चटगांव




तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट लिये जिससे श्रीलंका ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया।

श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था तथा दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा। श्रीलंका ने इससे पहले टी20 श्रृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे श्रृंखला में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था। बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए। कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए।

### पाक के खिलाफ न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे ब्रेसवेल

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने अपने शीर्ष खिलाड़ियों के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में व्यस्त होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ इस महीने शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को कप्तान नियुक्त किया है। यह पहला अवसर होगा जबकि 33 वर्षीय ब्रेसवेल न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर और केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं, जबकि आगे के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए टिम साउदी के नाम पर विचार नहीं किया गया। चोटिल होने के कारण ब्रेसवेल पिछले साल मार्च से बाहर थे। उन्होंने दो साल पहले ही अपना पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान है सिंह

# हार्दिक ने करियर को दिशा देने का श्रेय जुगराज को दिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप कप्तान हार्दिक सिंह को अगर अपने मामा और भारत के पूर्व ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह से समय पर सलाह नहीं मिलती तो वह 2017 में ही नीदरलैंड चले जाते जब वह राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे लेकिन सफलता नहीं मिल रही थी। पंजाब के जालंधर के समीप खुसरोपुर गांव के रहने वाली मिडफील्डर हार्दिक ने कहा कि अगर उनके मामा जुगराज उन्हें एकाग्र रहने के लिए प्रेरित नहीं करते तो वह भारत के लिए खेलने का अपना सपना छोड़ने की कगार पर थे।

# निकहत, मनिका और श्रीशंकर को मिली वित्तीय सहायता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



मुक्केबाज निकहत जरीन, लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर, टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और शॉटगन निशानेबाज भवानीश मेंदीरता सहित कई शीर्ष खिलाड़ियों के विदेश में अभ्यास करने के लिए वित्तीय सहायता के आग्रह को खेल मंत्रालय ने बुधवार को यहां बैठक में मंजूरी दी। मुक्केबाज निकहत, प्रीति पवार, प्रवीण हुडा और लवलीना बोर्गोहेन अपने कोच और फिजियो के साथ विशेष अभ्यास शिविर के लिए तुर्की की यात्रा करेंगे।

पहलवान सुजीत (65 किग्रा), दीपक पूनिया (86 किग्रा) और नवीन (74 किग्रा) अप्रैल में एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से पहले अभ्यास के लिए रूस जाएंगे। सभी सहायता मंत्रालय के लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के तहत प्रदान की जा रही है। पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले शॉटगन निशानेबाज मेंदीरत्ता बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप के लिए निजी कोच डेनियल डि स्पिग्नो के साथ अभ्यास के लिए इटली जाएंगे, जबकि एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता श्रीशंकर सुजोउ और दोहा में डायमंड लीग में भाग लेंगे।


**पश्चिम मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग (भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या: EPS/16/2024)**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/ डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/ विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | निविदा मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 38243374 | Snubber Spring (BLC) | 1531 Nos. |
| 2 | 38244175 | 7/8" (22 MM) DIA BULL LOCK BOLT | 35933 Set |
| 3 | 61231142 | WASHER M.S. BLACK PLAIN MACHINED BORE | 600 Kg. |
| 4 | 30241799 | FRP HOUSING WITH HAMMER FOR BREAKING WINDOW GLASS | 157 Nos. |
| 5 | 30241803 | SUPPLY OF BEADING WITH STRUCTURAL GLAZING | 3320 MTR |
| 6 | 30241804 | BALL VALVE | 214 Nos. |
| 7 | 30241800 | DOOR STOPPER FOR LHB COACHES | 225 Nos. |
| 8 | 30241612 | Rubber Door Stop for Body side doors | 3726 Nos. |
| 9 | 38245002 | Supply of CASNUB 22HS Bogie for BOXNHL Wagons | 50 Nos. |
| 10 | 80241059 | Gr.VG -68, Hydraulic Oil | 18900 LTR. |
| 11 | 50235072 | Supply of polythene insulate poythene | 13500 KM |
| 12 | 80241064 | Engine oil SAE 15W 40 APLCI-4 Plus grade lubricant oil | 15330 LTR |
| 13 | 20231653 | MOVING CONTACT BRIDGE COMPLETE | 2384 Nos |
| 14 | 38241820 | Hand Break Bevel Wheel | 1849 Nos. |
| 15 | 38244121 | Round plate bonded with stopper spring | 7079 Nos. |
| 16 | 80241018 | Lubricating Oil | 38010 LTR. |
| 17 | 90231311 | WOOD BASED IMPREGNATED COMPRESSED LAMINATED SHEET | 3087 Nos. |
| 18 | 20235002 | ZINC CROMATED (DIPPING PROCESS) OIL COOLER RADIATOR | 20 Nos. |
| 19 | 38244207 | Slider channel retrofit table sliding door arrangement | 185 Nos |
| 20 | 8123 WCRTP-13 | Manufacture and Supply of Plate screws | 72000 Nos. |

Due Date : क्रमांक 1: 23.04.2024, क्रमांक 2: 26.04.2024 और क्रमांक 03-20: 29.04.2024.

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**विद्युत प्रदाय बन्द रहने की सूचना**

सभी सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि नगर संभाग दक्षिण के आर.ई.एस. एवं पुरवा जोन (एफओसी) पुरवा जोन क्रमांक 9425807329 में 33 के.व्ही. जे- 5 एवं 11 के.व्ही. फीडरों पर लाइन मेन्टेनेंस हेतु निम्नलिखित दिनांको को प्रातः 09:00 से दोपहर 01.00 बजे तक उनके सम्मुख दशार्य गये क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा। समयावधि आवश्यकतानुसार घटाई/ बढ़ाई जा सकती है।

| क्र. | दिनांक एवं दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र | संबंधित अधि. का नाम एवं मोबाइल क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 05/04/2024 (शुक्रवार) | 33 के. व्ही. जे-5 | 33 के.सी. ललपुर उपकेन्द्र, 33 के व्ही. गौर उपकेन्द्र से निर्मित होने वाले फीडर, नगर निगम ललपुर, पीएचई प्लांट एवं आस पास का क्षेत्र। | श्री मनोज वैद्य 9425805886 |
| 2 | | 11 के. व्ही. धनवंतरी नगर | हाउसिंग बोर्ड, गुरूकुल स्कूल, कमेटी हॉल, साई कॉलोनी, गैस गोदाम, मटेले आटा चक्की, एमआईजी सेक्टर, एचआईजी सेक्टर पीएमटी कॉलोनी, महादेव परिसर, पानी की टंकी लालावती ग्राउंड एवं आसपास का क्षेत्र। | श्री पंकज अग्रवाल 9425805820 |
| 3 | 06/04/2024 (शनिवार) | 11 के. व्ही. भिटौली | गीताधाम, भिटौली गांव, दुर्गानगर, जिलहरी घाट, ग्वारीघाट एवं आस पास | श्री मनोज वैद्य 9425805886 |
| 4 | | 11 के. व्ही. गढ़ा-2 | मेडिकल एस.एस से डॉक्टर कॉलोनी, स्वास्तिक ग्रेंड, मडफैया, पटेल ट्रेडर्स आई टाईप कॉलोनी,सर्वेट क्वार्टर, आरएमयू, एवं आसपास का क्षेत्र। | श्री पंकज अग्रवाल 9425805820 |

कार्यपालन अभियंता (न.स.द.)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. जबलपुर



**भारतीय स्टेट बैंक** मुख्य शाखा, कटनी ( म.प्र. )
फोन- 9569818895, 7869110145

**चल सम्पत्ति (वाहन) के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निम्नलिखित वाहन का जहां है, जैसा है, जो है के आधार पर विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

ई-नीलामी की तिथि- 16.04.2024 समयः प्रातः11.00 से सायं 3.00 बजे तक, प्रत्येक 10 मिनिट के असीमित विस्तार के साथ

| क्रं. | ऋणी | चल सम्पत्ति ( वाहन ) का विवरण | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋणी - श्रीमती शिवांगी पाठक पिता श्री राकेश पाठक<br>पता- 20/318 गुरूनानक वार्ड, बरही रोड, कटनी ( म. प्र. ) | निर्माताः Honda Cars India Ltd.<br>मॉडल- Honda City (15VKO MT1-VTEC)<br>रजिस्ट्रेशन नं. - MP21CA6057<br>इंजन नं. - L15Z13301699<br>चेसिस नं.- MAKGM65DBG4200729<br>निर्माण वर्ष- 2016, कलर- White<br>प्रोप. आईडी - SBIN035550572028 | रू. 3,90,000/- | रू. 39,000/- |

वाहन निरीक्षण स्थल- भारतीय स्टेट बैंक, शाखा- मुख्य शाखा, कटनी

नियम एवं शर्तेः- (1) विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। (2) सम्पत्ति की बिक्री ''जहाँ है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। (3) ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिये जिम्मेदार नहीं होगा। (4) विक्रय से संबंधित नियम और शर्तों के ब्यौरे के लिए वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com /auctionhome/ibapi/index.jsp पर देखें। (5) इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई-डी व पासवर्ड स्वयं बनाना है जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई-डी अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। (6) उपरोक्त निविदा सूचना में से सभी को अथवा किसी एक सम्पत्ति की निविदा को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित है।

नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

दिनांक - 04/04/2024 स्थान - कटनी
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा कटनी




### दस करोड़ मानहानि का मामला, अब 7 मई को होना होगा हाजिर

# पूर्व सीएम शिवराज सिंह, बीडी शर्मा व भूपेन्द्र सिंह के खिलाफ जमानती वारंट



**जबलपुर।** राज्यसभा सांसद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विवेक तन्खा द्वारा दायर किए गए दस करोड़ रुपए के मानहानि के मामले में एमपीएमएलए कोर्ट ने पूर्व सीएम शिवराजसिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा व पूर्व मंत्री भूपेन्द्रसिंह के खिलाफ पांच-पांच सौ रुपए का जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट की अवमानना करने पर पिछली डेट को रिवाइज कर तीनों ही नेताओं को एक माह पहले हाजिर होने के लिए आदेश भी दिए है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 7 मई को होगी। जिसमें तीनों को कोर्ट में उपस्थित होना पड़ेगा।

### यह है मामला

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तन्खा ने एमपीएमएलए कोर्ट जबलपुर में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और विधायक भूपेंद्र सिंह के खिलाफ 10 करोड़ की मानहानि का परिवाद दायर किया था। परिवाद में कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट में ओबीसी आरक्षण से संबंधित उन्होंने कोई बात नहीं कही थी। उन्होंने मध्य प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव मामले में परिसीमन और रोटेशन की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में पैरवी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में ओबीसी आरक्षण पर रोक लगा दी तो भाजपा नेताओं ने साजिश करते हुए इसे गलत ढंग से पेश किया। सीएम शिवराज सिंह, वीडी शर्मा और भूपेंद्र सिंह ने गलत बयान देकर ओबीसी आरक्षण पर रोक का ठीकरा उनके सिर फोड़ दिया। जिससे उनकी छवि धूमिल करके आपराधिक मानहानि की है। एमपी एमएलए विशेष कोर्ट ने 20 जनवरी को तीनों के विरुद्ध मानहानि का प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए थे।

### अंडरटेकिंग के लिये उपस्थित न होने पर वारंट जारी

उल्लेखनीय है कि पहले तीनों ही नेताओं को कोर्ट ने इस मामले में 22 मार्च को उपस्थित होने का निर्देश दिया था। लेकिन उस दिन भी तीनों ही नेताओं ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित ना होकर गैरहाजिरी माफी आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसमें स्वयं को लोकसभा चुनाव में व्यस्त बताते हुए एक आवेदन और प्रस्तुत किया। जिसमें उन्हें 7 जून तक का समय दिए जाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने आवेदन स्वीकार करते ही एक शर्त रखी कि वे 2 अप्रैल को स्वयं उपस्थित होकर ये बात कोर्ट के सामने अंडरटेकिंग दे। जिसके बाद 2 अप्रैल को भी जब तीनों ही नेता कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए तो उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री के अधिवक्ता ने न्यायालय में 7 जून को उपस्थित होने का आवेदन दायर किया था जिसे कि खारिज कर दिया गया है। अब तीनों नेताओं को 7 मई को न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना होगा।

### हाईकोर्ट से नहीं मिली थी राहत

दरअसल, विशेष न्यायालय में 22 मार्च की सुनवाई से पहले यह मामला हाईकोर्ट में लगा था। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने तीनों नेताओं को लोकसभा चुनाव की व्यस्तता के आधार पर हाजिरी माफी की व्यवस्था दिए जाने की मांग संबंधी याचिका पर अंतरिम राहत न देते हुए इस सिलसिले में एमपीएमएलए स्पेशल कोर्ट के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करने स्वतंत्र कर दिया था। साथ ही हाईकोर्ट में याचिका की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को निर्धारित कर दी थी।

एनएचएआई अधिकारियों को रिश्वत देने के आरोप मामले में मिली आंशिक राहत

## बंसल कंस्ट्रक्शन के निदेशकों को सशर्त जमानत

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट से बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों अनिल बंसल व कुणाल बंसल को राहत मिली है। जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने मामले में निदेशकों को इस शर्त पर जमानत प्रदान की है वह जांच में पूरा सहयोग करेंगे और गवाहों को किसी भी तरह से प्रभावित नहीं करेंगे। इतना ही नहीं बिना न्यायालय की अनुमति के देश से बाहर नहीं जायेंगे। एकलपीठ ने दस लाख के मुचलके पर उन्हें जमानत प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि सड़क निर्माण का ठेका पाने के लिए एनएचएआई अधिकारियों को रिश्वत देने के आरोप में सीबीआई ने कंपनी के दो निदेशकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। कंपनी और एनएचएआई के कुछ अन्य कर्मचारियों को भी गिरफ्तार किया गया था। भोपाल की सीबीआई विशेष अदालत ने 12 मार्च को कंपनी के निदेशकों की जमानत अर्जी इस टिप्पणी के साथ निरस्त कर दी थी कि उनके विरुद्ध आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। जिसके बाद दोनों निदेशकों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। जिसके बाद बुधवार को सुनवाई दौरान आवेदकों की ओर से कहा गया कि उनके मुवक्किल 3 मार्च से जेल में निरूद्ध है। इतना ही नहीं उन पर सिर्फ आरोप है ऐसे कोई साक्ष्य नहीं है कि उन्होंने अपने कर्मियों को एनएचएआई के कर्मियों को रिश्वत देने के लिये कहा हो। वहीं सीबीआई की ओर से जमानत अर्जी पर विरोध जताया गया। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने दोनों निदेशकों को सशर्त जमानत पर रिहा किये जाने के निर्देश दिये।

## सीओडी गेट में फंसा मिला चीतल



**जबलपुर।** बुधवार की सुबह सेंट्रल ऑर्डनेंस डिपो (सीओडी) के गेट में एक चीतल फंसा हुआ मिला। सुबह जब लोगों ने देखा तो वन विभाग को सूचना दी, विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू टीम के गुलाब सिंह, राम विनोद मांझी व अन्य वन्य कर्मियों ने गेट में फंसे चीतल को निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। उसे पोस्टमार्टम के लिए वेटरनरी कॉलेज- अस्पताल पहुंचाया गया। गौरतलब है कि गर्मी के दिनों में वन्य प्राणी पानी की तलाश में यहां वहां भटकते हैं। अनुमान लगाया जा रहा है इसी कारण से चीतल रहवासी क्षेत्र आया होगा। जहां तार में फंसने से उसकी मौत हो गई। रेस्क्यू टीम का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों के बारे में कुछ कहा जा सकेगा।

हाई कोर्ट ने 27 याचिकाकर्ताओं के हक में सुनाया आदेश

## जन सेवक मित्र के रूप में सेवा विस्तार के दावे पर करें विचार

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने अटल बिहारी बाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण मिशन अंतर्गत जन सेवक (प्रशिक्षु) के रूप में सेवा विस्तार के दावे पर विचार करने के निर्देश दिए। यह जिम्मेदारी मिशन के अरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपी गई है। उन्हें 15 दिन के भीतर निर्णय लेने कहा गया है। इसी के साथ दमोह निवासी अभिलाषा खरे सहित 27 अन्य की याचिका का पटाक्षेप कर दिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी कि गई कि प्रारंभ में याचिकाकर्ताओं को छह माह की अवधि के लिए नियुक्त किया गया था। उनकी नियुक्ति समय-समय पर आगे बढ़ाई जाती रही। अंतिम सेवा विस्तार अगस्त, 2023 में किया गया। वर्तमान में छह माह की सेवा अवधि समाप्त हो चुकी है। लेकिन नियुक्ति को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। बावजूद इसके कि मिशन फिलहाल जारी है। अन्य समान स्थिति वाले कर्मियों को निरंतर रखा गया है। ऐसे में याचिकाकर्ताओं के साथ भेदभाव का रवैया असंवैधानिक है। इसके विरुद्ध अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी को अभ्यावेदन दिया गया था। किंतु कोई लाभ नहीं हुआ। इसीलिए हाई कोर्ट आना पड़ा। बहस के दौरान शासकीय अधिवक्ता ने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं का सेवा में बने रहने का दावा बेमानी है। ऐसा इसलिए क्योंकि उनकी नियुक्ति का आदेश विशिष्ट था और सेवा की प्रकृति पूर्णतया अस्थायी है। महज छह माह का विस्तार करने का प्रविधान नियत था। ऐसे में विस्तार निरंतर रखने का हठ अनुचित है।

### कट्टा, पिस्टल, कारतूस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** गढ़ा और माढ़ोताल पुलिस ने पिस्टल एवं कट्टा खोसे खड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से देशी 1 पिस्टल, 1 कट्टा तथा 2 कारतूस जब्त किए है। गढ़ा थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि सैनिक सोसायटी दानव बाबा मंदिर के सामने गढ़ा निवासी 32 वर्षीय सागर चक्रवर्ती गत रात देशी कट्टा रखे देवताल तालाब के पास खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी सागर चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी कट्टा और एक कारतूस जब्त किया है। इसी प्रकार माढ़ोताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि गत रात पिस्टल रखे खड़े एलआईजी 699 पानी की टंकी के सामने मदर टेरेसा नगर माढ़ोताल निवासी 19 वर्षीय सचिन उपाध्याय को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्टल और एक कारतूस जब्त कर लिया है।

गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाएगा सुसज्जित

## जिला अदालत आडिटोरियम के लिए सात करोड़ 46 लाख स्वीकृत

**जबलपुर ।** भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा ने जिसे एशिया की सबसे बेहतरीन जिला अदालत बिल्डिंग निरूपित किया था, उसके आडिटोरियम को गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुसज्जित करने के लिए हाई कोर्ट द्वारा सात करोड़ 46 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह जानकारी एमपी स्टेट बार कोंसिल के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी ने दी। उन्होंने बताया कि जैसे ही यह राशि राज्य शासन द्वारा खाते में जमा कर दी जाएगी, आडिटोरियम का कार्य गति पकड़ लेगा। इस प्रक्रिया में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। स्टैंडर्ड कंपनी की वस्तुओं से साजावट की जाएगी। ऐसा इसलिए



ताकि इस आडिटोरियम की ख्याति न केवल मध्य प्रदेश बल्कि देश-दुनिया में फैले। उन्होंने बताया कि जब नया जिला अदालत भवन बनाया गया था, तब उसमें सर्वसुविधायुक्त आडिटोरियम की व्यवस्था दी गई थी। किंतु लंबे समय से उसकी सजावट का कार्य लंबित होने के कारण अधिवक्ता समुदाय उपयोग नहीं कर पा रहा था। विभिन्न कार्यक्रम वैकल्पिक रूप से दूसरी जगहों पर करने पड़ रहे थे। इसीलिए जिला बार अध्यक्ष रहते हुए समय-समय पर प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के साथ पत्राचार जारी रखा गया। जिसका यह नतीजा हुआ कि हाई कोर्ट ने मांग को गंभीरता से लिया। लिहाजा, हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के प्रति अधिवक्ता समुदाय आभार ज्ञापित करता है।

## बादलों की बसाहट के बीच तापमान में आंशिक उछाल


*चुभने लगा दिन में धूप का तीखापन*

**जबलपुर।** जबलपुर में मौसम फिलहाल शुष्क बना हुआ है और अगले 24 घंटों तक भी शुष्क रहेगा। आगामी रविवार से एक बार फिर जबलपुर में मौसम के मिजाज बदलने के आसार बन रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो तेज हवाओं के बीच बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम शुष्क होने की वजह से तापमान भी स्थिर रहा, आंशिक उछाल ही दर्ज की जा सकी। उत्तर पश्चिम हवाओं ने कभी ठंडक तो कभी गर्मी का अहसास कराया। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर बने चक्रवात के कारण जबलपुर, मण्डला, सिवनी में हवा के कम दबाव वाला क्षेत्र बना



हुआ है। बादलों की हल्की परत भी छाई हुई है। दिन में धूप का तीखापन गर्मी का अहसास कराता है, वहीं रात में उत्तरी हवाएं शीतलता प्रदान करती हैं। मौसम के मिजाज अभी स्थिर नहीं है। लो प्रेशर हावी हुआ तो बूंदाबांदी भी हो सकती है।

मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर व संभाग के जिलों में मौसम शुष्क होने के कारण तापमान रफ्तार ले रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान 39.0 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य रहा। हवा में नमी प्रातकाल 34 प्रतिशत और सायंकाल 22 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.59 बजे और सूर्यास्त शाम 6.27 बजे हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 36.04 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 18.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 40 डिग्री तापमान खंडवा में और सबसे कम 16 डिग्री न्यूनतम शहडोल में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240